19 नवंबर 2024
मंगलवार

केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



नालंदा में पति-पत्नी की हत्या कर शव जलाया, जांच में जुटी पुलिस

2

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ

एनडीए सरकार बनने पर घुसपैठियों को लात मारकर निकालेंगे: मुख्यमंत्री योगी

- यूपी के सीएम ने चुनाव प्रचार के आखिरी दिन झारखंड में की तीन रैली
- बोले- झामुमो मंत्री व कांग्रेस सांसद के घर मिलते हैं झारखंड के विकास के लिए आए करोड़ों रुपये

केटी न्यूज/जामताड़ा/देवघर

यूपी के सीएम योगी चुनाव प्रचार के आखिरी दिन झारखंड में रहे। कांग्रेस, झामुमो व राजद पर हमलावर सीएम ने कहा कि झारखंड के विकास का जो सपना अटल जी ने देखा था, इन पार्टियों ने उस पर पानी फेर दिया। प्राकृतिक रूप से धनी झारखंड भौतिक विकास में पिछड़ गया। झारखंड की जनता गरीब ही रह गई। लेकिन इन पार्टियों के नेता



के घरों में नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं। कांग्रेस सांसद व झामुमो मंत्री आलमगीर-उसके नौकरों के घर करोड़ों रुपये मिले, जिसने गिनते-गिनते मशीन गर्म हो गई। एक-दो नहीं, बल्कि 70 मशीनें मंगाई गई। यह पैसा कांग्रेस, झामुमो व राजद का नहीं, बल्कि मोदी जी द्वारा झारखंड के विकास के लिए भेजा गया था। इन्होंने जितना लूटा है, 23 नवंबर के बाद एक-एक पाई का हिसाब होगा। यह पैसा झारखंडवासियों के घर आएगा। सीएम ने विश्वास दिलाया कि एनडीए सरकार बनने के बाद घुसपैठियों को लात मारकर निकालेंगे। जहां भी डबल इंजन सरकार, वहां घुसपैठियों के लिए जगह नहीं सीएम योगी ने कहा कि राजमहल, साहबगंज व आसपास के क्षेत्र को बांग्लादेशी घुसपैठियों व रोहिंग्या मुसलमानों का अवैध गढ़ बनाने का काम हो रहा है, लेकिन जिन राज्यों में भाजपा नेतृत्व की

यूपी में लव-लैंड जेहाद करने वाले का यमलोकपुरी का कटता है टिकट

सीएम ने कहा कि देवघर का कंकड़-कंकड़ शंकर है। श्रावण मास में उत्तर प्रदेश से यहां लाखों श्रद्धालु आते हैं। उन्होंने अपील की कि बाबा की नगरी में बाबा का भक्त ही जीतकर जाना चाहिए। झामुमो, कांग्रेस व राजद पर हमला करते हुए योगी ने कहा कि राजनीतिक स्वार्थ के लिए यह लोग आपके जीवन, सुरक्षा और भोलीभाली बेटियों के इज्जत से खिलवाड़ करते हैं। लव जेहाद को बढ़ावा दे रहे हैं। लैंड जेहाद के नाम पर जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। यूपी में लैंड व लव जेहाद नहीं है, वहां कोई ऐसा करेगा तो उसका यमलोकपुरी का टिकट कटता है। उसे धरती माता में भी जगह नहीं मिलती है। सीएम योगी ने यहां सांसद निशिकांत दुबे के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जब हम कहते थे कि रामलला एंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे तो यह लोग कहते थे कि तारीख नहीं बनाएंगे। हम लोगों ने मंदिर भी बना दिया। अब बाबा विश्वनाथ व कृष्ण कन्हैया भी चुप बैठने वाले नहीं हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पहली रैली राजमहल विधानसभा क्षेत्र में की। यहां से विधायक अनंत ओझा को टिकट मिला है। सीएम की दूसरी रैली नाला विधानसभा क्षेत्र में हुई। यहां से भाजपा ने माधव चंद्र महतो को मैदान में उतारा है। तीसरी जनसभा देवघर में हुई। यहां सीएम ने विधायक व प्रत्याशी नारायण दास के पक्ष में रैली कर उन्हें फिर से विधानसभा भेजने की अपील की।सीएम योगी ने कहा कि दुश्मन 2014 के पहले घुसपैठ करते थे, लेकिन आज वे भारत में घुसने का दुस्साहस नहीं कर सकते। यह लोग अवैध माइनिंग कराते हैं, लेकिन गरीब एक ट्रॉली बालू के लिए तरसता है। खनन-बालू माफिया झारखंड को खोखला बना रहे हैं, जबकि यूपी में माफिया पर सख्ती है।

भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बताया 'छोटा पोपट'

एजेंसी/नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक है तो सेफ है नारे पर टिप्पणी के बाद भाजपा ने इसका पलटवार किया। उन्होंने राहुल गांधी को छोटा पोपट कहा। ऐसा कहा जाता है कि यह शब्द शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे ने उनका मजाक उड़ाने के लिए रखा था। पार्टी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की जहरीले सांपों को मार देना चाहिए वाली टिप्पणी के लिए भी उनकी आलोचना की। भाजपा सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि यह कांग्रेस की आपातकालीन मानसिकता को दशार्ता है, जो प्रतिद्वंद्वियों की तुलना सांपों से करती है और उनके खिलाफ हिंसा भड़काती है। इससे पहले राहुल गांधी ने मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए भाजपा के नारे और अदाणी समूह को दी जा रही धारावी पुनर्विकास परियोजना के बीच संबंध का दावा करते हुए दो पोस्टर दिखाए। राहुल गांधी के प्रेस कॉन्फ्रेंस पर भाजपा नेता संबित पात्रा ने कहा कि यह एक निचले स्तर की प्रेस कॉन्फ्रेंस थी। आज मैं इस मंच से राहुल गांधी की भाषा में कहता हूं कि कांग्रेस को छोटा पोपट ने चौपट किया है। उस छोटा पोपट का नाम राहुल गांधी है।

खबरें फटाफट

नोएडा में पाइलिंग के दौरान गिरी 3 मंजिला बिल्डिंग

नोएडा। नोएडा से इस वक्त की बड़ी खबर आ रही है जहां खाली प्लॉट में पाइलिंग के दौरान पड़ोसी का तीन मंजिला इमारत गिर गया। गिरने से कई लोगों के मलबे में दबे होने आशंका जतायी जा रही है। इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। राहत और बचाव कार्य जारी है।घटना नोएडा के बहलोलपुर गांव की है जहां सेक्टर 63 थाना इलाके में हनुमान मंदिर के पास खाली जमीन में नींव खोदी जा रही थी। तभी नींव खोदने के दौरान पास में स्थित 3 मंजिला बिल्डिंग भरभराकर गिर पड़ा। इस दौरान भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी। आनन-फानन में मलबे से दो लोगों को निकाला गया और उसे इलाज के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। ऐसी आशंका जतायी जा रही है मलबे में और लोग फंसे है। फिलहाल मौके पर मौजूद पुलिस जेसीबी की मदद से मलबे को हटाने में जुटी है।

पप्पू यादव को फिर मिली जान से मारने की धमकी

पूर्णिया। पूर्णिया सांसद पप्पू यादव को लगातार जान से मारने की धमकी मिल रही है। इस बार उन्हें ये धमकी व्हाट्सएप कॉल और टेक्स्ट मैसेज से मिला है। यह धमकी पाकिस्तान से आया है। खुद को गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई गैंग का सदस्य बताते हुए धमकी देने वाले ने 9 सेकेंड का एक धमकी से भरा वीडियो भी जारी किया है। 9 सेकेंड का धमकी से भरा वीडियो भेजते हुए धमकी देने वाले ने कहा है कि तुम दोनों (पप्पू यादव और उसके पुत्र सार्थक रंजन) पर मेरी नजर है। 24 दिसंबर से पहले तुमको सरप्राइज मिल जाएग। लॉरेंस भैया ने तुम्हें कॉल किया था, तो तुमने कॉल क्यों नहीं उठाया।

मणिपुर के 5 जिलों के 6 थानों में फिर से आर्म्ड फोर्सेस स्पेशल प्रोटेक्शन एक्ट लागू कर दिया गया

मणिपुर में फिर भड़की हिंसा के बाद लगा कर्फ्यू, भेजा गया अतिरिक्त पुलिस फोर्स

- मणिपुर हिंसा- सुरक्षाबलों की गोली से एक प्रदर्शनकारी की मौत
- भाजपा सरकार में शामिल नेशनल पीपुल्स पार्टी ने समर्थन लिया वापस

केटी न्यूज/नई दिल्ली

इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्व में कर्फ्यू लगाए जाने के बीच, मणिपुर सरकार, सचिवालय उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग ने इन जिलों में राज्य विश्वविद्यालयों समेत संस्थानों, कॉलेजों को मंगलवार तक बंद करने की घोषणा की है। यह निर्णय मणिपुर सरकार के राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने इस महीने के पहले दो हफ्तों में मणिपुर में हुई हालिया हिंसा से जुड़े तीन प्रमुख मामलों की जांच अपने हाथ में ले ली है, जिसके कारण जानमाल का नुकसान हुआ और सार्वजनिक व्यवस्था में व्यापक व्यवधान हुआ। एजेंसी ने गृह मंत्रालय (एमएचए) की तरफ से हाल ही में जारी निर्देश के बाद मणिपुर पुलिस से ये मामले अपने हाथ में ले लिए क्योंकि तीनों मामलों से जुड़ी हिंसक गतिविधियों के कारण पहाड़ी राज्य में घटनाएं बढ़ गई थीं, जिससे मौतें हुईं और महत्वपूर्ण सामाजिक अशांति हुई।

इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्व में लगाए गए कर्फ्यू

मणिपुर में जारी हिंसा एक बार फिर बढ़ गई, जिसके चलते मणिपुर पुलिस ने इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्व दोनों जिलों में कर्फ्यू लगा दिया। छह शव मिलने के बाद कर्फ्यू लगाया गया। बढ़ती हिंसा के चलते राज्य सरकार ने सात जिलों में इंटरनेट सेवाएं भी बंद कर दी हैं। खास तौर पर मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के आवास और राजभवन के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है, प्रभावित इलाकों में वाहनों की आवाजाही सीमित देखी गई। जिरीबाम पुलिस स्टेशन में सशस्त्र उग्रवादियों की तरफ से जिरीबाम क्षेत्र में एक महिला की हत्या के संबंध में दर्ज किया गया था। इसके बाद स्थिति बिगड़ गई।



50 पुलिस कंपनियों को भेजने का लिया निर्णय

गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को राज्य के सुरक्षा हालात का रिव्यू करेंगे। इसके बाद नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी को मणिपुर हिंसा से जुड़े 3 मामलों की जांच करने का निर्देश दिया। केंद्र सरकार ने हालात पर काबू पाने के लिए सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स की 50 कंपनियां (5 हजार जवान) मणिपुर भेजने का फैसला लिया है। वहीं दूसरी ओर 60 सदस्यों वाली मणिपुर विधानसभा से नेशनल पीपुल्स पार्टी ने अपना समर्थन वापस ले लिया है। विधानसभा में नेशनल पीपुल्स पार्टी के 7 सदस्य हैं। जो भाजपा सरकार को समर्थन दे रहे थे। भाजपा के पास 32 सदस्य हैं, जबकि बहुमत का आंकड़ा 31 है। ऐसे में सरकार को फिलहाल खतरा नहीं है। मणिपुर सरकार ने सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम वापस लेने की मांग की। मणिपुर सरकार ने केंद्र से सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम वापस लेने को कहा है। हिंसा के कारण केंद्र सरकार ने 14 नवंबर को इंफाल वेस्ट, इंफाल ईस्ट, जिरीबाम, कांगपोकपी और बिष्णुपुर जिलों के सेकमाई, लामसांग, लामलाई, जिरीबाम, लीमाखोंग और मोइरांग पुलिस थाना इलाकों में सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम लगाया था।

बोले खड़गे... मणिपुर की जनता मोदी को नहीं करेंगी माफ

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि भाजपा चाहती है कि मणिपुर जले। वह नफरत और बांटने वाली राजनीति कर रही है। 7 नवंबर से अब तक राज्य में 17 लोगों की जान जा चुकी है। कई अन्य जिलों में हिंसा भड़क रही है। मणिपुर के मामले में आप (पीएम मोदी) फेल रहे। अगर कभी भविष्य में आप मणिपुर गए तो वहां के लोग कभी आपको माफ नहीं करेंगे। वे कभी ये नहीं भूलेंगे कि आपने उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया। वहीं दूसरी ओर कुकी-मैतेई के बीच चल रही हिंसा को लगभग 500 दिन हो गए। इस दौरान 237 मौतें हुईं, 1500 से ज्यादा लोग जख्मी हुए, 60 हजार लोग घर छोड़कर रिलीफ कैंप में रह रहे हैं। करीब 11 हजार एफआईआर दर्ज की गईं और 500 लोगों को अरेस्ट किया गया। महिलाओं की न्यूड परेड, गैंगरेप, जिंदा जलाने जैसी घटनाएं हुई है।

हरियाणा में धुंध में 13 गाड़ियां टकराईं, एसी बस में यात्री बाल-बाल बचे, हादसा टला

हिसार। हरियाणा में घनी धुंध के बीच हिसार और कैथल में 13 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इनमें हरियाणा रोडवेज की अउ बस भी शामिल है। हिसार में गाड़ियां भिड़ने की वजह से बस-कारों में सवार लोग बाल-बाल बचे। वहीं कैथल में टक्कर के बाद कार में आग लग गई। इनमें 2 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रदेश के दूसरे जिलों में भी धुंध की वजह से विजिबिलिटी 50 से 100 मीटर के बीच पहुंच गई है। जिसकी वजह से सड़क पर हादसों का खतरा बना हुआ है। वहीं हालात बिगड़ते देख हरियाणा के 5 जिलों के प्राइमरी स्कूलों को बंद कर दिया गया है। इन जिलों में रोहतक, सोनीपत, नूंह, झज्जर और पानीपत शामिल हैं। उधर, पंजाब में भी हाईवे पर विजिबिलिटी कम होने के चलते रविवार रात और सोमवार सुबह 2 सड़क हादसे हुए हैं, जिसमें करीब 6 वाहन आपस में भिड़ गए। इनमें एक स्कूल बस भी शामिल है। हिसार में 5 वाहन आपस में भिड़े, यात्री दूसरी बस के लिए परेशान हुएहिसार के बरवाला में सोमवार सुबह गैबीपुर फ्लाईओवर पर एक के बाद एक 5 वाहन आपस में भिड़ गए। यहां एक ट्रक जब फ्लाईओवर पर जा रहा था, तो अचानक से उसने ब्रेक ले ली। जिससे उसके पीछे चली आ रही एक गाड़ी उससे टकरा गई। जब उस गाड़ी का ड्राइवर नीचे उतरकर नुकसान देख रहा था तो पीछे से आ रही एक और कार आकर टकरा गई। इसके बाद एक और गाड़ी पीछे आ टकराई। इसी दौरान पीछे से हरियाणा रोडवेज की एसी बस भी आ रही थी। उसका ड्राइवर भी धुंध की वजह से एक्सीडेंट के बारे में नहीं जान पाया और बस कार से टकरा गई। इससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। हालांकि गनीमत यह रही कि धुंध की वजह से सभी गाड़ियां कम स्पीड से चल रहीं थी, जिसकी वजह से गाड़ियों का तो नुकसान हुआ लेकिन किसी को ज्यादा चोट नहीं लगी। बस का एक्सीडेंट होने के बाद दूसरी बस के इंतजार में यात्रियों को इंतजार कर परेशान होना पड़ा। धुंध की वजह से सोमवार सुबह हिसार-चंडीगढ़ हाईवे पर 8 गाड़ियां टकरा गईं। इनमें क्रेन, ट्रक, पिकअप समेत 8 गाड़ियां शामिल हैं। इस दौरान जींद के नरवाना के सूर्यप्रकाश की गाड़ी में आग लग गई। जो देखते ही देखते राख हो गई। हालांकि गाड़ी में बैठे दोनों व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकल गया। ड्राइवर को अधिक जख्मी होने के कारण गंभीर अवस्था में कैथल नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान घटनास्थल पर पहुंची कलायत पुलिस की गाड़ी भी हादसे का शिकार होते बाल-बाल बच गई। हादसे के बाद नरवाना निवासी सूर्य प्रकाश ने बताया कि वह साथी के साथ कैथल जा रहा था।

बोले राहुल गांधी... केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र के 7 लाख करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट गुजरात को दिए

एजेंसी/मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के प्रचार का आखिरी दिन है। इस मौके पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस की और केंद्र सरकार और राज्य की महायुति सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने राज्य में चल रही विकास परियोजनाओं, बेरोजगारी, महंगाई और आरक्षण जैसे मुद्दों पर बात की। आइए जानते हैं राहुल गांधी के आरोप और वादों के बारे में। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र के लाखों करोड़ रुपये के बड़े प्रोजेक्ट्स जैसे फॉक्सकॉन और एयरबस को गुजरात में ट्रांसफर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के कारण महाराष्ट्र के युवाओं की नौकरियां छिन गईं और राज्य की अर्थव्यवस्था को नुकसान हुआ। राहुल ने कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य महाराष्ट्र के किसानों, गरीबों और बेरोजगारों की मदद करना है, और ये मुद्दे राज्य में सबसे अहम हैं। राहुल गांधी ने धारावी पुनर्विकास योजना पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि धारावी की भूमि वहां के निवासियों की है, लेकिन सरकार पूरी राजनीतिक मशीनरी का इस्तेमाल एक व्यक्ति की मदद के लिए कर रही है। राहुल ने आगे कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव असल में अरबपतियों और गरीबों की विचारधारा के बीच की लड़ाई है। अरबपतियों को मुंबई की जमीन चाहिए, और एक अरबपति को करीब 1 लाख करोड़ रुपए देने की योजना बनाई जा रही है। राहुल गांधी ने आरक्षण के मुद्दे पर भी बात की और कहा कि कांग्रेस पार्टी अगर सत्ता में आई, तो आरक्षण पर लगी 50 प्रतिशत की सीमा को हटा दिया जाएगा।

पूर्व मंत्री अनिल देशमुख की कार पर पथराव, सिर में लगी चोट

नागपुर। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री अनिल देशमुख के काफिले पर नागपुर जिले में पथराव किया गया है। जानकारी के मुताबिक पूर्व मंत्री अनिल देशमुख इस पथराव में घायल हो गए हैं। नागपुर पुलिस ने इस मामले की पुष्टि की है। पूर्व गृह मंत्री और एनसीपी शरद पवार गुट के नेता अनिल देशमुख पर नागपुर के काटोल में हमला हुआ है, इस दौरान उनकी कार पर कई लोगों ने पत्थरबाजी की। अनिल देशमुख ने कटोल विधानसभा क्षेत्र के कटोल जलालखेड़ा रोड पर कुछ लोगों ने उनकी कार पर पथराव किया।

गैंस चैंबर बनी दिल्ली: पहली बार अति गंभीर हुई हवा, 12 इलाकों में एआईक्यू 500 के पार

दिल्ली में प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट के बाद 12वीं तक स्कूल हुए बंद

एजेंसी/नई दिल्ली

दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर में 12वीं तक से सभी स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया है। आदेश प्राप्त होने के बाद दिल्ली की सीएम ने 12 वीं तक के स्कूल बंद करने का फरमान जारी कर दिया है। कक्षाएं ऑन लाइन माध्यम से संचालित होंगी। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने एनसीआर के राज्यों को सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश भी दिए हैं। वहीं शीर्ष न्यायालय ने इस दौरान दिल्ली सरकार से भी सवाल किया है कि उन्होंने बढ़ते प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए क्या किया है। बता दें कि



न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ दिल्ली और आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। जीआरएपी न लागू करने पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी करते हुए मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है, सुप्रीम कोर्ट ने कहा, प्रदूषण स्तर में खतरनाक बढ़ोत्तरी को देखते हुए सीएक्यूएम ने जीआरएपी तमाम चरणों को लागू करने के बजाय मौसम की स्थिति में सुधार का इंतजार किया। सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान सख्त निर्देश दिया कि बिना कोर्ट से पूछे जीआरपीए -4 के प्रतिबंध न हटाएं जाएं। प्रदूषण पर पहले काबू पाया जाए।

एनसीआर के सभी राज्य सख्ती से जीआरपीए-4 लागू करें

सुप्रीम कोर्ट ने एनसीआर के सभी राज्यों को ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के चरण 4 को सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही, कोर्ट ने एनसीआर के सभी राज्यों को तुरंत टीमें गठित करने का आदेश दिया है जो जीआरपीए चरण 4 के तहत आवश्यक कार्यों की निगरानी करेंगी। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और एनसीआर के सभी राज्यों से कहा है कि वे जीआरपीए-4 में बताए गए कदमों पर तुरंत फैसला लें और इसे अगली सुनवाई से पहले अदालत के सामने प्रस्तुत करें। दिल्ली और एनसीआर के राज्यों को एक शिकायत निवारण तंत्र बनाने का निर्देश दिया गया है।

एआईक्यू 450 से नीचे आने के बाद भी बिना पूछे न हटाएं जीआरपीए-4

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि जीआरपीए-4 तब तक जारी रहेगा। जब तक कोर्ट आगे कोई आदेश न दे, भले ही वायु गुणवत्ता सूचकांक 450 से नीचे आ जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि यह सरकारों का संवैधानिक दायित्व है कि नागरिक प्रदूषण-मुक्त वातावरण में रहें। शीर्ष न्यायालय ने जीआरपीए-3 और जीआरपीए-4 के सभी प्रावधानों के अलावा सरकार को निर्देश दिया है कि स्थिति सामान्य करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। 12वीं तक की कक्षाओं को बंद करने पर तत्काल लें फैसला। इसमें देरी नहीं करें।



डॉल्फिन ने 29 सालों बाद गंगा घाटों पर डाला डेरा, पर्यटकों का बढ़ा आकर्षण

केटी न्यूज/पटना

पटना से 25 किलोमीटर दूर पर फतुहा के त्रिवेणी संगम घाट पर उछलती-कूदती, अटखेलियां करती डॉल्फिन देखने को मिल रही हैं। यह पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। फतुहा में गंगा, पुनपुन के संगम यानी त्रिवेणी घाट पर डॉल्फिन को नजदीक से देखने के लिए लोग नाव का सहारा भी ले रहे हैं। पटना के 99 किमी गंगा नदी में 29 साल बाद गांगेय डॉल्फिनों ने शहर के सटे 6 घाटों पर स्थाई आशियाना बनाया है। इस साल कई घाटों पर 70 से अधिक डॉल्फिन नजर आई हैं। पटना के गाय घाट वाले हिस्से में डॉल्फिन नजर आती हैं। इसके अलावा फतुहा के त्रिवेणी घाट पर सबसे अधिक डॉल्फिन दिखाई दे रही हैं। यहां पर गंगा और पुनपुन नदी का संगम है।



सोमवार को संगम के 1 किलोमीटर के आसपास दायरे में 18 से 20 की संख्या में डॉल्फिन अठखेलियां करती दिखीं। फतुहा त्रिवेणी संगम घाट के आसपास सुबह में 8 से 10 बजे तक या शाम 3 से 5 बजे के बीच में डॉल्फिन को आसानी देखा जा सकता है। इसके अलावा फतुहा के कटैया घाट और मस्ताना घाट पर भी डॉल्फिन को देख सकते हैं। हालांकि इन दोनों जगह पर कभी-कभी डॉल्फिन दिखाई देती है। 5 अक्टूबर 2009 को तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने डॉल्फिन को राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया था। इसके बाद डॉल्फिन को जलीय जीव घोषित कराने का श्रेय पटना विवि के प्रोफेसर डॉ. आरके सिन्हा को दिया जाता है। ताकि इसे सुरक्षित किया जा सके।

फतुहा में उछलती-कूदती दिखीं डॉल्फिन

राष्ट्रीय जलीय जीव गंगा डॉल्फिन महिलाओं की तरह नौ माह तक गर्भ धारण करती है और बच्चे को जन्म देने के बाद स्तनपान कराकर बड़ा करती है। नदी की आहार श्रृंखला में सबसे ऊपर रहने वाली डॉल्फिन की जंगल में बाघ की तरह है। पटना के गांधी घाट से फतुहा के बीच में करीब दो दर्जन डॉल्फिन हैं। देश का आधा और विश्व का 30 प्रतिशत गंगा डॉल्फिन बिहार में है। नदी की आहार श्रृंखला में सबसे ऊपर रहने वाली डॉल्फिन का जंगल में बाघ की तरह नदी में स्थान है। पटना के गांधी घाट से फतुहा के बीच में करीब दो दर्जन डॉल्फिन है। बताया जाता है कि देश में आधा तथा विश्व में एक तिहाई डॉल्फिन बिहार में है।पटना के फतुहा त्रिवेणी संगम घाट के आसपास के लोगों की माने तो त्रिवेणी घाट पर गंगा में डॉल्फिन अठखेलियां करती नजर आती हैं। सुबह में 8 से 10 बजे तक या शाम 3 से 5 बजे के बीच में डॉल्फिन को बड़ी संख्या में देखा जा सकता है। इसके अलावा फतुहा के कटैया घाट और मस्ताना घाट पर भी डॉल्फिन को देख सकते हैं। हालांकि इन दोनों जगह पर कभी-कभी डॉल्फिन दिखाई देती है।

भागलपुर में धार्मिक स्थल पर फहराया गया विशेष रंग का झंडा, तनाव का माहौल

केटी न्यूज/भागलपुर

भागलपुर जिले के ललमटिया थाना क्षेत्र में सोमवार को टमटम चौक स्थित एक धार्मिक स्थल पर विशेष रंग का झंडा फहराने से माहौल तनावपूर्ण हो गया। इस घटना से दो समुदायों के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए, भागलपुर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। घटना की सूचना मिलते ही सिटी एसपी डॉ. के. रामदास समेत कई अन्य अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस और शांति समिति के प्रयासों से तनाव को शांत कराया गया। साजिश की जांच की जा रहीसिटी एसपी डॉ. के. रामदास ने बताया कि धार्मिक स्थल पर लगाए गए झंडे के पीछे की साजिश की जांच की जा रही है। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं और आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है। फिलहाल, स्थिति नियंत्रण में है और क्षेत्र में पुलिस बल तैनात किया गया है। घटना की जड़ काली देवी की प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई एक घटना से जुड़ी है। उस समय एक युवक ने धार्मिक स्थल की बाहरी दीवार पर चढ़कर विशेष रंग का झंडा फहराया था।

जमीन का मालिकाना हक तय करने के लिए सरकार ने उठाया ठोस कदम

नीतीश सरकार ने लाखों एकड़ जमीन का खाता-खेसरा किया लॉक, बिक्री रुकी

- सिर्फ उन जमीन लॉक किया गया है जो पहले सरकारी भूमि थी पर बाद में गलत तरीके से बेच दिया गया

केटी न्यूज/पटना

नीतीश कुमार के जमीन सर्वे को लेकर पहले से कई तरह की आशंकायें जतायी जा रही थी। अब बिहार के लोगों पर नयी गाज गिरी है। सरकार ने लाखों एकड़ जमीन का खाता-खेसरा लॉक कर दिया है। इसका मतलब ये है कि लॉक किये गये जमीन की खरीद-बिक्री नहीं की जा सकेगी। बड़े पैमाने पर जमीन के मालिकाना हक का रिकॉर्ड लॉक करने का मुद्दा बड़े हंगामे का कारण बन सकता है। जमीन का मालिकाना हक तय करने के लिए चल रहे सर्वेक्षण के बीच नीतीश सरकार ने लाखों एकड़ जमीन का खाता-खेसरा लॉक किया है। ताकि उसे कोई अब खरीद या बेच नहीं सके। राज्य सरकार ने इस मसले पर सफाई दी है, लेकिन लोग परेशान हैं। विपक्षी दल आरजेडी ने इसे बड़ा मुद्दा बनाते हुए आंदोलन का ऐलान कर दिया है। लाखों एकड़ जमीन का खाता-खेसरा लॉक करने के मसले पर सरकार की सफाई आयी है। सरकार





ने कहा है कि सिर्फ उन जमीन का खाता-खेसरा लॉक किया गया है जो पहले के रिकॉर्ड में सरकारी भूमि के तौर पर दर्ज थी लेकिन बाद में धोखाधड़ी से उसे बेचा गया है या अवैध कब्जा किया गया है।

बिहार सरकार के राजस्व और भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने कहा है कि जमीन के दस्तावेजों को लॉक करने का सर्वेक्षण से कोई संबंध नहीं है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव ने कहा है कि जिला के स्तर पर लॉक करने का कम हो रहा है और जिला स्तरीय समिति इस पर आने वाली आपत्तियों को देख रही है। सिर्फ उन जमीन को लॉक किया गया है जो पहले के सर्वे में सरकारी थी लेकिन उसे जालसाजी से किसी को बेच दिया गया है या उसका अतिक्रमण कर लिया गया है। एसीएस दीपक कुमार सिंह ने एक जमीन लॉक होने के बाद उस पर मालिकाना हक का दावा करने वालों को अपने पेपर दिखाने के लिए पर्याप्त समय दिया जा रहा है। 90 दिन के बाद वो जिला भूमि ट्रिब्यूनल में जा सकते हैं। दस्तावेज की जांच में बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। ताकि जालसाजी रूके।

7 सौ फाइल और कंप्यूटर लेकर भागी पटना की डीसीएलआर

बिहार सरकार ने पटना सदर में डीसीएलआर के पद पर मैत्री सिंह नाम की अधिकारी को तैनात कर रखा था। इसी साल 22 अक्टूबर को उनका ट्रांसफर कर दिया गया था। मैत्री सिंह के ट्रांसफर के बाद जब जमीन से संबंधित विवाद को लेकर आम लोग डीएम कार्यालय का चक्कर काटने लगे तो मामले की कलई खुली। करीब एक महीने बाद पटना के डीएम चंद्रशेखर सिंह ने उनके कारनामे की जानकारी सरकार को देते हुए कार्रवाई की अनुशंसा की है। बता दें कि भूमि सुधार उप समाहर्ता जमीन से संबंधित मामलों में बेहद अधिकारी होती है। सीओ के स्तर पर दाखिल खारिज से लेकर भूमि विवाद के मामलों में लिये गये फैसले को भूमि सुधार उप समाहर्ता के पास ही चुनौती दी जाती है। सरकार के मौजूदा लैंड सर्वे में भी भूमि सुधार उप समाहर्ता का पद बेहद महत्वपूर्ण है। बैकडेट में आर्डर करने के लिए फाइल लेकर भागी है।

आरजेडी ने आंदोलन का ऐलान किया

नीतीश सरकार की इस कार्रवाई के बाद विपक्षी पार्टी आरजेडी ने आंदोलन का ऐलान कर दिया है। बक्सर से आरजेडी के सांसद सुधाकर सिंह ने कहा कि सरकारी जमीन के नाम पर जिला स्तर पर बड़े पैमाने पर जमीन के रिकॉर्ड को लॉक करना एक अजीब कदम है। जिनके नाम पर जमीन है, उन्हें कोई नोटिस तक नहीं दिया गया है। सुधाकर ने कहा कि व्यापक स्तर पर खाता-खेसरा लॉक करने से हजारों लोग कोर्ट जाने को मजबूर होंगे और इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। सुधाकर सिंह ने कहा कि लाखों एकड़ जमीन को लॉक करने के खिलाफ अगर लोग कोर्ट जाने लगते हैं और कुछ तो चले भी गए हैं तो समझिये कि कोर्ट पर कितना बोझ पड़ेगा। ऐसे लाखों केस को निपटाने में कोर्ट का कितना समय लगेगा। इसमें एक सौ साल तक का समय लग सकता है। हर जिले में लगभग 25 हजार एकड़ जमीन के औसतन 10 से 15 हजार खाता-खेसरा लॉक किए गए हैं। जमीन राष्ट्रीय संपत्ति है लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि सरकार उसकी मालिक है। सरकार का काम है। जमीन की प्रकृति तय करना।

बिहार को बर्बाद करने में लालू परिवार का हाथ : सम्राट चौधरी

पटना। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मानसिक तौर पर बीमार बताया है। बिहटा में सरदार पटेल की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि देश को पिछड़ा करने में गांधी परिवार और बिहार को बर्बाद करने में लालू परिवार दोषी हैं।राहुल गांधी का बयान मुंबई स्थित धारवी के विकास के लिए कांग्रेस ने नींव रखी थी। शिंदे सरकार ने इस काम को आगे बढ़ाने का काम किया। इस पर सम्राट चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी मानसिक तौर पर बीमार हो चुके हैं। पिछले तीन बार से चुनाव हारते आ रहे हैं। जिसके कारण इस तरह का बयान दे रहे हैं। उनके पिताजी ने किस तरह से मंडल कमीशन का विरोध किया था। यह उनको याद भी नहीं होगा।यहां तक उनके परदादा, दादा, दादी और मां ने भी इसका विरोध किया था। वो कितने लोगों से माफी मांगेंगे। मौजूदा समय में अगर हमलोग दुनिया के मानक पर खड़े नहीं हैं तो इसके लिए दोषी सिर्फ और सिर्फ गांधी परिवार हैं। जिस तरह से देश को बर्बाद करने में गांधी परिवार का हाथ है। वैसे ही बिहार को बर्बाद करने में लालू परिवार का दोष है।सम्राट चौधरी ने आगे कहा कि देश में बीजेपी सरकार बनने के बाद मंडल कमीशन लागू हुआ। राहुल गांधी के पिता राजीव गांधी तो लगातार इसका विरोध करते रहे। अगर इनलोगों ने मंडल कमीशन को पास किया होता तो आज भारत सरकार के सेक्रेटरी ओबीसी समाज से होता।

एक नजर

समकालीन अभियान में 136 अभियुक्त गिरफ्तार, भारी मात्रा में शराब जब्त

दरभंगा। बिहार के दरभंगा जिले में चलाए गए समकालीन अभियान में पुलिस ने 136 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में शराब जब्त की है। वरीय पुलिस अधीक्षक जगुन्नाथ रेड्डी जलारेड्डी ने सोमवार को बताया कि 16 नवंबर से 17 नवंबर तक उनके दिशा निर्देशन में अवैध नशीले पदार्थ के निर्माण, बिक्री, भंडारण, परिवहन एवं शराब कांड समेत अन्य कांडो में गिरफ्तारी के लिए चलाए गए विशेष समकालीन अभियान के तहत 136 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 9.300 लीटर विदेशी शराब एवं 257.800 लीटर देशी शराब और दो बाइक जब्त की गई है। रेड्डी ने बताया कि सदर पुलिस अनुमंडल अंतर्गत शराब कांड में गिरफ्तारी 03, शराब पीने में 08, अन्य कांड में 02, गैर जमानती वारंट में 12, जमानती वारंट में 27 समेत कुल 52 अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई एवं 26.400 लीटर देशी शराब बरामद की गई है। वहीं कमतौल पुलिस अनुमंडल अंतर्गत अन्य कांड में 01, शराब कांड में 01, गैर जमानती वारंट में 14 समेत कुल 16 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई एवं 6.12 लीटर विदेशी शराब और 4 लीटर देशी शराब एवं 01 स्कूटी बरामद किया गया है।

छह माह में करोड़ों की ठगी, रकम तीन गुना करने का झांसा देकर फरार हुई कंपनी

मुंगेर। मुंगेर के जमालपुर थानाक्षेत्र के दौलतपुर स्थित जॉलीवुड म्यूजिक इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने छह महीनों में निवेशकों से करीब 15 करोड़ रुपये की ठगी कर डाली। रकम तीन गुना करने का प्रलोभन देकर सैकड़ों लोगों से पैसे ऐंठने वाली यह कंपनी अब फरार हो चुकी है। मामले का खुलासा होने पर पुलिस और जनता दोनों हैरान हैं। जानकारी के मुताबिक, कंपनी ने जमालपुर के केएस कॉम्प्लेक्स में ऑफिस खोलकर अपनी गतिविधियां शुरू की थीं। निवेशकों से 1.31 लाख रुपये से लेकर 2.56 लाख रुपये तक प्रति आईडी निवेश कराए गए। कंपनी ने भारी रिटर्न और गिफ्ट का लालच देकर 100 से अधिक स्थानीय निवेशकों को अपने जाल में फंसा लिया। कई लोगों को फोर-व्हीलर और बाइक गिफ्ट दी गईं, जिससे और ज्यादा लोग कंपनी से जुड़ते चले गए। बताया जा रहा है कि सोमवार को निवेशकों ने कंपनी के ऑफिस पहुंचने पर ताला लगा पाया। पुलिस की जांच में सामने आया कि कंपनी के चेयरमैन जितेंद्र कुमार राजीव और अन्य अधिकारी फरार हो चुके हैं। कॉम्प्लेक्स के मालिक अरविंद ने भी बताया कि कंपनी ने चार महीने का किराया बाकी रखा है और उसने भी तिगुनी रकम के लालच में निवेश किया था। ठगी में स्थानीय लोगों की भी भूमिका उजागर हुई है। सारोबाग और नया टोला फुलका गांव के लोग कंपनी के एजेंट और अधिकारी के रूप में काम कर रहे थे। इन लोगों ने निवेशकों को मीठे वादे और ऊंचे ब्याज का झांसा देकर कंपनी में पैसा लगवाया।

नालंदा में पति-पत्नी की हत्या कर शव जलाया, जांच में जुटी पुलिस

केटी न्यूज/नालंदा

नालंदा में घर में पति-पत्नी की हत्या कर शव को जलाया गया है। सिर और हाथ का कुछ हिस्सा जलने से बचा है, बाकी शव जल चुका है। मामला छबीलापुर थाना क्षेत्र के दोगी गांव का है। मृतकों की पहचान दोगी गांव निवासी विजय प्रसाद (54) और उनकी पत्नी कांति देवी (50) के रूप में की गई। घटना के बारे में मृतक के बेटे विपिन कुमार ने बताया कि वह अपने घर से सुबह पैदल दूसरे मकान में पहुंचा, जहां माता-पिता रह रहे थे। दरवाजा खुला हुआ और नाली से खून बह रहा था। जैसे ही घर के अंदर गया तो देखा कि मम्मी-पापा आग की लपट में थे। उसके बाद भाइयों को फोन कर बुलाया। फिलहाल घटनास्थल पर भारी संख्या में ग्रामीण जुटे हुए हैं। ग्रामीण राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि सुबह गांव में यह शोर हुआ कि विजय महतो की मौत हो गई। जब विजय महतो के घर पहुंचे तो देखा कि दोनों पति-पत्नी आग में जल रहे हैं। आसपास के कमरों में किसी तरह के



आपत्तिजनक चीज दिखाई नहीं दी। यहां देखा कि दंपती के ऊपर बिजली का तार गिरा हुआ है।मौके पर पहुंची छबीलापुर थाना की पुलिस ने कमरे को सील कर दिया है और फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड टीम को बुलाया गया है।जिस प्रकार खून के छींटें कमरों में फैले हुए हैं। इससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि किसी ने पहले हत्या की और शव को जलाकर इसे हादसे का रूप देने का प्रयास किया गया है। घर के दो गेट में से एक गेट अंदर से बंद था जबकि दूसरा खुला हुआ था।मौके पर पहुंचकर छबीलापुर थाना की पुलिस ने कमरे को सील कर दिया है।

बूथ स्तर पर चल रहा है सदस्यता अभियान : उपेंद्र

समस्तीपुर। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने कहा है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की मजबूती के उद्देश्य से उनकी पार्टी बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान चलाकर लोगों को जोड़ रही है। कुशवाहा चौथे बिहार यात्रा के दौरान समस्तीपुर परिसदन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश में पार्टी द्वारा संगठन की मजबूती के लिए यात्रा के साथ-साथ सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संबंधित इलाकों से उनका फीडबैक भी लिया जा रहा है। इससे आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए की सरकार बनाने में मदद मिलेगी। रालोमो के प्रदेश प्रभारी प्रशांत कुमार सहित अन्य मौजूद थे।



एनेस्थीसिया के क्षेत्र में नवीनतम कार्यों और तकनीकों को साझा करने महत्वपूर्ण मंच होगा

पटना में आयोजित 71वें वार्षिक सम्मेलन में जुटेंगे 16 देशों के एनेस्थीसिया और क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ

केटी न्यूज/पटना

पटना के ज्ञान भवन में 20 से 24 नवंबर तक भारतीय एनेस्थी सियोलॉजिस्ट सोसाइटी का 71वां वार्षिक सम्मेलन आईएसएसीओएन 2024 आयोजित होगा। इसकी जानकारी सम्मेलन के मुख्य सलाहकार सह नेशनल कोऑर्डिनेटर डॉ. मनोज कुमार ने आईएमए में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि यह सम्मेलन एनेस्थीसिया के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम कार्यों और तकनीकों को साझा करने का एक महत्वपूर्ण मंच होगा। 20 नवंबर को एम्स पटना, आईजीआईएमएस एनएमसीएच सहित प्रमुख निजी अस्पतालों मेदांता और बिग अपोलो



में वर्कशॉप आयोजित की जाएगी। 21 नवंबर को सम्मेलन का उद्घाटन बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिंह करेंगे। उद्घाटन सत्र में देश-विदेश के एनेस्थीसिया विशेषज्ञ शामिल होंगे। सम्मेलन में वड,अमेरिका, साउथ कोरिया, ईरान, रोमानिया सहित 16 देशों के एनेस्थीसिया और क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ भाग लेंगे। डॉ अभिषेक वासुकी ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवा चिकित्सकों को एनेस्थीसिया के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम अनुसंधानों और तकनीकों से परिचित कराना है। यह कॉन्फ्रेंस पटना में 55 वर्षों के बाद आयोजित किया जा रहा हैं इसमें बिहार झारखंड के एनेस्थीसिया विशेषज्ञ हर्षित व उल्लासित हैं। 22 से 24 नवंबर तक मुख्य कॉन्फ्रेंस का आयोजन होगा, जिसमें विश्वभर के चिकित्सक अपने अनुभव और विशेषज्ञता साझा करेंगे। यह सम्मेलन एनेस्थीसिया क्षेत्र में युवाओं को नई प्रेरणा देने और चिकित्सा क्षेत्र में उन्नति के नए आयाम स्थापित करने में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर डॉ अभिषेक बासुकी, डॉ गौतम शाह, डॉ नीरज कुमार, डॉ उमेश कुमार भदानी, डॉ प्रकेश के दुबे, डॉ अजीत कुमार, डॉ निशांत सहाय, डॉ विभा कुमार तथा कई लोग उपस्थित रहे।

अनुसूचित जनजाति की महिला से दुर्व्यवहार व मारपीट मामले की दुबारा जांच शुरू

- मुख्यालय डीएसपी पंकज सिंह ने पीड़िता व गवाहों के दर्ज किए बयान, राज्य अनुसूचित जाति आयोग के संज्ञान लेने के बाद दुबारा हो रही है जांच
- बिजली कंपनी के जेई पर मारपीट व जाति सूचक शब्द कहने व डुमरांव डीएसपी पर मामले को रफा-दफा करने का है आरोप

केटी न्यूज/बक्सर

ब्रह्मपुर के ललनजी के डेरा निवासी व अनुसूचित जनजाति तबके से आने वाली धर्मशीला देवी पिता शंभू नट से पिछले दिनों ब्रह्मपुर बिजली कंपनी के जेई अमित कुमार द्वारा दुर्व्यवहार व मारपीट करने के मामले की



दुबारा जांच शुरू हो गई है। राज्य अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग के इस मामले में संज्ञान लेने तथा मामले की दुबारा जांच कर पीड़िता को न्याय दिलाने के निर्देश पर इस मामले की दुबारा जांच शुरू की गई है।

समझें... क्या है मामला

ललनजी की डेरा निवासी व अनुसूचित जनजाति तबके से आने वाली धर्मशीला ने विद्युत का वैध कनेक्शन लिया था। जिसके मीटर में कुछ गड़बड़ी आने पर वह उसे दूर कराने के लिए जेई से मिलने उसके कार्यालय में गई थी। जहां, जेई ने उसे जातिसूचक शब्द कहने के अलावे अपने आदमियों से उसे पिटवाया था तथा गले में हाथ डाल कार्यालय के बाहर करवा दिया था। पीड़िता ने इस मामले में बक्सर एसपी/एसटी थाने में कांड संख्या 23/23 दर्ज कराई थी। इसके अलावे पीड़िता ने राज्य अनुसूचित जाति आयोग, डीआईजी तथा अन्य अधिकारियों को पत्र दे न्याय की गुहार लगाई थी।

डुमरांव डीएसपी पर लगा है मामले को रफा दफा करने का आरोप: हालांकि केस दर्ज करने के बाद भी पीड़िता को न्याय नहीं मिला। पुलिस आरोपितों को गिरफ्तार भी नहीं कर पाई। पीड़िता ने डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी पर मामले को रफा दफा करने का आरोप लगाते हुई बताई कि वह जब अपने गवाहों को लेकर डुमरांव डीएसपी कार्यालय में गई थी तो मुझे देखते ही डीएसपी ने अपने रीडर सुजीत से कहा था कि इसके गवाहों का नाम लिखकर भगा दो। बाद में अभियुक्तो से मेल कर उन्होंने मेरे केस को रफा-दफा कर दिया। हालांकि पीड़िता हार मानने वाली नहीं है। उसका कहना है कि न्याय के लिए वह किसी भी स्तर पर जाने को तैयार है।

सोमवार को मुख्यालय डीएसपी पंकज ने मामले की जानकारी व गवाहो के बयान कलमबंद करने के लिए पीड़िता के साथ ही उसके गवाहों को अपने कार्यालय में बुलवाया था। पीड़िता धर्मशीला अपने साथ तीन गवाहों को लेकर गई थी। इस संबंध में

कहते हैं मुख्यायल डीएसपी

राज्य अनुसूचित जाति आयोग तथा वरीय अधिकारियों के निर्देश पर इस मामले की जांच की जा रही है। पीड़िता तथा गवाहों का बयान लिया गया है। अभी जांच प्रक्रिया चल रही है। जांच पूरी होने पर रिपोर्ट एसपी सर को सौंप जाएगा। वही इस मामले में कार्रवाई होगी।

जानकारी देते हुए पीड़िता ने बताया कि उसने मुख्यालय डीएसपी के समक्ष अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी है, वही गवाहों ने भी बताया है कि कैसे जेई ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया था तथा बाद में जेई से मिलकर डुमरांव डीएसपी ने मामले को रफा दफा कर दिया था। पीड़िता का कहना है कि यदि उसे इस बार न्याय नहीं मिला तो वे इसी कार्यालय के समक्ष आकर अपनी जान दे दूंगी।

एक नजर

ई किसान भवन के प्रांगण में रबी महोत्सव का हुआ आयोजन, किसानों ने किया हो हल्ला



केसठ। कृषि विभाग और कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) के संयुक्त तत्वावधान में रबी मौसम में फसल प्रबंधन विषय पर सोमवार को एक दिवसीय किसान कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान, रामपुर उप मुखिया मनोज राम, सरपंच विष्णुदेव पासवान, बीएओ देवानंद रजक, कृषि वैज्ञानिक डॉ कमलकांत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वही संचालन कृषि समन्वयक हरिशचन्द्र पासवान ने किया। ई किसान भवन परिसर में आयोजित इस कृषक गोष्ठी में किसानों को रबी मौसम में की जाने वाली खेती के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही जलवायु परिवर्तन के अनुसार खेती कार्य को बेहतर तरीके से करने व उत्पादकता बढ़ाने के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कृषि विशेषज्ञों ने गेहूं, तिलहन और दलहन फसल के साथ सब्जियों की खेती आधुनिक और जैविक तरीके से करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया। कृषि कार्य के दौरान यदि मौसम के रुख को नजरंदाज किया गया तो इसका प्रतिकूल प्रभाव फसल व सब्जियों के उत्पादन पर दिख सकता है।कार्यशाला में प्रखण्ड उधान पदाधिकारी विष्णु शंकर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए जानकारी साझा की। कार्यक्रम में एटीम विकाश कुमार, बीटीएम डॉ प्रफुल्ल कुमार, किसान सलाहकार रितेश कुमार, अमेंद्र कुमार, विजय कुमार, लेखपाल प्रफुल्ल कुमार के अलावे कई अन्य किसान उपस्थित थे।

किसानों के सवाल से बचते नजर आए अधिकारी: सोमवार को ई किसान भवन के प्रांगण में रबी महोत्सव कार्यशाला का आयोजन हुआ था। कार्यक्रम के अंत में जब किसानों ने खाद और बीच के लेकर सवाल जवाब किया तो कृषि विभाग के अधिकारी बचते नजर आए। किसानों ने आक्रोशित होकर कहा कि बाजारों में सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर यूरिया खाद्य और डीएपी का वितरण नहीं हो रहा है। बीज और खाद के सवालों से प्रखंड कृषि पदाधिकारी बचते नजर आए। किसानों ने कहा कि एक तरफ सरकार जहां जीरो टॉल्विन नीति के तहत खाद का वितरण करने को लेकर दिशा निर्देश जारी किया है वही कृषि विभाग अधिकारियों द्वारा सिर्फ इसका कोरम पूरा किया जा रहा है। जब तक जांच हो रही है तब तक खाद विक्रेता निर्धारित मूल्य पर खाद दे रहे हैं । वहीं उनके जाते ही अपने मनमानी दर से वितरण कर रहे हैं।

केसठ में आखिरी दिन नहीं खुला खाता

केसठ। प्रखंड में तीसरे चरण के तहत होने वाले पैक्स चुनाव का नामांकन विगत तीन दिनों से चल रहा था। वही आखिरी दिन सोमवार को एक भी प्रत्याशी ने नामांकन के लिए नहीं पहुंचे। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा ने बताया कि नामांकन के तीसरे दिन एक भी प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा दाखिल नहीं किया। निर्धारित समय पर सभी कर्मी अपने-अपने काउंटर पर उपस्थित हो गए थे और प्रत्याशियों का आने का इंतजार कर रहे थे, लेकिन एक भी प्रत्याशी नामांकन करने के लिए नहीं पहुंचे। बता दें कि अभी तक पैक्स अध्यक्ष के लिए 6 तथा कार्यकारणी सदस्य के लिए कुल 27 लोगो ने नामांकन किया है, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए एक भी महिला ने नामांकन नहीं किया। वही सदस्य पद के लिए 11 महिला और 16 पुरुष ने नामांकन कराया है। बीडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी ने बताया कि मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में स्कूटनी किया जाएगा।

वार्ड दो व तीन के लोगों को मिली रोड की सौगात



डुमरांव। नगर परिषद के विस्तारित क्षेत्र पुराना भोजपुर का विकास धीरे-धीरे शुरू हो गया है। कभी सड़क और नाली के लिये तरस रहे थे, अब नहीं पड़ रहा है। सोमवार को पुरानाभोजपुर के आरा-बक्सर रोड जो शहर के बीचोबीच से होकर गुजरती है, उसके शिवमंदर से सिमरी रोड तक रोड बनाया जा रहा है। इसकी नींव सोमवार को वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सुमित गुप्ता ने रखी। यह रोड वार्ड दो और तीन को जोड़ते हुए सिमरी रोड तक निकलेगी। इसके बन जाने से नगर के बीच से लोग कम दूरी तय करते हुए सिमरी रोड में पहुंच जाएंगे। विदित हो कि इस रोड को बनाने के लिए पुरानाभोजपुर के लोग वर्षों से मांग कर रहे थे। जब पुरानाभोजपुर को डुमरांव नगर परिषद में शामिल किया गया तो उनमे यह विश्वास जगी थी कि अब रोड बनेंगा। उनके विश्वास पर सोमवार को मुहर लग गया। लिहाजा जब रोड बनाने की नींव रखी जा रही थी तो काफी संख्या में नगरवासी वहां मौजूद थे। सभी के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। मालूम हो कि इस रोड के बन जाने से पुरानाभोजपुर क्षेत्र का विकास तेजी के साथ होगा। बक्सर से आने वाले लोगों को चौक पर जाकर सिमरी रोड में मुड़ना नहीं पड़ेगा, सीधे शिवमंदिर से बन रहे रोड से होकर सिमरी रोड पर चले जाएंगे। लगभग एक किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगी। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि ने बताया की पुरानाभोजपुर नप का अंग बन चुका है, इसलिए मुखिया का चुनाव नहीं होता वार्ड पार्षद चुने जाते हैं। लिहाजा वार्ड पार्षद यहां की समस्या का आवाज उठाकर उसे दूर करवाने की कोशिश करेंगे, नप उनको हर क्षेत्र में सहयोग करेगा। इस दिशा में पहल शुरू हो गया है, जिसका उदाहरण शिवमंदिर से सिमरी रोड से सड़क का निर्माण शुरू होना है।

गेहूं का बीज का वितरण नहीं होने से किसानों बढ़ता जा रहा था, आक्रोश

डुमरांव। किसानों में विभिन्न फसलों के बीज का वितरण पिछले महीनें के 20 तारीख से ही शुरू हो गया था। चना और गेहूं के बीज का वितरण शुरू नहीं होने से किसान काफी नाराज चल रहे थे। एक सप्ताह पहले चना बीज का वितरण शुरू हुआ तो किसानों में आश बंधी की अब गेहूं के बीज का वितरण भी शुरू कर दिया जाएगा, लेकिन इसे शुरू नहीं किया गया। इसकी जानकारी लेने के लिए जब किसान बीएओ गोपाल प्रसाद के बात जाते थे, तो उनका जवाब टालमटोल वाला मिलता था। लिहाजा किसानों में नाराजगी की जगह आक्रोश ने ले लिया। इतना ही नहीं गेहूं के बीज आने के बाद भी उसके वितरण में चार दिनों से विलंब किया जा रहा था। फिर किसानों ने हंगामा करना शुरू किया तो आनफानन में सोमवार से गेहूं के बीज का वितरण शुरू कर दिया गया। बीज लेने पहुंचे किसानों में काफी खुशी देखने को मिली। बीएओ ने बताया की प्रति किसान दो क्वींटल गेहूं के बीज न्यूनतम दर पर वितरण शुरू कर दिया गया। गेहूं लेकर किसान अपने गोंव खुशी-खुशी लौट रहे थे। कई किसानों बताया की बीज लेने के बाद सभी धान की कटनी में लग जाएंगे। बीज लेने के लिए प्रतिदिन डुमरांव आना पड़ रहा था। प्रति क्वींटल दो क्वींटल गेहूं का बीज वितरित किया जा रहा था। जिसका खेत ज्यादा था, उसे चार क्वींटल भी दिया जा रहा था।

खबरें फटाफट

कनझरूआं में किशोरी ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

डुमरांव। कोरानसराय थाना क्षेत्र के कनझरूआ गांव में 15 वर्षीय एक किशोरी ने आत्महत्या कर ली है। इसकी सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में ले जांच पड़ताल में जुट गई है। वही, पुलिस ने इस मामले की गुत्थी सुलझाने के लिए एसएफएल टीम का सहारा लिया है। एसएफएल टीम ने घटना स्थल से कई नमूने साक्ष्य के तौर पर एकत्रित कर अपने साथ ले गई है। घटना को ले गांव में कई तरह की चचाएं हो रही है। मृतका की पहचान कनझरूआ निवासी सुग्रीव राम की 15 वर्षीय पुत्री चित्रलेखा के रूप में हुई है। घटना सोमवार दोपहर की बताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि वह किसी बात पर नाराज हो फांसी लगा आत्महत्या कर ली है। हालांकि, इस मामले में पुलिस कई बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस उसकी मां से पूछताछ कर इस बात का पता लगा रही है कि आखिर किन परिस्थितियों में उसने आत्महत्या की है पुलिस सभी बिंदुओं पर गहराई से पड़ताल कर उसकी मौत की गुत्थी सुलझाने का प्रयास कर रही है। कोरानसराय थानाध्यक्ष अमित कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि किशोरी के आत्महत्या की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंच शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। उन्होंने बताया कि परिजनों से पूछताछ कर मामले की जानकारी ली जा रही है। किशोरी की मौत आत्महत्या है या हत्या इस सवाल पर उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। थानाध्यक्ष ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है।

पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

चौसा। मुफस्सिल थाने की पुलिस ने जिला प्रशासन के निर्देश पर चौसा यादव मोड़ स्थित यूपी जाने वाले मार्ग पर थाना के सामने वाहन जांच अभियान चलाया गया। जहा इस अभियान के तहत सीट बेल्ट, हेलमेट, प्रदूषण आदि की जांच की गई। जहा इस जांच में 13 वाहनों से 23 हजार की जुर्माना वसूला गया।

समाहरणालय सभागार में डीएम ने की पैक्स चुनाव से संबंधित समीक्षा बैठक

संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों को चिन्हित कर प्रतिवेदन जमा करें : डीएम



- मतदान केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति एवं सावधानी बरतने का निर्देश
- संवेदनशील पंचायत में थानावार रोस्टर तैयार करते हुए चौकीदार परेड का निर्देश

केटी न्यूज/डुमरांव

बक्सर जिले के विभिन्न प्रखंडो में प्रथम व तृतीय चरण के तहत होने वाले पैक्स चुनाव की प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई है। जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को आगामी पैक्स चुनाव से संबंधित समीक्षा बैठक समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में की गई। इस समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने सभी कोषांगो के वरीय पदाधिकारियों एवं सभी निवार्ची पदाधिकारी को अपने-अपने पंचायत अंतर्गत सभी संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों को चिन्हित कर विधि व्यवस्था कोषांग को प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

डीएम ने सभी निवार्ची पदाधिकारियों को विगत वर्ष जिन मतदान केंद्रों पर विभिन्न पंचायतों में चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की व्यवस्था संबंधित समस्या उत्पन्न हुई थी, तो वैसे पंचायतों में पर्याप्त पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति एवं सावधानी बरतने का निर्देश दिया। जिन प्रखंडों में धान उत्पादन एवं धान अधिप्राप्ति ज्यादा हो रही हो वैसे प्रखंड या पंचायतों में विशेष चौकसी बरतने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बक्सर एवं डुमरांव को निर्देश दिया गया कि सभी निवार्ची पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी एवं पर्यवेक्षक पदाधिकारी के साथ बैठक कर संवेदनशील पंचायत में थानावार रोस्टर तैयार करते हुए चौकीदार परेड कराएंगे। उक्त बैठक में सभी निवार्ची पदाधिकारी, सभी कोषांगो के नोडल एवं वरीय पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी बक्सर, उप विकास आयुक्त बक्सर एवं अन्य उपस्थित थे।

डुमरांव में अंतिम दिन प्रत्याशियों ने लगाया शतक, आज होगी स्कूटनी

अध्यक्ष पद के लिए 24 ने जमा किए नामांकन फार्म

केटी न्यूज/डुमरांव

तीसरे चरण के तहत होने वाले डुमरांव प्रखंड के पैक्स चुनाव के लिए सोमवार को नामांकन का आखिरी दिन था। आखिरी दिन प्रत्याशियों ने नामांकन का शतक लगा दिया। जहां अध्यक्ष पद के 19 पुरूष व पांच महिला समेत कुल 24 ने जबकि विभिन्न श्रेणी के सदस्य पद के 76 ने नामांकन फार्म जमा किए है। प्रत्याशियों की अधिक संख्या के कारण पूरे दिन प्रखंड कार्यालय में जाम लगा रहा। सबसे अधिक छतनवार पैक्स में अध्यक्ष पद के लिए पांच नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। इसके अलावे आखिरी दिन कसिया पैक्स के लिए तीन, नंदन तथा अरियांव पंचायत के पैक्स के लिए दो-दो नामांकन पत्र दाखिल हुआ है।

वही सामान्य सदस्य पद पर 38 नामांकन पत्र दाखिल हुआ है। जिसमें 23 पुरुष तथा 15 महिलाएं शामिल रही। पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित पद पर कुल नौ नामांकन पत्र दाखिल हुआ है। जिसमें छह पुरुष तथा तीन महिलाओं ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। अतिपिछड़ा वर्ग पद पर कुल 12 नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। जिसमें सात पुरूष तथा पांच महिलाओं द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। अनुसूचित जाति जनजाति के आरक्षित पद पर कुल 17 नामांकन पत्र दाखिल हुआ है। जिसमें दस पुरूष अभ्यार्थी है तो सात महिला अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। सभी पंचायतों में कोरम का खास खयाल रखा जा रहा था। अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अपने साथ सदस्यों का नामांकन करवा रहे थे। उन्हें डर था कि कही कोरम के अभाव में उनके पैक्स का चुनाव स्थगित न हो जाए।

नामांकन के आखिरी दिन प्रखंड कार्यालय पर सुबह से ही प्रत्याशी तथा समर्थकों की भीड़ लगी थी। पूछताछ काउंटर की व्यवस्था स्वयं प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी संदीप कुमार पांडेय संभाल रहे थे। वे स्वयं नामांकन पत्रों की जांच भी कर रहे थे। प्रखंड कार्यालय पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि अब नामांकन पत्रों के समीक्षा की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि स्कूटनी व नाम वापसी के बाद ही पंचायतों में प्रत्याशियों की सही संख्या ज्ञात हो सकेगी।

अंधापन निवारण में जगदीश हॉस्पिटल की अहम भूमिका: विधायक

केटी न्यूज/डुमरांव



स्थानीय रोटरी जगदीश आई हॉस्पिटल में सोमवार को शिविर लगाकर असहाय 60 गरीबों के आंखों की मुफ्त जांच की गयी। जिनका ऑपरेशन मुफ्त किया जायेगा। इन गरीबों को दवा, चश्मा और भोजन की भी व्यवस्था हॉस्पिटल द्वारा होगा। इस शिविर का उद्घाटन डुमरांव विधायक डॉ. अजित कुशवाहा, रोटरी बक्सर के अध्यक्ष मनीष पांडेय, रोटेरियन टीएन चौबे, रो. मोहन गुप्ता और आचार्य पं. विंध्याचल ओझा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के डायरेक्टर रो. प्रदीप कुमार जायसवाल द्वारा किया गया।

हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा आगत अतिथियों को बुके व पुष्प माला देकर स्वागत किया गया। जेपी मेमोरियल चौरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में स्व. जगदीश प्रसाद के स्मृति में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि अंधापन निवारण भूमिका में इस हॉस्पिटल का अहम योगदान हैं। गरीबों को आंखों की रोशनी जब दोबारा मिलती हैं तो उनके जीवन का अंधकार दूर हो जाता हैं। हॉस्पिटल जो असहायों की सेवा व मानवता का कर्तव्य निभा रहा हैं, वह प्रशंसनीय व स्वागतयोग्य हैं। उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए संस्था से जुड़े सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। ट्रस्ट के डायरेक्टर प्रदीप जायसवाल ने कहा कि इस बार हर शुक्रवार को शिविर लगाकर गरीबों के आंखों का मुफ्त जांच की जायेगी और उन्हें ऑपरेशन के लिए बुलावा भेजा जायेगा। लगातार गरीबों का मुफ्त ऑपरेशन करने का लक्ष्य रखा गया हैं। जिसकी शुरूआत अपने पिता के स्मृति दिवस पर शुरू की गयी। उन्होंने कहा कि 30 वर्षों से डुमरांव में मुफ्त मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन निरंतर जारी हैं। अब तक 12 हजार से अधिक रोगियों का मुफ्त सफल ऑपरेशन किया गया हैं। जगदीश आई हॉस्पिटल जिले में अंधापन निवारण को लेकर संकल्पित हैं। मौके पर हॉस्पिटल प्रबंधक अजीत जायसवाल, अमरीश पाठक, राकेश सोनी, कमलेश सिंह, प्रमोद कुमार, प्रशांत कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

13 पंचायतों के बीच 50 अभ्यर्थियों ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र किया दाखिल

नावानगर। स्थानीय प्रखंड के परिसर में सोमवार को पैक्स चुनाव हेतु तीसरे एवं अंतिम दिन पूरे दिन गहमागहमी रहा। अंतिम दिन अध्यक्ष पद के लिए 26 तथा सदस्य पद के लिए 99 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस तरह प्रखंड के तेरह पंचायतों में अध्यक्ष पद के लिए कुल 50 तथा सदस्य पद के लिए 212 अभ्यार्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। नामांकन के बाद प्रत्याशियों के समर्थकों द्वारा फूल माला व नारेबाजी कर अपने प्रत्याशियों का स्वागत करने के साथ अपना समर्थन जाहिर किया। इस चुनाव के लिए नामांकन हेतु प्रखंड परिसर में चार काउंटर बनाया गया था। जहां पहुंचकर अभ्यर्थियों द्वारा पैक्स अध्यक्ष एवं सदस्य पद के लिए नामांकन पत्र प्राप्त किया जा रहा था। सभी काउंटर पर चार-चार कर्मी की तैनाती दी। प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ मनोज कुमार ने बताया कि 16 में से 13 पंचायतो के लिए हो रहे पैक्स चुनाव को लेकर तीसरे दिन अर्थात अंतिम दिन अध्यक्ष पद के 26 तथा सदस्य पद के लिए 99 अभ्यार्थियों का आवेदन प्राप्त हुआ है।

22 नवम्बर को नाम वापसी एवं होगी प्रतिक चिन्ह वितरण: प्रखंड में पैक्स चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के बाद 19 से 20 नवम्बर को नामांकन की संवीक्षा की जाएगी। जबकि 22 नवम्बर को नाम वापसी होगी। इसकी जानकारी प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी ने दिया। उन्होंने बताया कि नाम वापसी के बाद 22 नवम्बर को ही प्रतिक चिन्ह वितरण किया जाएगा। 29 नवम्बर को मतदान एवं उसी दिन मतदान के बाद मतगणना भी होगी।

बड़का सिंहनपुरा में कोकोनट हैंडीक्राफ्ट का प्रशिक्षण शुरू, 15 युवाओं को मिल रहा प्रशिक्षण

सोना है नारियल का रेशा, सेल चांदी और पानी अमृत समान: निदेशक

केटी न्यूज/सिमरी

स्थानीय प्रखंड के बड़कासिंहनपुरा गांव में बहु प्रतिक्षित कोकोनट हैंडीक्राफ्ट का प्रशिक्षण सोमवार से शुरू हो गया। गांव के आरसीएम स्कूल में बोर्ड की ओर से एक सप्ताह का यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें पहले फेज में 15 बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें नारियल के रेशे व सेल से कप, प्लेट, देवी-देवताओं, पशु-पक्षियों के साथ ही फोटो फ्रेम व कलात्मक वस्तुओं को बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कार्यक्रम विकास परिषद के सौजन्य से आयोजित किया गया है।

कार्यक्रम के उद्घाटन के मौके पर अपने संबोधन में भारत सरकार के कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय अंतर्गत नारियल विकास बोर्ड के निदेशक राजीव भूषण ने कहा कि नारियल



का रेशा सोना जैसा बहुमूल्य है। इसका सेल (कटोरी) ब्लैक डायमंड है जबकि गरी सिल्वर और पानी अमृत है। उन्होंने कहा कि नारियल के सभी भाग हमारे लिए महत्वपूर्ण तथा अलग अलग भाग भी रोजगार सृजन में सहायक है।

निदेशक राजीव ने कहा कि प्रशिक्षण लेने वाले सभी अभ्यार्थियों को टूल किट व बैग के साथ 1500 रुपये सरकार की ओर से दिये जायेंगे। ट्रेनिंग लेने के बाद किसी को बैठना नहीं है और लगातार काम करते रहना है। मौके पर उपस्थित जिला उद्योग केंद्र बक्सर के प्रोजेक्ट मैनेजर विद्या भूषण पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत लोन लेने पर 35 प्रतिशत तक सब्सिडी भी दी जा रही है। उन्होंने भारत सरकार के साथ ही बिहार सरकार के उद्योग विभाग की योजनाओं की भी जानकारी दी।

विकास परिषद बड़कासिंहनपुरा के अध्यक्ष हेमचंद्र ओझा ने कहा कि विकास परिषद गांव के हर युवा को सरकारी ट्रेनिंग दिलाने के लिए पहल कर रहा है। गांव में ही एमएसएमई मंत्रालय की ओर से फूड प्रोसेसिंग कोर्स भी 25 अभ्यार्थियों को कराया जा रहा है। समाजसेवी प्रमिला ओझा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए मैं आजीवन संघर्ष करती रही और मैं आप लोगों के साथ भी खड़ी हूं। आपको जब भी मेरी जरूरत होगी मैं हर संभव ममद करूंगी। नारियल विकास बोर्ड की तकनीकी अधिकारी विनिता कुमारी ने कहा कि नारियल के रेशे व सेल से विभिन्न तरह की कलात्मक व घरेलू उपयोग की वस्तुएं बनाई जाती हैं। इनकी बाजार में अच्छी कीमत है और इस हुनर से कोई भी स्वावलंबी बन सकता है। मास्टर ट्रेनर सपना कुमारी व राजेश कुमार ने कहा कि जिस नारियल के रेशे को हम फेंक देते हैं उससे दर्जनों तरह की वस्तुएं बन सकती हैं। समन्वयक अंकेश कुमार ने कहा कि अल्प अवधि का यह कार्यक्रम दीर्घ अवधि का नतीजा देता है। जो दिल से सिखेगा वह जीवन में कभी बेरोजगार नहीं रहेगा। धन्यवाद ज्ञापन पूर्व सरपंच निरंजन ओझा ने किया।

ग्रामीण बैंक के सहायक प्रबंधक का पंखे की कुंडी से लटका मिला शव

- आरा के नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर मोहल्ले के गली नंबर एक की घटना
- परिजन द्वारा खुदकुशी करने की कही जा रही बात

केटी न्यूज/आरा



शहर के नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर मोहल्ले के गली नंबर एक में सोमवार की सुबह दक्षिण ग्रामीण बैंक के सहायक प्रबंधक का पंख के कुंडी से लटका शव बरामद हुआ है। शव के मिलने से आसपास की इलाके में सनसनी मच गई है। इसके बाद मृतक की पत्नी व मकान मालिक द्वारा इसकी सूचना नवादा थाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर नवादा थानाध्यक्ष विपिन बिहार पुलिस बल के साथ फॉरेन घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इसके पश्चात पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुसार मृतक पश्चिम बंगाल के 24 परगना जिला के पानशीला थाना क्षेत्र के विवेकानंद पार्क पानीहरी (एम) निवासी शंकर साहा के 36 वर्षीय पुत्र सुगय साहा है। वह वर्तमान में चरपोखरी प्रखंड के चरपोखरी बाजार स्थित दक्षिण ग्रामीण बैंक में सहायक प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। वह वर्तमान में नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर मोहल्ले के गली नंबर एक में करीब चार वर्ष से अपनी पत्नी और बेटे के साथ किराए के मकान में रहते थे।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोमवार की सुबह करीब सात बजे उठे उसके वह दूसरे कमरे में अपने पत्नी व बेटे को ले जाकर बाहर से उनका दरवाजा बंद कर दिया। इसके बाद वह अपने कमरे में जाकर अंदर से दरवाजा बंद कर पंखे के कुंडी से लटक कर खुदकुशी कर ली। कुछ देर बीत जाने के बाद पत्नी ने फोन कर इसकी सूचना अपने मकान मालिक को दी। सूचना पाकर मकान मालिक ऊपर आए और खिड़की से झांक कर देखा तो वह पंखे के कुंडी से लटके हुए थे। जिसके बाद उन्होंने उनकी पत्नी का दरवाजा खोला। इसके बाद उन लोगों ने इसकी सूचना नवादा थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर नवादा पर थाना पुलिस वहां पहुंची और बकमरे का दरवाजा तोड़ा। उसके बाद उनके शव को नीचे उतर गया। हालांकि सहायक प्रबंधक ने खुदकुशी क्यों की। इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। सहायक प्रबंधक अपने चार बहन व एक भाई में छोटे थे एवं अपने मां-बाप इकलौते चिराग थे। उनके परिवार में मां, पत्नी रेखा देवी एवं एक पुत्र है। घटना के बाद मृतक के घर मे कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की मां,पत्नी रेखा देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

एक नजर

उपकारा में ध्यान योग शिविर का आयोजन



बिक्रमगंज (रोहतास)। सोमवार को उपकारा बिक्रमगंज के प्रांगण में सात दिवसीय ध्यान योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संसीमित बंदियों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को और सुदृढ़ करने एवं मानसिक तनाव को कम करने तथा कारा मुक्ति के पश्चात बेहतर जीवन जीने हेतु उपकारा बिक्रमगंज के प्रांगण में ओम शांति प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्था के द्वारा सात दिवसीय ध्यान योग कार्यक्रम आरंभ किया गया । उक्त संस्था के सुनीता कुमारी द्वारा अपने व्याख्यान में बंदियों को बताया गया कि ध्यान योग ना केवल मन को शांत करता है बल्कि जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होता है । ध्यान एवं योग के माध्यम से बंदियों को समाज में पुनः स्थापित होने के लिए प्रेरित करती है । उक्त अवसर पर उपकारा अधीक्षक मोहम्मद तारिक अनवर ने कहा कि ध्यान एवं योग के माध्यम से बंदी ना केवल अपनी तनाव को कम कर सकते हैं बल्कि अपने व्यवहार में भी सुधार कर जीवन में एक नई शुरूआत कर सकते हैं।

नो एंट्री के बाद भी दौड़ रहे भारी वाहन, श्रम मंत्री संतोष ने रोहतास डीएम से की बात

बिक्रमगंज (रोहतास)। जिला के अनुमंडल क्षेत्र में नो एंट्री के दौरान भारी वाहन के प्रवेश से जाम लग रहा है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने रोहतास पुलिस से भारी वाहनों की एंट्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। ग्रामीणों ने कहा कि सड़कों पर आए दिन हादसें होती रही है जिसकों देख कई बार नो एंट्री के लिए रोहतास डीएम व बिक्रमगंज अनुमंडल पदाधिकारी से मांग की गई तब जाकर सोमवार यानी 18 नवंबर से सुबह आठ बजे से रात्रि आठ बजे तक नो एंट्री बिक्रमगंज एसडीएम अनिल बसाक द्वारा नो एंट्री लागू किया गया । उसके बाद भी कई बड़े वाहन कई पुलिस चौकी से होकर शहर में निकल रहे हैं । इसकी वजह से बाजार में जाम लगता है। ग्रामीणों का आरोप है कि काराकाट पुलिस चौकी के कुछ पुलिसकर्मी वाहन चालकों से कुछ शुल्क लेकर छोड़ते हैं। इसी तरह बिक्रमगंज-नासरीगंज मुख्य मार्ग पर थाने के सामने से ट्रैक्टर ट्राली व बड़े वाहन नो एंट्री में दौड़ रहे हैं। एनएच 120 मार्ग पर दो पहिया और साइकिल सवार लोग घायल हो जा रहे हैं और कई लोगों की सड़क हादसे में आए दिन मौत भी हो रही है । वही काराकाट नगर पहुंचे बिहार श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने नो एंट्री को गंभीरता से लेते हुए रोहतास डीएम उदिता सिंह से दूरभाष के माध्यम से बात की और बढ़ते सड़क हादसे के बारे में बताया । उन्होंने कहा कि नो एंट्री अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा लागू की गई लेकिन प्रशासन द्वारा इसमें काफी ढिलाई देखी जा रही है । जिस वजह से एन एच 120 पर भारी वाहनें जाम व हादसे का कारण बन गई है ।

अशोक चक्र सम्मानित अमर शहीद ज्योति प्रकाश निराला की मनी सातवीं पुण्यतिथि



काराकाट (रोहतास)। काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत किरहीं के निज ग्राम बदिलाडीह में अशोक चक्र सम्मानित अमर शहीद ज्योति प्रकाश निराला गरुड़ कमांडो एयरफोर्स की सातवीं पुण्यतिथि मनाई गई । उक्त दौरान उपस्थित काराकाट विधायक अरुण कुमार सिंह,डॉ नागेंद्र झा महिला महाविद्यालय बिक्रमगंज के संस्थापक सह भाजपा के वरीय नेता डॉ बलिराम मिश्रा,अमर शहीद ज्योति प्रकाश निराला के पिता तेज नारायण सिंह सपरिवार,स्थानीय ग्रामीण समेत अनुमंडल क्षेत्र से आए कई जनप्रतिनिधियों ने उनके आदमकद प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण करते हुए अश्रुपूरित भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान विधायक अरुण कुमार सिंह एवं भाजपा नेता डॉ बलिराम मिश्रा ने उनके बताए दिशा निर्देश पर चलने के लिए कार्यक्रम दौरान उपस्थित सभी लोगों से आग्रह किया। विधायक अरुण कुमार सिंह ने अमर शहीद गरुड़ कमांडो एयर फोर्स ज्योति प्रकाश निराला के माता एवं पिता को फूल माला से स्वागत किया। मौके पर काराकाट विधायक अरुण कुमार सिंह,भाजपा नेता डॉक्टर बलिराम मिश्रा,अमर शहीद गरुड़ कमांडो के पिता तेज नारायण सिंह,माता,पत्नी सपरिवार,स्थानीय ग्रामीण समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

खबरें फटाफट

भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ पांच कारोबारी गिरफ्तार

छपरा। सारण पुलिस ने जनता बाजार थाना क्षेत्र में छापेमारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ पांच कारोबारी को गिरफ्तार किया है। इस बात की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक में बताया कि सारण पुलिस द्वारा ज़िले में अवैध शराब का सेवन, निर्माण, बिक्री, भण्डारण, परिवहन, शराब तस्करों एवं शराब कारोबारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जनता बाजार थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि जनता बाजार थाना क्षेत्र के सेंदुआर गांव निवासी धर्मेन्द्र सिंह के द्वारा ग्राम सेन्दुआर स्थित अपने घर पर अपने साथियों के साथ शराब भंडारण कर बेचने का कार्य किया जा रहा है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम सेन्दुआर पहुंच कर धर्मेन्द्र सिंह के घर छापामारी प्रारंभ किया गया तो छापामारी के क्रम में 207 .36 ली० शराब जब्त कर पाँच अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार कारोबारियों में जनता बाजार थाना क्षेत्र के सेन्दुआर गांव निवासी उमेन्द्र कुमार, सिवान जिला के मैरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत खेतापुर गांव निवासी किशान कुमार यादव एवं देवरिया जिला के वनकटा थाना क्षेत्र के किशोरी छापर गांव निवासी विशाल प्रताप सिंह, श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के विशुनपुर टोला निवासी राजु भास्कर व मंडुवाडीह थाना क्षेत्र के माहवा बाजार निवासी अमरजीत कुमार यादव शामिल हैं।

27 दिसंबर को जदयू जिला कार्यकारिणी की होगी बैठक

छपरा। जिला जदयू अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू की अध्यक्षता में सारण प्रमंडल प्रभारी रणविजय कुमार की उपस्थिति में जिला जदयू कोर कमिटी की बैठक जिला जदयू कार्यालय डाक-बंगला रोड में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें विधान पार्षद वीरेंद्र नारायण यादव, पूर्व मंत्री गौतम सिंह, पूर्व मंत्री मुनेश्वर चौधरी, पूर्व उपसभापति सलीम परवेज,जदयू उपाध्यक्ष सह प्रांतीय विधानसभा प्रभारी बैजनाथ प्रसाद सिंह विकल ने अपने अपने विचार रखे। बैठक में आगामी 8 दिसंबर को सारण जिला जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर चर्चा की गई। 27 दिसंबर को पटेल छात्रावास में जिला कार्यकारिणी की बैठक होगी, जिसमें जिला कार्यक्रता सम्मेलन की तैयारी की समीक्षा होगी।

करगहर प्रखंड कार्यालय में नामांकन को लेकर पूरे दिन रही गहमागहमी

पैक्स चुनाव... अंतिम दिन अध्यक्ष पद के लिए 46 और कार्यकारिणी के लिए 166 ने भरा पर्चा

- नामांकन काउंटर पर सुबह 11 से 3 बजे तक पर्चा दाखिल करने के लिए लगी रहीं लंबी कतारें
- परिसर के बाहर प्रत्याशियों के समर्थकों की लगी रही भीड़

केटी न्यूज/करगहर

करगहर (रोहतास) पैक्स चुनाव नामांकन के अंतिम दिन सोमवार को प्रत्याशी विभिन्न वाहनों के काफिले के साथ प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार पर पहुंचे। अध्यक्ष पद पर 38 पुरुष और 8 महिलाओं सहित 46 प्रत्याशियों ने नामांकन किया जबकि कार्यकारिणी के 166 सदस्यों ने नामांकन के पर्चे भरे। नामांकन काउंटर पर 11 से 3 बजे तक लंबी कतारे देखी गई। जबकि परिसर के बाहर प्रत्याशियों के समर्थकों की भीड़ लगी रही। निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ अजीत कुमार ने बताया कि प्रखंड में अध्यक्ष पद के लिए 20 तथा कार्यकारिणी सदस्य पद पर 220 सदस्यों के लिए चुनाव कराया जा रहा है। विगत तीन दिनों में अध्यक्ष पद पर 78 तथा कार्यकारिणी के सदस्य पद पर 353 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। उन्होंने बताया कि पैक्स अध्यक्ष पद के लिये समरडीहां पैक्स में अवध बिहार राय , बकसड़ा से सोनाली सिंह , भोखरी से तेज नारायण पाठक व धनंजय सिंह , खैरा शाहमल से संजय तिवारी और अजय कुमार , रामपुर नरेश से जूही सिंह ,समरडीहां से मृत्युंजय राय उर्फ सोनू राय ,सेन्दुआर से महेन्द्र सिंह,शिवन से विमल उपाध्याय,बड़हरी से सत्यनारायण सिंह बभनी से संजय कुमार, सहित 46 प्रत्याशियों ने नामांकन किया।



चनकी पंचायत से तीसरी बाद कृष्ण मुरारी ने ठोका दावा

नोखा। थाना क्षेत्र के चनकी पंचायत से लगातार तीन बार पैक्स अध्यक्ष पद के लिए कृष्ण मुरारी सिंह ने सोमवार को नामांकन का पर्चा भरा। इस दौरान समर्थकों की पूरी भीड़ दिखी। विगत 10 वर्षों से पैक्स अध्यक्ष के रूप में जीतते आ रहे हैं और समर्थकों के भीड़ को देखते हुए ऐसी संभावना जताई जा रहा है कि इस बार भी चनकी पंचायत में पैक्स अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हो सकते हैं। समर्थन में आए भाजपा जिला महामंत्री विजय सिंह नगर अध्यक्ष मनोज चंदेल प्रखंड अध्यक्ष अनिल सिंह, प्रखंड महामंत्री शशिकांत चंद्रवंशी, परशुराम सिंह जितेंद्र सिंह मौजूद थे।

चौथी बार पैक्स अध्यक्ष पद के लिए हरेंद्र ने कुरी पंचायत से किया नामांकन: नोखा (थाना क्षेत्र के कुरी पंचायत से लगातार चौथा बार पैक्स अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किए हरेंद्र सिंह ने सोमवार को अपना पैक्स चुनाव के लिए नामांकन का पर्चा भरे समर्थकों की पूरी भीड़ दिखी। विगत 15 वर्षों से पैक्स अध्यक्ष के रूप में जीतते आ रहे हैं, और समर्थकों के भीड़ को देखते हुए ऐसी संभावना है कि इस बार भी कुरी पंचायत में पैक्स अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हो सकते हैं।

सोनबरसा पैक्स को बनाएंगे मॉडल: ललित नारायण मिश्रा

आरा। सोनबरसा पैक्स को पूरे जिले में एक मॉडल पैक्स बनाते हुए किसने की हर समस्या का समाधान किया जाएगा और उनके दिए गए फसल का अनुमानित कीमत उनका समय से दिलाया जाएगा ताकि धरतीपुत्र अन्नदाता को कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उक्त बातें सोनवर्षा के निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष ललित नारायण मिश्रा उर्फ लूडन मिश्रा ने नामांकन करने के बाद मीडिया से बातचीत के क्रम में कहीं। अपने हजारों समर्थको के साथ गाजे बाजे एवं हाथी घोड़े के साथ नामांकन करने चरपोखरी प्रखंड मुख्यालय पहुंचे थे। नामांकन के बाद निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष ने कहा कि अभी भी चरपोखरी प्रखंड के सभी पैक्सों से बेहतर पैक्स हमारा है तभी तो हमने डिफाल्टर की श्रेणी से उसको बाहर निकाल कर किसानों के लिए लगातार उनको उचित मूल्य पर खाद बीज एवं उनके उगाए गए फसल का भरपूर कीमत दिलाने का प्रयास किया है। हमारे लिए यही सबसे बड़ी प्राथमिकता है। सभी किसान भाइयों का आशीर्वाद मेरे साथ है और दोबारा चुनाव जीतने के बाद पिछले कार्यकाल से भी बेहतर काम किया जाएगा ताकि हमारा यह सोनबरसा पैक्स मॉडल पैक्स बन सके।

सभी वरिष्ठ जनों का बनाया जाएगा आयुष्मान कार्ड: डीएम

20 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलेगा विशेष अभियान



केटी न्यूज/ छपरा

सारण जिला सहित राज्य में आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत सभी पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। जिसको लेकर जिलाधिकारी अमन समीर ने अपने कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। जबकि वर्चुअल रूप से जिले के सभी बीडीओ और एमओआईसी जुड़े थे। जिलाधिकारी अमन समीर ने जिला स्तरीय और वर्चुअल रूप से जुड़े सभी अधिकारियों से कहा कि जिले के सभी पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान योजना से आच्छादित करने के लिए आगामी 20 नवंबर से 10 दिसंबर 2024 तक राज्य सरकार द्वारा विशेष अभियान आयोजित कराने का निर्णय लिया गया है। विशेष अभियान के लिए पंचायत, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर पर की जाने वाली गतिविधियां भी आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी के कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी अमन समीर, डीएसओ कमरे आलम, प्रभारी सीएस डॉ आरपी सिंह, डीआईओ डॉ चंदेश्वर सिंह, डीपीएम अरविंद कुमार, आयुष्मान भारत के डीपीसी नीरज कुमार और वसुधा केंद्र के जिला प्रबंधक आनंद कुमार के अलावा वर्चुअल रूप से जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी जुड़े हुए थे।

समीक्षा बैठक के दौरान डीएम ने दिया निर्देश

जमीन संबंधित विवादों के समाधान के लिए हर सप्ताह बैठक करें सीओ



केटी न्यूज/ सासाराम

जिलाधिकारी रोहतास उदिता सिंह की अध्यक्षता में भू-समाधान पोर्टल के तहत भूमि विवाद की समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा के उपरांत पाया गया कि पिछले बैठक की तुलना में इस बैठक में अपेक्षित प्रगति नहीं होने तथा 24 अक्टूबर से 18 नवंबर तक भू-समाधान पोर्टल पर थानाध्यक्ष नटवार, कछवां, यदुनाथपुर, इन्द्रपुरी, डालमियानगर, परसथुआँ, अगरेर, सासाराम तथा दरिगाँव द्वारा एक भी आवेदन इंट्री नहीं किये जाने के कारण नाराजगी व्यक्त की गई। इस मामले संबंधित थानाध्यक्षों से एसपी रोहतास के माध्यम से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक शनिवार को भूमि विवाद की बैठक की कार्यवाही निश्चित रूप से भू-समाधान पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि जिस थाना का इंट्री शून्य है वहां भूमि विवाद से संबंधित बैठक में समीक्षा कर निश्चित रूप से बैठक की कार्यवाही अनुमंडल स्तर पर भू-समाधान पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करेंगे। बैठक की कार्यवाही की एक प्रति गृह विभाग, बिहार पटना को भी भेजना सुनिश्चित करेंगे। सभी अंचलाधिकारी को भूमि विवाद से संबंधित बैठक का रोस्टर बनाकर प्रत्येक शनिवार को थाना स्तर पर आयोजित बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

रबी कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

काराकाट(रोहतास)। कृषि प्राद्यौगिकी प्रबंध अभिकरण आत्मा रोहतास के तत्वावधान में काराकाट प्रखंड मुख्यालय गोड़ारी स्थित ई-किसान भवन में रबी कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बीडीओ राहुल कुमार सिंह,उद्यान पदाधिकारी अजीत सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन नोडल कृषि समन्वयक प्रवीण कुमार ने किया।



ब्राह्मण समाज सेवा संघ शाहाबाद रोहतास की बैठक में लिया गया निर्णय

दहेज खत्म करने, युवाओं को नशा से बचाने का लिया संकल्प

केटी न्यूज/काराकाट



ब्राह्मण समाज सेवा संघ शाहाबाद रोहतास की बैठक काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत इटढिया गांव में अरविंद मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसका संचालन विश्वनाथ मिश्रा ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में औरंगाबाद से चलकर आये भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता अश्विनी तिवारी बैठक में शामिल हुए। बैठक को संघ के अध्यक्ष प्रकाश तिवारी,उपाध्यक्ष रजनीश पांडेय,सचिव चंदन तिवारी, महासचिव आनंद तिवारी,उपसचिव पिंटू तिवारी,कोषाध्यक्ष रजनीकांत पांडेय, वीरेंद्र तिवारी, संजय तिवारी, मनोज तिवारी,अखिलेश तिवारी, ददन पाण्डेय, दशरथ मिश्रा, इटढिया गांव के सभी ब्राह्मण परिवार सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

बैठक के पूर्व भगवान परशुराम के तैलचित्र पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों को नशाखोरी बंद करने के लिए संकल्प दिलाया गया। सभी वक्ताओं ने कहा कि हम किसी भी जाति के विरोधी नहीं है। हम सबको गले लगाने वालों में से एक ब्राह्मण ही हैं जो पूरे विश्व के कल्याण की बात करता हैं। हम वसुधैव कुटुंबकम की बात करते हैं। हम अगर जातिवादी होते तो रावण को पूजने का काम करते लेकिन रावण को पूजा नहीं करने की बजाय हम सभी प्रभु श्रीराम एवं प्रभु श्री कृष्ण को पूजते हैं। इसलिए हम पर जातिवादी का दोष देना उचित नहीं है। यह बात जरूर है कि हम ब्राह्मण की विकास की बात करते हैं। ब्राह्मण में भी गरीब हैं जिनके उत्थान की बात करते हैं। हम शादी में फिजूल खर्ची के विरोधी हैं। मेघावी बच्चों को सही शिक्षा मिले ये चाहते हैं। गरीब ब्राह्मण का विकास हो इस बिंदू पर काम करते हैं। बैठक में ब्राह्मण समाज को आर्थिक और समाजिक प्रगति के लिए जागरूक करने, दहेज को समाप्त करने, युवाओं को नशाखोरी से बचाने, गरीब एवं मेधावी छात्र व छात्राओं की शिक्षा की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया।

ब्रांड एंबेसडर बनाए जाएंगे यूपी के स्ट्रीट वेंडर्स, करेंगे दूसरों को जागरूक

- जनपद व शहर स्तर पर चिह्नित कर ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त किये जाएंगे स्ट्रीट वेंडर्स
- स्ट्रीट वेंडर्स के सम्मान में विशेष आयोजन स्वनिधि भी, स्वाभिमान भी पखवाड़ा हुआ शुरू

केटी न्यूज/ लखनऊ



योगी सरकार द्वारा प्रदेश में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत स्ट्रीट वेंडर्स के लिए एक नई पहल की जा रही है, जिसमें उन्हें जनपद और शहर स्तर पर चिह्नित कर ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त किया जाएगा। योगी सरकार के इस प्रयास का उद्देश्य न केवल पथ विक्रेताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है, बल्कि समाज में उनके योगदान को भी मान्यता देना है। इस पहल के तहत 18 नवंबर से 2 दिसंबर 2024 के बीच 'स्वनिधि भी, स्वाभिमान भी' पखवाड़ा का शुभारंभ सोमवार से हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर विकास विभाग को निर्देशित किया है कि इस आयोजन में स्ट्रीट वेंडर्स और उनके परिवारों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

स्ट्रीट वेंडर्स को करेंगे जागरूक: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप योगी सरकार द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत, टीवीसी (टाउन वेंडिंग कमेटी) के सदस्य एवं एक्टिव पथ विक्रेताओं को स्वनिधि मित्रों के रूप में चिह्नांकित किया गया है, जो अन्य स्ट्रीट वेंडर्स को योजना का लाभ दिलवाने में मदद करेंगे। साथ ही उन्हें योजना के विभिन्न प्रावधानों के बारे में जागरूक करेंगे।

प्रदेश में डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने में जुटी योगी सरकार: योगी सरकार स्ट्रीट वेंडर्स को अधिकतम डिजिटल लेनदेन के लिए प्रेरित कर रही है। इससे पहले भी विभिन्न आयोजनों जैसे स्वनिधि दीपावली, मकर संक्रांति महोत्सव आदि में स्ट्रीट वेंडर्स को सम्मानित किया जा चुका है, जिन्होंने डिजिटल माध्यम से अधिकतम कैशबैक प्राप्त किया। यह कदम प्रदेशभर में डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने और स्ट्रीट वेंडर्स की आमदनी को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। आयोजन के दौरान स्ट्रीट वेंडर्स के लिए मुफ्त चिकित्सा शिविरों और स्वास्थ्य जांच कैंपों का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें उनके और उनके परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखा जाएगा। यह पहल समाज के उस वर्ग को स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचाने के प्रयास का हिस्सा है, जो आमतौर पर इन सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं।

पिछले साल भी हो चुका है स्वनिधि महोत्सव का आयोजन: बता दें बीते वर्ष 1 जून और 7 जुलाई को सभी जनपदों में स्वनिधि महोत्सव का आयोजन बड़े पैमाने पर किया गया था। आयोजन में स्ट्रीट वेंडर्स और उनके परिवार के सदस्यों ने भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए थे। इसके अलावा, दीपावली मेले और मकर संक्रांति मेले के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था, जिसमें चित्रकला, स्लोगन लेखन, मेहंदी, रंगोली, नृत्य-गायन और व्यंजन बनाने की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन आयोजनों का उद्देश्य पथ विक्रेताओं और उनके परिवारों को एक सकारात्मक और सशक्त मंच प्रदान करना था।

आत्मनिर्भरता की दिशा में और अधिक सशक्त बनाने की पहल: प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत उठाए गए योगी सरकार के कदम पथ विक्रेताओं के जीवन में एक सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं। उन्हें न केवल आर्थिक सहायता मिल रही है, बल्कि समाज में उनके योगदान को भी सम्मानित किया जा रहा है। 'स्वनिधि भी, स्वाभिमान भी' पखवाड़ा और आगामी आयोजनों के माध्यम से योगी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि पथ विक्रेता आत्मनिर्भरता की दिशा में और अधिक सशक्त बनें।

एक नजर

बलिया में टला बड़ा हादसा... शिवरामपुर घाट पर यात्रियों से भरी नाव डूबते-डूबते बची

बलिया। शहर के शिवरामपुर घाट पर सोमवार की दोपहर मुंडन संस्कार में आए लोगों से भरी एक नाव डूबते-डूबते बच गई। वहीं नाव के इंजन से उठते धुआं देख नाव में सवार लोगों की चीख-पुकार मच गया। हालांकि नाविकों के सुझ-बुझ से नाव किनारे चली गई और बड़ा हादसा होते-होते टल गया। वहीं हैरत की बात यह है कि शिवरामपुर घाट पर हजारों की भीड़ उमड़ने के बाद भी एक भी पुलिसकर्मी नजर नहीं आए। इसका एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें साफ देखा जा सकता है कि किस तरह नाव में मानक से अधिक यात्री सवार हैं तथा धुआं उठ रहा है।

चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिता में कई स्कूलों के छात्रों ने बिखेरा हुनर का जादू



मऊ। रोटरी क्लब मऊ के तत्वावधान में रविवार को मऊ महादेव मंदिर तमसा तट के किनारे पर्यावरण संरक्षण, पानी बचाओ और नदी बचाओ उद्देश्य को लेकर आजीवन प्रतिदिन एक पौधरोपण को संकल्पित पर्यावरणविद् शैलेन्द्र यादव के सौजन्य से तमसा नदी मऊ के तट पर चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता एवं नदी एवं जल संरक्षण विषयक संगोष्ठी संपन्न हुई। इसमें चित्रकला जूनियर स्तर में प्रथम जाह्नवी, द्वितीय द्विवांशी बरनवाल, तृतीय रश्मि चौरसिया, सीनियर में समूह शीतल यादव प्रथम , द्वितीय सूरज साहनी, तृतीय अर्शी बानो, रंगोली जूनियर स्तर प्रथम समूह प्राची श्रीवास्तव, द्वितीय समूह वैष्णवी द्विवेदी, तृतीय समूह पायल, सीनियर में प्रथम समूह पल्लवी गौतम, द्वितीय सृष्टि ने स्थान प्राप्त किया। तमसा तट पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईएमए के अध्यक्ष और रोटरी क्लब के संस्थापक सदस्य डॉ.एससी तिवारी, रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन एडवोकेट प्रदीप सिंह, सचिव रोटेरियन पुनीत श्रीवास्तव, शैलेन्द्र यादव, डॉ. रामविलास भारती एवं समस्त अतिथियों द्वारा सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र,अंगवस्त्रम, कलम,घड़ी एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यहां आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ.एससी तिवारी ने कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का अमूल्त धरोहर है। इसका संरक्षण करना अपने जीवन का संरक्षण करना है। अपने घरों से पानी की बचत करें और अपव्यय होने से बचे। जो पौधे लगाएं उसे अंत तक संरक्षित रखें। अध्यक्षीय संबोधन में रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन प्रदीप सिंह एडवोकेट ने कहा कि जो पेड़ लगाएं, उसे बचाने की भी जिम्मेदारी हम सभी की है। गोल्ड मेडलिस्ट एवं राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ.रामविलास भारती ने कहा कि नदियों और जल को प्रदूषित होने से बचाएं और प्रकृति के अनुसार आचरण करने का प्रयास करें। प्रकृति मानव भेद नहीं करती है, इसलिए हमें भी प्रकृति के साथ अन्याय करने से बचना चाहिए। डॉ.तेजभान ने कहा कि नदियों को दूषित होने से बचाएं। रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एच.एन.सिंह ने कहा कि जीवन में पेड अवश्य लगाएं। नीलम सराफ ने कहा कि हमें पेड़ पौधों के कर्ज को नहीं भूलना चाहिए। इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष मीणा लाल श्रीवास्तव एवं सचिव ज्योति सिंह ने पर्यावरण बचाने की जरूरत पर बल दिया। पूर्व सचिव सचिंद्र सिंह ने भी कहा कि मौजूदा समय में पर्यावरण एक चुनौती बन रही है।

जनपद स्तरीय युवा उत्सव का समापन

मऊ। युवा कल्याण एवं नेहरू युवा केंद्र विभाग जनपद मऊ के संयुक्त तत्वावधान मे जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन कम्युनिटी हॉल नगर पालिका मऊ में भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रशांत नागर मुख्य विकास अधिकारी जनपद मऊ द्वारा माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि जिला युवा महोत्सव कला के विभिन्न विधाओं के प्रतिभाओं को विशेषकर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले कलाकारों के लिए एक अच्छा मंच है। इसमें प्रत्येक विधा में प्रथम आए सफल प्रतिभागियों को मंडल एवं राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इससे वे अपनी कला का प्रदर्शन राज्य और राष्ट्र स्तर पर कर सकते हैं। जनपद स्तरीय युवा उत्सव में आयोजित विधाओं का परिणाम निम्न प्रकार है।

साइंस मेला समूह में विशाल यादव प्रथम, ज्योति चौरसिया द्वितीय एवं परवेज अंसारी तृतीय स्थान, काव्य लेखन प्रतियोगिता में खुशी गोंड प्रथम, रजनी त्रिपाठी द्वितीय एवं सलोनी वर्मा तृतीय स्थान, लोकनृत्य (एकल) प्रतियोगिता में अंजली कश्यप प्रथम, हिमांशु द्वितीय एवं राधिका चौहान तृतीय स्थान, फोटोग्राफी प्रतियोगिता में ओंकार सिंह प्रथम, खुशी वर्मा द्वितीय एवं विकास तृतीय स्थान, लोकनृत्य (समूह) प्रतियोगिता में शिवानंद चौहान विकास खण्ड फतेहपुर मण्डाव की टीम प्रथम, सोनी धापा की टीम द्वितीय स्थान, लोकगीत एकल मे अन्नू प्रथम, खुशबू द्वितीय एवं पवन तृतीय स्थान प्राप्त किया, साइंस मेला एकल प्रथम मे खुशवु सोनी धापा प्रथम, भाषण प्रतियोगिता में आकाश कुमार प्रथम, अभिषेक कुमार द्वितीय नम्रता सिंह तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में विकास चौहान प्रथम, सूरज साहनी द्वितीय, शाहिना बानो तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को ट्राफी तथा सर्टिफिकेट एवं चेक के साथ पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम प्रभारी वीनू कुमार सिंह ने भी बच्चों को अपने आशीर्वचन से प्रोत्साहित एवं मार्गदर्शित किया। इस अवसर पर निर्णायक मंडल में जीवन राम इंटर कॉलेज के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी, डी सी एस के पी जी कालेज से डॉक्टर डीके श्रीवास्तव, डॉ बी डी सिंह, डॉक्टर विशाल, डॉक्टर शताक्षी सिंह, मनोज उपाध्याय शामिल थे।

खबरें फटाफट

ई रिक्शा ड्राईवर कि लापरवाही से गयी मासूम की जान

मनियर बलिया। एक लापरवाही ने मासूम की जान ले ली तो किसी मां की गोद को सूनी कर दिया। इस लापरवाही से किसी की जान जा सकती है, इसकी किसी ने कल्पना नहीं की थी। लापरवाही का ऐसा ही एक मामला मनियर थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव में देखने को मिला। जहां पर ई रिक्शा चालक की लापरवाही की वजह से एक बच्चे की जान चली गई। बताया जा रहा है कि मुकुंदपुर गांव में रविवार को शाम करीब चार बजे एक घर का ढलाई का कार्य चल रहा था। वहीं पर एक ई रिक्शा खड़ा था। ई-रिक्शा में चाबी लगी हुई थी उसी में एक करीब ढाई साल का एक बच्चा बैठकर खेल रहा था। इसी दौरान बच्चे ने चाबी ऑन कर दिया। इससे ई-रिक्शा स्पीड में जाकर मकान की दीवार से टकरा गया, जिससे ई रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं ई रिक्शा में बैठा बच्चा यश पांडेय पुत्र रत्नेश पांडेय बुरी तरह से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनियर ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत के बाद मां प्रीति पांडेय, पिता रत्नेश पांडेय एवं बच्चे की दादी का रो-रो कर बुरा हाल है। यश अपने माता-पिता का इकलौता संतान था। पिता ने अपने जिगर के टुकड़े के शव को सरजू नदी में प्रवाहित कर दिया।

बलिया के ददरी मेले में प्रतियोगिता आयोजित, चारों राउंड में 20 घोड़ों ने लिया हिस्सा

चेतक प्रतियोगिता में सीवान के वीर का रहा जलवा, बलिया का बजरंगी भी रहा बेजोड़





- पूर्व सांसद बीरेंद्र सिंह मस्त और सीआरओ त्रिभुवन ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ
- बलिया की ही घोड़ी बिजली रानी ने तीसरा स्थान प्राप्त कर शील्ड पर कब्जा जमाया

केटी न्यूज/बलिया

भृगु मुनि के शिष्य दर्दर मुनि के नाम पर लगने वाले ददरी मेले में नगर पालिका द्वारा सोमवार को चेतक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद बीरेंद्र सिंह मस्त, सीआरओ त्रिभुवन ने फीता काटकर तथा हरी झंडी दिखाकर किया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में बिहार प्रांत के सीवान जिले के अमोद उर्फ मुखिया का घोड़ा वीर प्रथम, यूपी के बलिया जिले के लीलारी भरौली निवासी श्रीकांत पांडेय का बजरंगी घोड़ा द्वितीय तथा बलिया के ही जनाड़ी निवासी नेपाल पांडेय की बिजलीरानी घोड़ी तीसरे स्थान प्राप्त कर शील्ड पर कब्जा जमाया। अंत में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद बीरेंद्र सिंह मस्त, परिहन मंत्री के भाई धर्मेंद्र सिंह एवं नपा अध्यक्ष संत कुमार उर्फ मिठाई लाल ने तीनों विजेताओं को क्रमशः शील्ड व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। चेतक प्रतियोगिता देखने के लिए हजारों लोगों की भीड़ जमा रही। जैसे ही दौड़ शुरू हुआ लोगों ने तालियां बजाकर घुड़सवारों का उत्साहवर्धन किया।

बता दें कि ददरी मेले में चेतक प्रतियोगिता देखने के लिए सुबह से लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। दोपहर 12 बजते-बजते ग्राउंड के चारों ओर भीड़ खचाखच भर गई। प्रतियोगिता को चार राउंड में विभाजित किया गया था। प्रत्येक राउंड में पांच-पांच घोड़ों को प्रतिभाग करना था। इस प्रकार चारों राउंड में कुल 20 घोड़ों ने प्रतिभाग किया। पहले राउंड में पांच घोड़ों ने प्रतिभाग किया। जिसमें दो नंबर क्रांतिवीर घोड़ा प्रथम तथा एक नंबर राकेट घोड़ा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद दूसरे राउंड की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें भी पांच घोड़ों ने प्रतिभाग किया। इसमें सात नंबर राजू घोड़ा प्रथम तथा छह नंबर बजरंगी घोड़ा द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं तीसरे राउंड में पांच घोड़ों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 11 नंबर कल्लू राजा घोड़ा तथा 12 नंबर बिजली रानी घोड़ी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि चौथे राउंड में पांच घोड़ों ने प्रतिभाग किया। इसमें 16 नंबर पूर्वांचल एक्सप्रेस घोड़ा ने प्रथम तथा 17 नंबर वीर घोड़ा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इन विजेताओं के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। जिसमें सीवान जिले के अमोद उर्फ मुखिया का 17 नबंर घोड़ा वीर प्रथम, यूपी के बलिया जिले के लीलारी भरौली निवासी श्रीकांत पांडेय का छह नंबर बजरंगी द्वितीय तथा बलिया के ही जनाड़ी निवासी नेपाल पांडेय की 12 नंबर घोड़ी बिजली रानी तीसरे स्थान प्राप्त कर शील्ड पर कब्जा जमाया। वही सांत्वना पुरस्कार कृष्णानंद पांडेय का कल्लू राजा, हरेराम मुखिया के राकेट एवं मो मकसूद के पूर्वांचल एक्सप्रेस को दिया गया।

निर्णायक मंडल में दमदम राय, शिवशंकर मिश्र, रामनारायण यादव, गोलू सिंह व आशीष सिंह रहे। इस मौके पर एएसपी दक्षिणी कृपाशंकर, सीआरओ त्रिभुवन, एसडीएम आत्रेय मिश्रा, सिटी मजिस्ट्रेट इंद्रकांत द्विवेदी, ईओ सुबाष कुमार, नपा अध्यक्ष संत कुमार, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, सीओ सिटी गौरव कुमार, मेला प्रभारी अमरजीत यादव, प्रमोद सिंह, राघव मिश्रा,पूर्व जिपंस पिंटू सिंह समेत हजारों की तादात में लोग एवं पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। संचालन पप्पू पांडेय ने किया।

डीएम-एसपी ने बैरिया में सुनी जनशिकायतें 24 मामलों में सिर्फ छह का हुआ निस्तारण

केटी न्यूज/बलिया



जनपद के सभी तहसीलों में आज सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी श्री प्रवीण कुमार लक्षकार एवं पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर ने तहसील बैरिया में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 24 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 06 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में पेंशन, भूमि विवाद, प्रधानमंत्री आवास, राशन, सड़क, अवैध कब्जा, अंश, चकबंदी तथा सड़क बनाए जाने आदि से सम्बन्धित मामले आए, जिसमें संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सुनील कुमार तथा क्षेत्राधिकारी धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मालीपुर गांव में नहर के पास मिला युवक का शव, मचा कोहराम

16 नवंबर को घर से निकलने के बाद से था लापता

केटी न्यूज/सिकंदरपुर

थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद गांव निवासी एक व्यक्ति का शव उंभाव थाना क्षेत्र के मालीपुर गांव के नहर के पास रविवार को मिला था। जिसका शव सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि क्षेत्र के मुस्तफाबाद गांव निवासी ओमप्रकाश भारती (33) पुत्र सत्यराम 16 नवंबर को अपने घर से निकला था। जब शाम तक वह घर नहीं आया तो घर के लोग इधर उधर उसे ढूंढा मगर पता नहीं चला। फिर ये सोच कर घर चले आए कि ओमप्रकाश कही गया होगा तो वापस घर आ जाएगा। मगर ऊपर वाले को शायद कुछ और ही मंजूर था। रविवार को खून से लथपथ ओमप्रकाश का शव उभांव थाना क्षेत्र के मालीपुर नहर के पास मिलने से सनसनी फैल गयी। वहीं नहर के पास एक व्यक्ति के अचेत होने की सूचना पर उभांव थाना के एक होमगार्ड मौके पर पहुंचकर अचेत व्यक्ति को सीएचसी सीयर पहुंचाया। जहाँ डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। किसी तरह परिजनों को ओमप्रकाश की मौत की सूचना मिली तो वह लोग बलिया पहुंच ओमप्रकाश के रूप में शिनाख्त की। ओमप्रकाश की मौत से परिजन दहाड़े मारकर रोने लगे। वहीं वहां मौजूद सबकी आंखें नम हो गई।

कोटेदार के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन

बांसडीह। तहसील क्षेत्र में सूर्यपुरा गांव के ग्रामीणों ने सोमवार को कोटेदार की दबंगई व राशन वितरण में अनियमितता को लेकर तहसील में प्रदर्शन किया और तहसीलदार को शिकायती पत्र सौंपकर कोटेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि कोटेदार हरिद्वार सिंह द्वारा समस्त ग्रामीणों से अक्टूबर माह के राशन के लिए 663 लोगों का ई पाश मशीन पर अंगूठा लगवा लिया और अब वह 20 - 30 लोगों को राशन देने के बाद ग्रामीणों को राशन देने से मना कर रहा है। आरोप है कि कोटेदार राशन मांगने पर विवाद भी कर रहा है। इस मनमानी से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रकरण में तहसीलदार ने ग्रामीणों की शिकायत पर जांच कर कारवाई का आश्वासन दिया।

मऊ जिला महिला अस्पताल सभागार में परिवार नियोजन पर कार्यशाला का आयोजन

परिवार नियोजन के स्थाई और अस्थाई दोनों साधन सुरक्षित

केटी न्यूज/मऊ



जिला महिला अस्पताल सभागार में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. जय शंकर प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में प्रसव पश्चात परिवार नियोजन के स्थाई और अस्थाई साधनों के उपयोग के बारे में कार्यशाला का आयोजन पीएसआई इण्डिया के सहयोग से किया गया। सीएमएस डा जयशंकर प्रसाद ने बताया की परिवार नियोजन योजना में शामिल दोनों साधन स्थाई और अस्थाई पूरी तरह सुरक्षित, काफी कारगर व प्रभावी है। इसलिए, सुविधानुसार दोनों में से कोई भी साधन को बेहिचक अपना सकते हैं। खासकर ऐसी महिला, जो परिवार नियोजन के स्थाई साधन को अपनाने के लिए तैयार और इच्छुक है। किन्तु, उसका शरीर ऑपरेशन के लिए सक्षम नहीं वह बेहिचक अस्थाई साधन अपना सकती हैं। अस्थाई साधन भी स्थाई साधन की तरह ना केवल कारगर है बल्कि काफी सुरक्षित और प्रभावी भी है। इसलिए, परिवार नियोजन के साधन को अपनाने के लिए इच्छुक और योग्य महिलाएँ दोनों में से कोई भी साधन को अपना सकती हैं।

वरिष्ठ चिकित्सक जिला महिला अस्पताल डा मंजू सिंह ने परिवार नियोजन के साधनो के बारे में विस्तृत जानकारी दी और उन्होंने कहा की परिवार नियोजन के दो साधन हैं। पहला स्थाई और दूसरा अस्थाई। स्थाई साधन में महिला नसबंदी और पुरुष नसबंदी की सुविधा जो जिला महिला अस्पताल में उपलब्ध है। जबकि, अस्थाई साधन के रूप में छाया, अंतरा, कॉपर-टी एवं कंडोम की सुविधा उपलब्ध है। इस सुविधा की नगरीय स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर भी पर व्यवस्था की गई है। जहां योग्य और इच्छुक लाभार्थी जाकर सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। पीएसआई इंडिया के केवल सिंह सिसोदिया ने कहा कि समाज के हर तबके के सभी परिवार को गुणवत्तापूर्ण जिंदगी जीने के लिए परिवार नियोजन के साधन को अपनाना बेहद जरूरी है। क्योंकि हम तभी गुणवत्तापूर्ण जिंदगी जी सकते और बच्चे को उचित परवरिश व अच्छी शिक्षा दे सकते हैं, जब हमारा परिवार छोटा और सीमित होगा। छोटा और सीमित परिवार के लिए परिवार नियोजन के साधन को अपनाना सबसे पहली नींव है। इस कार्यशाला में शारदा नारायण एवं फातिमा हॉस्पिटल से उपस्थित चिकित्सकों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इसमें जिला महिला चिकित्सालय से डा मिथलेश कुमार, हॉस्पिटल मेनेजर, प्रियका तिवारी, ज्योति किरन, नर्सिंग ऑफिसर, नर्सिंग स्टाफ, ओटी टेकनीशियन, स्टाफ नर्स एवं पीएसआई इंडिया से प्रियंका सिंह ने प्रतिभाग किया।

प्रतिवर्ष करीब 10 लाख लोगों की मौत तंबाकू के सेवन से होती है, इससे बचें: दिलीप पांडे

केटी न्यूज/मऊ



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राहुल सिंह के निर्देशानुसार राम स्वरूप भारती इण्टर कॉलेज के प्रांगण में तंबाकू मुक्त युवा अभियान एवं तंबाकू मुक्त शिक्षा संस्थान के क्रम बच्चो के समक्ष जागरूक कार्यक्रम, येलो लाईन कैपेन एवं शपथ ग्रहण का आयोजन प्रधानाचार्य एवं जिला तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला सलाहकार डा. अश्विनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के काउन्सलर बीरेंद्र यादव द्वारा तंबाकू के सेवन से एवं धूम्रपान से होने वाले कैंसर एवं अन्य गैर संचारी बीमारियों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई, साथ ही साथ सहयोगी संस्था उत्तर प्रदेश हेल्थ वॉलंटरी से आए दिलीप पांडे के द्वारा बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाने एवं जिले में तंबाकू एवं धूम्रपान से होने वाले बीमारियों के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष लगभग 10 लाख लोग तंबाकू के सेवन से अकाल मृत्यु का शिकार हो जाते हैं। इससे बचना होगा। डा.अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि तंबाकू से हृदय रोग ,स्वसन रोग एवं मुख एवं आहार नाल का कैंसर प्रमुख बीमारी है ।

संक्षिप्त समाचार

अजहर पर किया गया बम से हमला हार की हताशा का परिणाम: बाबूलाल

रांची, एजेंसी। पाकुड़ विधानसभा से आजसू उम्मीदवार अजहर इस्लाम ने दावा किया है कि उनके काफिले पर बम से हमला हुआ है। अजहर के इस दावे के बाद भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स के माध्यम से झामुमो और कांग्रेस पर आरोप लगाए हैं। बाबूलाल ने अपने पोस्ट में लिखा है कि हार की हताशा में झामुमो-कांग्रेस एनडीए प्रत्याशियों पर जानलेवा हमले करा रही है। पाकुड़ विधानसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी अजहर इस्लाम पर बम से किया गया जानलेवा हमला इसी बौखलाहट का परिणाम है। उन्होंने कहा है कि स्वस्थ लोकतंत्र में ऐसे हमलों की कोई जगह नहीं है। धनबल के सहारे चुनाव प्रभावित करने की कोशिश करने वाले झामुमो-कांग्रेस को जनता करारा जवाब देगी। साथ ही बाबूलाल ने ईसीआई से मामले पर संज्ञान लेने को कहा है। बाबूलाल ने लिखा है कि ईसीआई इस मामले का संज्ञान लेकर घटना में संलिप्त सभी आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करे।

एक घर से प्रतिबंधित मांस मिलने पर हंगामा, आक्रोशित लोगों ने की तोड़फोड़

गिरिडीह, एजेंसी। गिरिडीह में एक घर से प्रतिबंधित मांस मिलने के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गये। लोगों ने आरोपी के घर में तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया है। घटना रविवार देर रात जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र की बड़कीटांड़ पंचायत के घाघरा गांव की है। इस घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने प्रतिबंधित मांस बरामद कर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। गांव में सुरक्षा बलों की तैनात कर दी गयी है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि गांव के एक व्यक्ति के घर में प्रतिबंधित मांस मिलने की सूचना पर लोग वहां पहुंचे। जबरदस्ती दरवाजा खुलवाया तो घर के अंदर प्रतिबंधित मांस मिला। इधर, मौका देख आरोपी वहां से फरार हो गया। लोग मांस को देख भड़क गये और आरोपी के घर में तोड़फोड़ शुरू कर दी। लोग इतने आक्रोशित थे कि पुलिस के पहुंचने के बाद भी नारेबाजी करते रहे। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने माहौल को शांत कराया।

खेलने के दौरान छत से गिरी बच्ची, रिम्स रेफर

लातेहार, एजेंसी। खेलने के दौरान छत से गिरकर चार वर्षीय बच्ची सलेहा परवीन गंभीर रूप से घायल हो गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार हेरहंज प्रखंड अंतर्गत चिरू पंचायत के बड़का रोहन निवासी मो। इमरोज की चार वर्षीय पुत्री सलेहा परवीन अपने घर के छत पर खेल रही थी। खेलने के दौरान अनियंत्रित होकर बच्ची छत से नीचे गिर गई।जिससे बच्ची घायल हो गई। परिजनों ने आनन फानन में घायल बच्ची को बालूमाथ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां चिकित्सक सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार की गई। प्राथमिक उपचार के उपरांत बच्ची की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक रिम्स रांची रेफर कर दिया। डॉ सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि बच्ची का सर में गहरी चोट लगी है। स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है।

बगियारी में जयराम की चुनावी सभा में उमड़ी भीड़

बोकारो, एजेंसी। कसमार प्रखंड के बगियारी में स्थित मां मंगल चंडी मंदिर परिसर में रविवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रान्ति मोर्चा के अध्यक्ष जयराम महतो ने चुनावी सभा को संबोधित किया। जयराम ने लोगों से गोमिया विधानसभा की पार्टी प्रत्याशी पूजा को कैंची छाप पर वोट देकर विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमने आपकी एक बेटी को उम्मीदवार बनाया है। उनके सम्मान पर ठेस न पहुंचे। इसलिए इन्हें विजय बनाना जरूरी है। जयराम ने कहा कि यह केवल पूजा तक की बात नहीं है। आज अगर पूजा जीत कर सदन में विधायक बन कर जाती है तो आने वाले दिनों में दूसरी लड़कियों में भी इस बात को हिम्मत बढ़ेगा कि वह भी विधायक बन सकती है। जयराम ने कहा कि उनके गले में समस्या है। डॉक्टर ने भाषण देने को मना किया है, लेकिन मैंने साफ तौर पर कर दिया है कि 20 तारीख तक मैं किसी की बात नहीं सुनूंगा। झारखंड की दशा और दिशा को ठीक करने के लिए वोट जरूरी है।

आंख की अंधी और कान से बहरी, चंपई सोरेन ने हेमंत सरकार पर किया प्रहार



जामताड़ा/बेंगाबाद (गिरिडीह), एजेंसी। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने जामताड़ा और बेंगाबाद में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जामताड़ा के गोलपहाड़ी में सीता सोरेन और बेंगाबाद के पेसराटांड़ मैदान में मुनिया देवी के पक्ष में वोट मांगे। साथ ही सीएम हेमंत सोरेन पर जमकर निशाना साधा।

पूर्व सीएम ने कहा कि झामुमो गठबंधन की साढ़े चार साल के शासन में आदिवासी, मूलवासियों के लिए कोई भी काम नहीं किया गया। इन साढ़े चार साल में अगर कुछ हुआ है तो वो है सिर्फ भ्रष्टाचार।

चंपाई सोरेन ने कहा कि इनके शासन में बहन-बेटियों की इज्जत सुरक्षित नहीं है। आदिवासी, महिलाओं,मां-बहनों के साथ बांग्लादेशी घुसपैठियों ने अत्याचार किया है। ऐसा अत्याचार जो ब्रिटिश अत्याचार को भी पीछे छोड़ता है।साहेबगंज जिले में एक आदिवासी महिला को 50-60 टुकड़ों में काट दिया गया था। ऐसी घटना देश क्या पूरे विश्व में नहीं घटित हुई होगी। इसके बाद भी सरकार आंख की अंधी और कान से बहरी बनी रही।

संथाल परगना के एक-एक परिवार के साथ अत्याचार हुआ, जो बर्दाश्त करने लायक नहीं है। चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्य में घुसपैठियों की जनसंख्या बढ़ना और आदिवासियों, मूलवासियों की जनसंख्या घटना इन समुदायों के प्रति सरकार का नजरिया पता चलता है।

उन्होंने कहा कि खनिज संपदा पूरें राज्य की है, अगर सत्ता फिर गलत हाथों में गई तो यह खनिज को लूट-खसोट कर बर्बाद कर देंगे। न आदिवासी, न मूलवासी न दलित का विकास हो पाएगा।

चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड को संवारने, बचाने, भ्रष्टाचार को मिटाने और झारखंड के सम्मान को बचाने के लिए भाजपा प्रत्याशी मुनिया देवी को जिताएं और राज्य में अमन चैन की सरकार बनाएं। जब केंद्र में अटल बिहारी की सरकार थी तब झारखंड राज्य बना। आलचिकी लिपि को आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया।

ओडिसा राज्य के एक छोटा से गांव की आदिवासी महिला को देश का राष्ट्रपति बनाया गया। इसलिए झारखंड और आदिवासी मूलवासियों की भलाई भाजपा ही कर सकती है। वहीं, प्रत्याशी मुनिया देवी ने कहा कि इस चुनाव में आपको तय करना है कि आपको ओडिशा की बेटी चाहिए या गांडेय की बेटी।

पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने मंइयां सम्मान योजना का श्रेय लेने और वृद्धा, महिला व दिव्यांग पेंशन का भुगतान पांच महीने से रोक देने को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को घेरा। उन्होंने कहा है कि पांच महीने तक मुख्यमंत्री रहते हुए मैंने मंइया सम्मान योजना का प्रस्ताव लाया। मेरे द्वारा लाई गई योजना को हेमंत ने सही तरीके से लागू नहीं किया। हेमंत सरकार मंइया-मइंया कहकर शोर मचा रही है। चुनाव के लिए आनन-फानन में इस योजना को शुरू कर दिया गया, लेकिन फंड की व्यवस्था नहीं की गई।पांच महीने से बुजुर्गों, विधवा और दिव्यांगों की पेंशन रोककर मंइयां सम्मान की राशि दी जा रही है। भाजपा की सरकर बनते ही महिलाओं को गोगो दीदी योजना के तहत प्रति माह 2100 रुपये दिए जाएंगे। साथ ही एक हजार रुपये के स्थान पर बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांगों को हर महीने 2500 रुपये पेंशन दी जाएगी।

चंपई सोरेन ने कहा कि हेमंत सरकार आदिवासियों के हितों की बात कह ढोंग कर रही है। मुख्यमंत्री हेमंत के विधानसभा क्षेत्र बरहेट में बांग्लादेशी घुसपैठियों का वर्चस्व हो गया है। घुसपैठी आदिवासी लड़कियों को मतांतरण करा 50 टुकड़े कर रहे हैं।

कई क्षेत्रों में आदिवासी युवतियों को बहलाकर जमाई टोला तक बना दिया गया। यही हाल रहा तो आदिवासियों का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा। किसी भी आदिवासी गांव के प्राइमरी स्कूल में ओलचिकी का शिक्षक नहीं हैं। क्या आदिवासी सिर्फ प्राइमरी स्कूल में ही पढ़ने के लिए पैदा हुए हैं। वह झारखंड के् आंदोलकारी रहे हैं, लेकिन पहले वाला झामुमो नहीं रहा। हेमंत सरकार में केवल भ्रष्टाचार हुआ। मां-बहनों के साथ घुसपैठियों ने अत्याचार किया। ब्रिटिश अत्याचार को भी पीछे छोड़ दिया गया। अगर घुसपैठी बढ़ेंगे तो आदिवासी खत्म हो जाएंगे।

जामताड़ा में भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने कहा कि पूर्व सांसद फुरकान अंसारी और विधायक इरफान जामताड़ा में अलग तरीके से सत्ता चला रहे हैं। रोज आदिवासियों की सरेआम बेइज्जती की जा रही है।

भाजपा के आदिवासी कार्यकर्ता को हथियार के बल पर विधायक व उनके बाडीगार्ड ने धमकाया। यह सीधे तौर पर इनकी गुंडागर्दी है। यहां न बेटी सुरक्षित है और न ही रोटी-माटी। आदिवासी युवतियों से दूसरे धर्म वाले शादी कर उन्हें मुखिया बना रहे हैं। यही हाल रहा तो आदिवासियों का आरक्षण भी खत्म हो जाएगा।

इस चुनाव में फतवा पर भगवा भारी है: प्रतुल शाहदेव



रांची, एजेंसी। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रविवार को चंदनक्यारी में भाजपा के प्रधान कार्यालय में प्रेस वार्ता किया। कहा कि इस विधानसभा चुनाव में मौलानाओं और उलेमाओं के द्वारा इंडी गठबंधन के समर्थन में लगातार फतवा जारी हो रहा है। प्रतुल ने इसकी गहरी निंदा करते हुए कहा कि मौलानाओं को समझना चाहिए कि फतवा पर भगवा भारी रहेगा। प्रतुल ने कहा कि भगवा शौर्य का प्रतीक है और सनातनी आस्था से जुड़ा है। कुछ मुल्लाओं ने फतवा जारी कर सनातनी के स्वाभिमान को ललकारा है और इसका फैसला आगामी चुनाव में हो जाएगा।

प्रतुल ने कहा कि चंदनक्यारी में नेता प्रतिपक्ष अमर बावरी के समर्थन में अपार जनसमर्थन है। एक साधारण दलित परिवार में जन्मे एक गरीब के बेटे ने फर्श से अर्श तक का राजनीतिक सफर तय किया है। उनकी बेदाग छवि, स्पष्टवादी होना और ईमानदारी उनको इस बार चंदनक्यारी क्षेत्र से रिकार्ड मतों से जीत दर्ज कराएगी। प्रतुल ने कहा कि चंदनक्यारी में अमर बावरी हर व्यक्ति के सुख-दुख में शामिल होते हैं। जबकि विपक्ष के उम्मीदवार पांच वर्षों तक इस क्षेत्र में मिस्टर इंडिया की तरह गायब रहे। प्रतुल ने कहा कि पांच वर्षों तक हेमंत सरकार ने सिर्फ तुष्टिकरण की नीति अपनाई। हिंदू फल दुकान लिखने पर लोगों को जेल भेजा गया।

सामान्य विद्यालयों को उर्दू विद्यालय बना दिया

कहा कि सामान्य विद्यालयों को उर्दू विद्यालय बना दिया गया। मुस्लिम इलाके में रविवार की छुट्टी बदलकर शुक्रवार कर दी गई। विधानसभा में सिर्फ वोटों के तुष्टीकरण के कारण नमाज स्थल का गठन कर दिया गया। प्रतुल ने कहा झारखंड में इस बार परिवर्तन की हवा बह रही है। लोग झारखंड के इतिहास की सबसे भ्रष्ट हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तत्पर हैं। पहले चरण में भी भाजपा को दो तिहाई से ज्यादा बहुमत आ रहा है और दूसरे चरण में तो विपक्ष का सुपड़ा साफ हो जाएगा। प्रेस वार्ता में प्रदेश सोशल मीडिया सह प्रभारी राहुल नाथ शाहदेव, मृत्युंजय मुखर्जी, विकास कुमार चौधरी व बंसी सेन उपस्थित थे।

हमारी विशेषता अनेकता में एकता है: झामुमो



रांची, एजेंसी। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासिचव सुप्रियो भट्टाचार्य ने रविवार को देवघर के होटल आई टाउन शिवम में प्रेस वार्ता किया। उन्होंने कहा कि अब अगले 72 घंटे के बाद देवघर समेत संथाल परगना और कोयलांचल के 38 सीटों की वोटिंग भी पूरी हो होगी। क्योंकि 5 बजे तक का समय है, लेकिन जब लाइन लग जाती है, तो डेढ़ घंटा और आगे बढ़ जाता है। लेकिन उसके पूर्व जो 22-23 घंटे ये 22-23 घंटे में खास कर देवघर में जो धर्म भूमि है, यहां पर आकर धर्म के नाम पर लोगों को बांटने की, आपस में लड़ाने की, कोशिश शुरू हो गई है।

हम सबको जानते है जब बाबा की आरती हो या देवी मां की आरती हो, उसके बाद एक जयकारा होता है। जयकार में कहा जाता है कि धर्म की जय हो और अधर्म का नाश हो, मानवता का भला हो, विश्व का कल्याण हो, धरा का कल्याण हो, हमारा प्यार हम अमर रहे और घृणा का नाश हो, लेकिन घृणा के ऊपर ही जिस दल की घेराबंदी हो कल उसकी पराकाष्ठा देखने को मिलेगी। जब आपके इस देव भूमि में महादेव के आंगन में लोग आयेंगे और आने के बाद एक नारा सुनेंगे बटेंगे तो कटेंगे यह शब्द आये कहां से। यह लोगों को उकसाने का शब्द है। इससे सौहार्द नहीं बनता, हमारी विशेषता है, अनेकता में एकता, पूरे देश में हर पांच कोश में भाषा भी बदलती है, खान पान भी बदलता है, रीति रिवाज भी बदलते हैं, लेकिन इतने बदलाव के बाद भी हमारा जो ये महान देश है वह एक है।

300 साल यहां मुगलों का राज रहा। हिंदू धर्म, सनातन धर्म कभी खतरे में नहीं रहा। 200 साल ब्रिटिश का राज रहा। हमारा धर्म कभी संकट में नहीं आया। क्योंकि हमारा धर्म मानवता का धर्म है। प्यार का धर्म है, लेकिन 2014 के बाद अचानक हिंदू धर्म संकट में आ गया। भाजपा के कारण 2024 से बांग्लादेश का घुसपैठ है। कहा कि 2016 में 8 नवंबर को हमारी माताओं बहनों ने जो पैसे जरुरत के लिए जमा रखे थे मोदी जी उसे निकाल दिये। अब हम पैसे डाल रहें, तो इन्हें परेशानी हो रही है।

झामुमो ने आदिवासियों के लिए कोई काम नहीं किया: चंपाई सोरेन



गिरिडीह, एजेंसी। बेंगाबाद के पेसराटांड़ खेल मैदान में रविवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने जनसभा किया। चंपाई ने गांडेय विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी मुनिया देवी के पक्ष में चुनावी सभा में जनता को संबोधित किया। कहा कि हमारी मां बहन के साथ बांग्लादेशी घुसपैठियों ने अत्याचार किया है। ब्रिटिश शासन के बाद भी ये 200 साल तक भारत में कब्जा किये थे। लेकिन आदिवासी मूलवासी के साथ इस तरह का अत्याचार नहीं किया था। वहीं झारखंड के हमारे साहेबगंज जिले में एक आदिवासी महिला को 50 से 60 टुकड़ों में बांट दिया गया। पूरा भारतवर्ष क्या विश्व में शायद ऐसी सजा नहीं दी गयी होगी। इस तरह का कांड झारखंड में किया गया है। ये सरकार सुनने के बाद भी कुछ नहीं किया। यह सरकार कान से बहरी और आंख से अंधी बनी हुई है।

चंपाई ने कहा कि ये एक-एक आदिवासी के घर गये। मूलवासी के घर गये। लेकिन कुछ नहीं किये। आज बांग्लादेशी घुसपैठियों की संख्या बढ़ गयी है। इसीलिए आज अगर झारखंड को बचाना है, सिद्धू कान्हू की धरती को बचाना है, संथाल परगना की धरती को बचाना है तो कमल फूल छाप पर वोट दें। कहा कि झारखंड के सम्मान को बचाना है, भ्रष्टाचार को रोकना है तो कमल फूल पर बटन दबाना है। बहु बेटी की इज्जत बचानी है तो भारतीय जनता पार्टी को वोट देना है। कहा कि इस झामुमो, राजद और कांग्रेस ने यहां के आदिवासियों के लिए कोई काम नहीं किया। न ही मूलवासी के लिए काम किया और न ही दलित के लिए कम किया। न ही झारखंड के लिए कम किया है। सिर्फ साढ़े चार साल सिर्फ लूट और भ्रष्टाचार किया है।

चंपाई ने कहा कि प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई ने ही इस झारखंड को राज्य का दर्जा दिया। हम कहते हैं कि हमलोगों की ओलचिकी लिपि भी अगर कोई आठवीं अनुसूची में शामिल किया है तो वे अटल बिहारी बाजपेई थे। देश में अगर आदिवासी को सम्मान दिया है तो भारतीय जनता पार्टी है। ओडिशा के एक छोटे से गांव के आदिवासी महिला को आज देश का राष्ट्रपति बना दिया है। कौन कहता है कि आदिवासी का सम्मान नहीं किया। संथाल परगना की धरती पर देखिए एक आदिवासी के जमीन पर कब्रिस्तान बना दिया गया। बांग्लादेशी घुसपैठिये आदिवासी के साथ जबरन शादी करके उसी के घर में रह रहा है। उसके घर को जमाई टोला बोलकर सैकड़ों घर बनाता जा रहा है। आदिवासियों वहां से खत्म हो रहे हैं। ये हाल संथाल परगना का है ओर आज वर्तमान सरकार उसको देख नहीं पा रही है। उसका आज भी ध्यान उधर नहीं है और न ही सुनाई दे रहा है। हम तो देख रहे हैं संथाल परगना धरती पर किस स्थिति में आज वहां के आदिवासी और मूलवासी हैं।

चंपाई ने कहा कि इसे देखकर आपका दिल रो देगा। एक-एक गांव एक-एक परिवार के साथ अत्याचार हो रहा है। बर्दाश्त करने के लायक नहीं है। इसलिए इस धरती, झारखंड, संथाल को बचाना है तो एक-एक वोट भारतीय जनता पार्टी को देना है। हमारा झारखंड गरीब नहीं है। हमारा झारखंड खनिज संपदा से भरा हुआ है।



लातेहार में महिला हत्याकांड का खुलासा, दो आरोपित गिरफ्तार

लातेहार, एजेंसी। पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र में हुए चर्चित महिला हत्याकांड का खुलासा कर दिया। पुलिस ने इस हत्याकांड को अंजाम देने वाले आरोपितों धनंजय पाठक और निशाल ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया। दोनों लातेहार के रहने वाले हैं।

डीएसपी अरविंद कुमार ने रविवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि गत 13 नवंबर को सदर थाना क्षेत्र के नवोदय स्कूल के पास एक घर में किराए पर रहने वाली महुआडांड़ निवासी महिला सलिमा तिग्गा की हत्या कर घर के कमरे में ही शव में आग लगा दी गयी थी।

मामले की छानबीन के दौरान पुलिस ने साक्ष्य के आधार पर लातेहार निवासी धनंजय पाठक और निशाल ठाकुर को हिरासत में लेकर जब पूछताछ की तो दोनों ने महिला की हत्या का खुलासा किया। आरोपितों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि दोनों का संबंध पिछले कई दिनों से महिला से था। कुछ दिनों से पैसे को लेकर विवाद भी हुआ था। दोनों 13 नवंबर को दोनों महिला के घर गए थे और एक साथ बैठकर शराब पी थी। साथ ही खाना भी खाया था।

इसी बीच महिला और उन दोनों के बीच पैसे को लेकर विवाद होने लगा। इस पर दोनों ने महिला के सिर पर पत्थर से मार दिया। उन्हें जब लगा कि महिला की मौत हो गई है तो उन्होंने घर में रखे बिस्तर में शव को लपेटकर आग लगा दी थी। डीएसपी बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपितों को जेल भेज दिया गया है।

झारखंड के चुनावी मैदान से कल्पना की हुंकार, बीजेपी को बताया विकास विरोधी पूंजीवादी सरकार

बोकारो/गोड्डा, एजेंसी। रविवार को नावाडीह प्रखंड के डाही में झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा नहीं चाहती है कि हमारी मां-बहनों को सम्मान मिले। भाजपा को हेमंत सरकार की ओर से किए गए विकास कार्य नहीं दिख रहा है। यही कारण है कि भारतीय जनता पार्टी जनता को दिग्भ्रमित करने का प्रयास कर रही है।

कल्पना सोरेन ने कहा कि बीते पांच वर्षों में राज्य की अबुआ सरकार ने कई जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारकर अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की दिशा में काम किया। यही कारण है कि भाजपाइयों के पेट में दर्द होने लगा है। भाजपा के लोग विकास विरोधी हैं। कल्पना ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य



को बकाया राशि देना नहीं चाहती, ताकि यहां समुचित विकास नहीं हो सके।

भाजपा हिंदू, मुस्लिम, अगड़ा-पिछड़ा कर जनता को दिग्भ्रमित करती रही, लेकिन अब इन्हें यहां की जनता समझ चुकी है। आज मंइयां सम्मान योजना से लाखों महिलाएं के खाते में खटाखट राशि जा रही है। अब झारखंड की जनता जवाब देगी कि समाज को तोड़ने वालों की सरकार बनेगी या जोड़ने वाले की। कल्पना सोरेन ने कहा कि जनहित में लिए गए निर्णय को केंद्र सरकार बराबर बाधित कर रही है, जिससे पिछड़ों का आरक्षण, सरना धर्म कोड, स्थानीय नियोजन नीति रुकी हुई है।

झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी ने कहा कि डुमरी के विकास से विपक्षी परेशान है। विकास को गति देने के लिए सभी के आशीर्वाद की जरुरत है।

गोड्डा स्थित बिषाहा पंचायत अंतर्गत रजौन मोड़ के मैदान में कल्पना सोरेन ने महागठबंधन के प्रत्याशी संजय प्रसाद यादव के पक्ष में मतदान करने के लिए जनसभा को संबोधित किया। कल्पना ने कहा कि मंइयां सम्मान योजना के माध्यम से महिलाओं के बैंक खाता में 1000 रुपये की राशि भेज दी गई।

दिसंबर माह में राशि बढ़ाकर 2500 कर दी गई है। झारखंड सरकार ने सभी जाति के लिए अबुआ आवास पास किया। बीजेपी ने इसके विरोध में हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी।

बीजेपी को बताया पूंजीवादी सरकार

मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कल्पना सोरेन ने कहा कि यह सरकार पूंजीवादी सरकार है। दलित, आदिवासी व गरीब को सम्मान देने वाली नहीं। केंद्र की बीजेपी सरकार किसी भी योजना में अड़चन लगाने वाली सरकार है। इसकी कथनी और करनी में काफी अंतर है।

कांके सीओ ने जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाने के लिए झारभूमि पोर्टल से मिटाया रिकॉर्ड, ईडी ने अदालत को सौंपा साक्ष्य

रांची, एजेंसी। कांके सीओ जय कुमार फर्जी दस्तावेजों से जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में गिरफ्तार कमलेश कुमार के लिए झारभूमि के पोर्टल से पुराना रिकॉर्ड मिटाते थे। उनके सहयोग से ही कमलेश ने फर्जी कागज के जरिये नन सेलेबल जमीन बेची। जमीन पर कब्जा करने के लिए नकली कागजात बनाये। जमीन के ऑनलाइन रिकॉर्ड के साथ छेड़छाड़ की। सरकारी दस्तावेजों में भी गड़बड़ी की। इससे जुड़े संबंधित साक्ष्य प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अदालत को सौंप दिया है।

ईडी ने कांके के वर्तमान सीओ जय कुमार राम पर मौजा खटंगा, मौजा नगड़ी, मौजा चामा, मौजा बुकरू और मौजा पतरातू में कमलेश कुमार को लाभ पहुंचाने के लिए जमीन के ऑनलाइन रिकॉर्ड में छेड़छाड़ का गंभीर आरोप लगाया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कहा है कि सीओ जय कुमार राम ने 21 जून 2024 को झारभूमि के ऑनलाइन रिकॉर्ड में छेड़छाड़ की। सीओ ने कमलेश कुमार द्वारा जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल कर बेची गयी जमीन के असली दस्तावेजों से संबंधित ऑनलाइन रिकॉर्ड मिटाये। साथ ही जमीन की फर्जी जमाबंदी कायम करने में सहायता पहुंचायी।

ईडी ने अदालत को जय कुमार राम द्वारा मिटाये हुए 16 और छेड़छाड़ की गयी जमीन के चार दस्तावेज सौंपे हैं। इसमें उन्होंने बताया है कि झारभूमि के ऑनलाइन रिकॉर्ड में छेड़छाड़ करने के लिए एक खास तकनीक का प्रयोग किया गया। यूजर आईडी कांके सीओ जयकुमार राम का ही है।ईडी ने जयकुमार राम पर कांके अंचल के खाता संख्या 42 में प्लॉट संख्या 1045, 1046, 1047, 1048, 1197, 1198, 1199, 1201, 1202, 1204, 1205, 1206, 1207, 1208, 1209, 1210, 1211, 1212, 1213, 1219, 1220, 1222, 1223, 1224, 1225, 1226, 1227, 1228, 1229 और 1230 के रिकॉर्ड में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि कांके सीओ ने झारभूमि में ओम शंकर प्रसाद, पिता स्व राधे लाल प्रसाद के नाम से कायम जमाबंदी दो दिसंबर 2021 को सुबह 10।54 बजे मिटा दी। फिर उसी दिन 2।54 बजे महावीर साहू, पिता भवानी शंकर साहू के नाम से फर्जी जमाबंदी कायम कर दी। बाद में भवानी शंकर साहू का नाम सुधारते हुए उसे भवानी शंकर साहू उर्फ गोविंद साहू भी किया। फिर 21 जून 2024 को पूरा रिकॉर्ड डिलिट कर दिया।

सुभाषितम्

जबतक कष्ट सहने की तैयारी नहीं होती तब तक लाभ दिखाई नहीं देता। लाभ की इमारत कष्ट की धूप में ही बनती है। - विनोबा भावे

मणिपुर हिंसा का असर केंद्र और मणिपुर की सरकार पर

समय तेजी के साथ बदलता है। समय के साथ कैसे चीजें बदलती हैं। इसका उदाहरण है, मणिपुर में जिस तरह से हिंसा फैली है। वहां के 17 विधायकों ने सरकार से समर्थन वापस लेने की घोषणा कर दी है। जब मणिपुर की सरकार बनी थी, उस समय 60 सदस्यों की विधानसभा में 52 विधानसभा सदस्यों का समर्थन मुख्यमंत्री वीरेन सिंह को प्राप्त था। अब 17 विधायकों के समर्थन वापस लेने के बाद केवल 35 विधायक सरकार के समर्थन में बचे थे। वर्तमान हिंसा के बाद 14 भाजपा विधायकों ने वीरेन सिंह को मुख्यमंत्री पद से हटाने के लिए भाजपा हाईकमान को अल्टीमेटम दे दिया है। मणिपुर में जिस तरह से विधायकों, मंत्री और मुख्यमंत्री के घरों पर हमला हो रहा है। भारी सुरक्षा बल तैनात होते हुए भी भीड़ पर सुरक्षा बल काबू नहीं कर पा रहा है। इससे मणिपुर की स्थिति बहुत विस्फोटक हो गई है। पूर्वोत्तर राज्यों में भी इसका असर देखने को मिलने लगा है। केंद्र ने यदि इन्हें जल्द नहीं हटाया, तो वीरेन सिंह के पक्ष में केवल 21 विधायक बचे रहेंगे। जबकि मुख्यमंत्री बने रहने के लिए उन्हें 31 विधायकों का समर्थन आवश्यक होगा। विधायक लगातार मुख्यमंत्री वीरेन सिंह को हटाने की मांग कर रहे थे। लेकिन उनकी मांग केंद्र सरकार द्वारा नही माने जाने पर अब विद्रोह की स्थिति बन गई है। मणिपुर में नगा पीपुल्स फ्रंट के 5, एनपीपी के 7, जदयू के 5 और 3 निर्दलीय विधायक समर्थन वापस ले चुके हैं। अब 14 भाजपा विधायकों ने विद्रोह कर दिया है। इससे तय है, मणिपुर के मुख्यमंत्री वीरेंद्र सिंह को तत्काल नहीं हटाया गया, तो मणिपुर की सरकार एक-दो दिन के अंदर गिर जाएगी। ऐसी स्थिति में केंद्र के पास एक ही रास्ता रह जाएगा, मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करे और मणिपुर की सारी जिम्मेदारी केंद्र सरकार स्वयं अपने हाथ में ले। मणिपुर में पूर्णकालिक राज्यपाल की नियुक्ति नहीं की गई है। भाजपा के प्रति पूर्वोत्तर के राज्यों में भारी नाराजी देखने को मिल रही है। पूर्वोत्तर के राज्य, केंद्र सरकार के साथ इसलिए रहते हैं कि उन्हें केंद्र से अधिक से अधिक आर्थिक सहायता मिलेगी। पूर्वोत्तर राज्यों के छात्र-छात्राओं को बेहतर सुरक्षा और शिक्षा मिलेगी। केंद्र में भाजपानीत सरकार होने के कारण पूर्वोत्तर के राज्यों की क्षेत्रीय पार्टियों ने भाजपा को समर्थन दिया। लेकिन पिछले महीनों से लगातार हिंसा को देखते हुए पूर्वोत्तर के राज्यों का मिथक भाजपा को लेकर टूट गया है। 25 नवंबर से संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होने जा रहा है। मणिपुर की हिंसा, वक्फ बोर्ड विधेयक, महंगाई, बेरोजगारी, झारखंड महाराष्ट्र और उपचुनाव के परिणाम का असर इस शीतकालीन सत्र में देखने को मिलेगा। शेयर बाजार में भारी गिरावट, डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत में गिरावट, आर्थिक मंदी, बैंकों में नगदी की कमी, सेबी प्रमुख माधुरी बुच को लेकर संसद में भारी हंगामा होना तय माना जा रहा है। केंद्र सरकार पर चारों तरफ से हमले हो रहे हैं। इंडिया गठबंधन आज भी एकजुट बना हुआ है। एनडीए गठबंधन और भाजपा के अंदर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह को चुनौतियां मिलना शुरू हो गई हैं। महाराष्ट्र, झारखंड के चुनाव परिणाम और विभिन्न राज्यों में जो उपचुनाव हो रहे हैं। यदि उनके परिणाम अनुकूल नहीं रहे तो विपक्ष और आक्रामक मुद्रा में होगा। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में जिस तरह का छात्र आंदोलन शुरू हुआ है। उससे लोगों को 1975 के छात्र आंदोलन की यादें आने लगी हैं। केंद्र सरकार की स्थिति मे बदलाव आना तय माना जा रहा है। चुनाव आयोग द्वारा जिस तरह से चुनाव में भाजपा को समर्थन करने का आरोप लग रहा है। उसके कारण अब चुनाव आयोग की साख आम जनता के बीच खत्म हो चुकी है। एक सर्वे में 73 फीसदी मतदाता चुनाव आयोग पर अविश्वास जता चुके हैं। बांग्लादेश जैसी स्थिति भारत में बनने की आशंका जाहिर की जा रही है। चुनाव आयोग के बारे में लोग मुखर होकर विरोध कर रहे हैं। सड़कों पर आंदोलन पहले से ही शुरू हो चुके हैं। चुनाव आयोग की कार्य प्रणाली को लेकर अब इंडिया गठबंधन के सभी राजनीतिक दल ईवीएम से चुनाव करने के पक्षधर नहीं हैं। चुनाव आयोग और ईवीएम मशीन के खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन छेड़ने की बात शुरू हो गई है। वक्फ बोर्ड विधेयक पर जेपीसी बनाई गई थी। जेपीसी अध्यक्ष को लेकर जिस तरह से सारे विपक्ष ने एकजुट होकर उनके ऊपर अविश्वास व्यक्त करते हुए, लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा है। ऐसी स्थिति में सरकार यदि वक्फ बोर्ड विधेयक लेकर आती है तो एनडीए गठबंधन के सहयोगी दल सरकार को मतदान के समय तगड़ा झटका दे सकते हैं।

पुरुषों के अस्तित्व एवं सुरक्षा की मांग क्यों उठने लगी

ललित गर्ग



दुनिया में अब महिला दिवस की भांति पुरुष दिवस प्रभावी रूप में बनाये जाने की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है। अब पुरुष भी अपने शोषण एवं उत्पीडित होने की बात उठा रहे हैं। महिलाओं की ही भांति अब पुरुषों पर भी उपेक्षा, उत्पीड़न एवं अन्याय की घटनाएं पनपने की बात की जा रही है। महिला दिवस की तर्ज पर ही पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस भी मनाया जाने लगा है। पहला अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस 1999 में 19 नवंबर को डॉ. जेरोम टीलकसिंह ने त्रिनिदाद और टोबैगो में मनाया था। पुरुष दिवस दुनिया के 30 से अधिक देशों में मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम सकारात्मक पुरुष रोल मॉडल है। यह ऐसा एक वैश्विक उत्सव है जो पुरुषों के सकारात्मक योगदान और उपलब्धियों का जश्न मनाता है, साथ ही पुरुषों के स्वास्थ्य, कल्याण और लैंगिक समानता को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करता है। यह दिन पुरुषों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का समर्थन करने वाली चचाओं और कार्यों को बढ़ावा देने, सकारात्मक रोल मॉडल को प्रोत्साहित करने और अधिक समावेशी समाज की वकालत करने का अवसर प्रदान करता है। कुछ वर्ष पूर्व भारत में सक्रिय अखिल भारतीय पुरुष एशोसिएशन ने भारत सरकार से एक खास मांग की कि महिला विकास मंत्रालय की भांति पुरुष विकास मंत्रालय का भी गठन किया जाये। इसी तरह यूपी में भारतीय जनता पार्टी के कुछ सांसदों ने यह मांग उठाई थी कि राष्ट्रीय महिला आयोग की तर्ज पर राष्ट्रीय पुरुष आयोग जैसी भी एक संवैधानिक संस्था बननी चाहिए। इन सांसदों ने इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा था। पत्र लिखने वाले एक सांसद हरिनारायण राजभर ने उस वक्त यह दावा किया था कि पत्नी प्रताड़ित कई पुरुष जेलों में बंद हैं, लेकिन कानून के एकतरफा रुख और समाज में हंसी के डर से वे खुद के ऊपर होने वाले घरेलू अत्याचारों के खिलाफ आवाज नहीं उठा रहे हैं। प्रश्न है कि आखिर पुरुष इस तरह की अपेक्षाएं क्यों महसूस कर रहे हैं लगता है पुरुष अब अपने ऊपर आघातों एवं उपेक्षाओं से निजात चाहता है। तरह-तरह के कानूनों ने उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को धुंधलाया है। जबकि आज बदलते वक्त के साथ पुरुष अब अधिक जिम्मेदार और संवेदनशील हो चुका है। कई युवा पुरुष समाज-निर्माण की बड़ी जिम्मेदारियों को उठा रहे हैं और अपनी काबिलीयत व जुनून से यह साबित भी कर रहे हैं। आज का पुरुष सिर्फ खुद को नहीं बल्कि महिलाओं के साथ कदम मिलाकर आगे बढ़ता है। वह यह सुनिश्चित कर रहा है कि उन्हें भी आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें व उन्हें किसी भी भेदभाव का सामना न करना पड़े। यह परिवर्तन आज सभी इंडस्ट्री जैसे मीडिया, हॉस्पिटैलिटी, बैंकिंग, उद्योग, व्यापार आदि में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है, जहां महिलाएं शीर्ष पदों पर काम कर रही हैं। सिर्फ यही नहीं पुरुषों को अब महिलाओं के नेतृत्व में कार्य करने में भी झिझक नहीं महसूस होती। संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी इस दिवस को मान्यता देते हुए इसकी आवश्यकता को बल दिया और पुरजोर सराहना एवं सहायता दी है। एक तरफ जहां महिलाएं सशक्त हो रही हैं, वहीं पुरुषों की भी छवि समाज में बदलती जा रही है। कुछ वर्ष पूर्व की बात करें तो पुरुषों को लेकर समाज में ढेरों रुढ़िवादी विचार थे, महिलाओं के शोषण एवं उसे दोयम दर्जा दिये जाने का आरोप उस पर लगता रहा है। जिनमें अब तेजी से परिवर्तन हो रहे हैं। पुरुष एक ऐसा शब्द जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। नारी जहां जीवन को परिपूर्णता देती है तो वहीं पुरुष ही इसका आधार है। नारी जन्मदात्री है तो पुरुष जीवन-निमार्ता है। भारतीय समाज में ह्यमर्द को दर्द नहीं होताह्र या फिर जब कोई पुरुष रोता है तो मर्द बनो और रोना बंद करो जैसी बातें बोली जाती हैं। पिछले कई सालों से पुरुषों की समाज में संघर्षशील व कठोर छवि को प्रस्तुत किया गया है। लेकिन मुख्य सवाल है कि आखिर मर्द या पुरुष हैं कौन जो घोड़े दौड़ाता है, शिकार करता है, या फिर जो अच्छे सूट में, चमचमाती कार में ऑफिस जाता है और घर पर भी अपनी तारीफ ही सुनना चाहता है। एक रौबदार छवि, आक्रांता, शोषक, असंवेदनशीलता एवं अत्याचारी वाली उसकी छवि क्या वास्तविक छवि है असल में पिछले कुछ वर्षों में मर्द की परिभाषा में एक उदारवादी एवं संवेदनशील बदलाव देखने को मिला है। अब पुरुष या मर्द वो नहीं जो हमें अब तक पूर्वाग्रही रूढ़िवादी मानसिकता बताती हैं, बल्कि उससे कहीं ज्यादा वो है ऐसा आधारस्तंभ है जो जिम्मेदारी उठाता है, जो सिर्फ चमकदार जूते एवं कपड़े ही नहीं पहनता बल्कि समाज व देश को भी चमकदार बनाने के लिए आगे आता है, परिवार की जिम्मेदारियों को ढोता है। अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस एक वार्षिक कार्यक्रम है जो पुरुषों और लड़कों की चुनौतियों और अनुभवों को पहचानने और उनका समाधान करने के महत्व पर प्रकाश डालता है। यह पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य, सकारात्मक पुरुषत्व और लैंगिक समानता के बारे में बातचीत को प्रोत्साहित करता है। पुरुषों के मुद्दों को संबोधित करने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया जाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि लैंगिक समानता एक सामूहिक प्रयास है, जिससे पुरुष और महिला दोनों को लाभ होता है, तथा पुरुषों की भलाई पर ध्यान देना इस यात्रा का एक अनिवार्य हिस्सा है। समाज रूपी गाड़ी को सही से चलाने के लिए यह बेहद जरूरी है कि महिलाएं उसका विरोधी होने के बजाय सहयोगी बने। उन्हें किसी भी भेदभाव का सामना न करना पड़े। मानवीय रिश्तों में दुनिया में सबसे बड़ा स्थान मां के रूप में नारी को दिया जाता है, लेकिन एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता के रूप में पुरुष का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। महिला ममता का सागर है पर पुरुष उसका किनारा है। महिला से ही बनता घर है पर पुरुष घर का सहारा है। महिला से स्वर्ग है महिला से बैकुंठ, महिला से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पुरुष ही है। उन्हीं पुरुषों के सम्मान में पुरुष दिवस मनाया जाता है।

जमुई से मोदी का चुनावी शंखनाद

कुमार कृष्णन

जनजातीय गौरव दिवस, जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के साथ ही रोहंगिया और घुसपैठिया का मसला संथाल परगना इलाके का बड़ा चुनावी मसला बना हुआ है। आगामी 20 नवंबर को संथाल परगना इलाके में मतदान है। वहीं महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए राज्य की 288 विधानसभा सीटों के लिए भी 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। उस बाबत नरेंद्र मोदी का झारखंड के गोड्डा में चुनावी सभा और बिहार के जमुई में जनजातीय गौरव सम्मान सभा के कई मायने निकल रहे हैं। भगवान बिरसा मुंडा की 150 वी जन्म जयंती समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को विशुद्ध राजनीतिक उद्देश्यों से लबरेज माना जा रहा है। जमुई से प्रधानमंत्री ने दक्षिण बिहार की राजनीति को साधने की कोशिश की। माना जा रहा है कि इसी के साथ वो आदिवासी समाज के साथ नए तेवरों में जुड़े और झारखंड विधानसभा चुनाव के अगले चरण का शंखनाद भी कर दिया।अब इसे संयोग माने या फिर प्रधानमंत्री मोदी की रणनीति।अक्सर देखा गया है कि लोकसभा चुनाव के दौरान उनका कार्यक्रम ऐसी जगह बनाया जाता रहा जहां के बगल वाले क्षेत्र पर भी उनके भाषण, ऐलान का प्रभाव पड़ सके। जमुई में प्रधानमंत्री मोदी का जनजातीय गौरव दिवस समारोह में आना कहीं उस मुहावरा के सापेक्ष तो नहीं, जिसमें कहा जाता है कहीं पर निगाहें,कहीं पर निशाना।

झारखंड में 26 फीसदी आबादी आदवासी है। पिछले दो दशकों में इनकी संख्या में कमी आई है, लेकिन ये अभी भी काफी प्रभावी हैं।60 फीसदी से ज्यादा वधिानसभा सीटों पर आदवासी अभी भी निर्णायक स्थतिि में हैं। सिर्फ झारखंड नहीं, महाराष्ट्र में भी आदवासियों की अच्छी खासी आबादी है। महाराष्ट्र की 32 से 35 सीटों पर वे जीत हार तय करने की स्थतिि में हैं।यही वजह है कि दिल्ली-बिहार से दोनों राज्यों के आदवासियों को साधने की कोशशि की है। इससे पहले मध्य प्रदेश राजस्थान-छत्तीसगढ़ चुनाव में भी भाजपा ने इसी तरह की कोशशि की थी।उस समय प्रधानमंत्री मोदी झारखंड के उलिहातु पहुंच गए थे, जो भगवान बिरसा मुंडा की जन्मभूमि है।देशभर के आदिवासी नेताओं को पहले ही मैदान में उतारा जा चुका है। इस बार का जनजातीय गौरव दिवस खास रहा, क्योंकि पूरे देश में बिरसा मुंडा की 150वीं जन्मजयंती के उत्सव शुरू हो रहे हैं।ये कार्यक्रम अगले एक साल तक चलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष आज के दिन मैं धरती आबा बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू में था। आज उस धरती पर आया हूं, जिसने शहीद तिलका मांझी का शौर्य देखा है। प्रधानमंत्री ने मुझे यहां भगवान बिरसा मुंडा के वंशज श्री बुद्धराम मुंडा जी का भी स्वागत सत्कार किया। सिद्धू कान्हू जी के वंशज श्री मंडल मुर्मू जी का भी मुझे कुछ दिन पहले ही सत्कार करने का सौभाग्य मिला था। उनकी उपस्थिति से इस आयोजन की इस आयोजन की शोभा और बढ़ गई है। धरती आबा बिरसा मुंडा के इस भव्य स्मरण के बीच आज छह हजार करोड़ रुपयों से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण प्रधानमंत्री ने किया। इनमें आदिवासयों के लिए करीब डेढ़ लाख पक्के घरों के स्वीकृति पत्र हैं। आदिवासी बच्चों का भविष्य संवारने वाले स्कूल हैं, हॉस्टल हैं, आदिवासी महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं हैं, आदिवासी क्षेत्रों को जोड़ने वाली सैंकड़ों किलोमीटर की सड़के हैं। आदिवासी संस्कृति को समर्पित म्यूजियम है, रिसर्च सेंटर हैं।आदिवासी महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं हैं, आदिवासी क्षेत्रों को जोड़ने वाली सैंकड़ों किलोमीटर की सड़के हैं। आदिवासी सांस्कृति को समर्पित म्यूजियम है, रिसर्च सेंटर हैं। 11 हजार से अधिक आदिवासी परिवारों का अपने नए घर में देव दीपावली के दिन गृह प्रवेश भी हो रहा है। प्रधानमंत्री ने यह जताने की कोशिश की कि पिछली सरकार ने आदिवासियों के वलिदान को नजरअंदाज किया, तब जनजातीय गौरव मनाने की आवश्यकता हुई, ताकि इतिहास के अन्याय को दूर किया जा सके। प्रधानमंत्री ने स्मरण कराया कि आजादी के बाद आदिवासी समाज के योगदान को इतिहास में वो स्थान नहीं दिया गया, जिसका मेरा आदिवासी समाज हकदार था। आदिवासी समाज वो है, जिसने राजकुमार राम को भगवान राम बनाया। आदिवासी समाज वो है जिसने भारत के संस्कृति और आजादी की रक्षा के लिए सैंकड़ों वर्षों की लड़ाई को नेतृत्व दिया। लेकिन आजादी के बाद के दशकों में आदिवासी इतिहास के इस अनमोल योगदान को मिटाने की कोशिशें की गई। इसके पीछे भी स्वार्थ भरी राजनीति थी। राजनीति ये कि भारत की आजादी के लिए सिर्फ एक ही दल को श्रेय दिया जाए। लेकिन अगर एक ही दल, एक ही परिवार ने आजादी दिलाई। तो भगवान बिरसा मुंडा का उलगुनान आंदोलन क्यों हुआ था संथाल क्रांति क्या थी कोल क्रांति क्या थी क्या हम महाराणा प्रताप के साथी उन रणबांकुरे भिलों को भूल सकते हैं क्या कौन भूल सकता है साद्री के घने जंगलों में छत्रपति शिवाजी महाराज को ताकत देने वाले जनजातीय भाई बहनों को कौन भूल सकता है अल्लूरी सीताराम राजू जी के नेतृत्व में आदिवासियों द्वारा की गई भारत माता की सेवा को तिलका मांझी, सिद्धू कान्हू, बुधू भगत, धीरज सिंह, तेलंगा खड़िया, गोविंद गुरु, तेलंगाना के राम जी गोंड, एमपी के बादल भोई राजा शंकर शाह, कुमार रघुनाथ शाह! मैं कितने ही नाम लो टंट्या भील, निलांबर झपितांबर, वीर नारायण सिंह, दीवा किशन सोरेन, जात्रा भरत, लक्ष्मण नाईक, मिजोरम की महान स्वतंत्रता सेनानी, रोपुइलियानी जी, राजमोहिनी देवी, रानी गाइदिन्ल्यू, वीर बालिका कालीबाई, गोंडवाना की रानी दुर्गावती। ऐसे असंख्य, असंख्य मेरे आदिवासी मेरे जनजातीय शूरवीरों को कोई भुला सकता है क्या मानगढ़ में अंग्रेजों ने जो नरसंहार किया था हजारों मेरे आदिवासी भाई बहनों को मौत के घाट उतार दिया गया था। क्या हम उसे भूल सकते हैं जमुई के आयोजन से प्रधान मंत्री विपक्ष पर निशाना साधने से नहीं चुके। उन्होंने कहा कि संस्कृति हो या फिर सामाजिक न्याय, आज की एनडीए सरकार का मानस कुछ अलग ही है। मैं इसे भाजपा ही नहीं बल्कि एनडीए का सौभाग्य मानता हूं कि हमें द्रोपदी मुर्मु जी को राष्ट्रपति बनाने का अवसर मिला। वह देश की पहली आदिवासी राष्ट्रपति है। मुझे याद है जब एनडीए ने द्रौपदी मुर्मु जी का राष्ट्रपति का उम्मीदवार बनाना तय किया, तो हमारे नीतीश बाबू ने पूरे देश के लोगों को अपील की थी, कि द्रोपदी मुर्मु जी को भारी मतों से जीताना चाहिए। आज जिस पीएम जनमन योजना के तहत अनेक काम शुरू हुए हैं। उसका श्रेय भी राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु जी को ही जाता है। जब वो झारखंड की राज्यपाल थीं और फिर जब वो राष्ट्रपति बनीं तो अक्सर मुझसे आदिवासियों में भी अति पिछड़ी आदिवासी जनजातियों का जिक्र किया करती थीं।

दर्दनाक मंजर: मासूम नवजात बच्चों की जलने से मौतों का दोषी कौन

नरेन्द्र भारती

कैसी विडंबना है कि जीवनदान देने वाले अस्पताल अब शमशान घर बनते जा रहे हैं। झाँसी अस्पताल में नवजात बच्चों की अभी आखे भी नहीं खुली थी कि आगजनी ने ऊन बेकसूर बच्चों के प्राण ही हर लिए। ताजा घटनाक्रम में शुक्रवार रात को झाँसी मेडिकल कालेज में आग से 10 नवजात शिशुओं की दर्दनाक मौत हो गई खिड़की तोड़कर 39 नवजात बच्चों को बचा लिया गया' आग लगने की जाँच की जा रही है 'कुछ वर्ष पहले महाराष्टर के भंडारा जिला अस्पताल में आग लगने से 10 नवजात बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई थी सात बच्चों केा सुरक्षित बचा लिया गया था। नवजात बच्चों की आयु एक महिने से तीनमहिने के बीच थी। तीन नवजात शिशुओं की आग से जलने से मौत हो गई थी जबकि सातबच्चों की दम घुटने से मौत हो गई थी। यह हादसा रात को घटित हुआ था। चिर निद्रा में सोए नवजात सदा के लिए सो गए।ऐसे हादसों सेआत्मा सिहर उठती है। मां-बाप अपने नवजात बच्चों को ढूंढ रहे थे मगर सब खत्म हो चुका था। अग्निशमन के जवानों ने 7 नवजातों को बचा लिया था। अस्पतालमें 17 नवजात थे। इस दर्दनाक मंजर से हर आंख नम है। पल भर में चीखो पुकारमच गई। मासूम नवजात बच्चे चंद मिनटों में राख में तबदील हो गए। लापरवाही बरतने वालों पर मुकदमा चलाया जाए जिनकी गलती से यह दर्दनाक घटना हुईहै। सरकार ने मुआवजे की घोषणा कर दी है। सरकार ने जांच के आदेश दे दिए है।आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। आग के कारण नवजात बच्चों की दर्दनाक मौते होना बहुत ही त्रासदी है। नवजात बच्चे असमय काल के गालमें समा गए। दुखद पहलू है कि जहां लोग जीवन बचाने के लिए जाते है अगर वहां मौत नसीब हो तो यह वहुत ही खौफनाक त्रासदी है। लापरवाही बरतने वाले लोगों पर हत्या का केस दर्ज करना चाहिए जिनकी वजह से 10 नवजातों की मौते हुई हैऔर घरों में मातम छाया है। लापरवाही न बरती होती तो बच्चे असमय काल के गाल में नही समाते।नवजातों की मौत से हर भारतीय सदमें में है। समय समय पर देश में ऐसे दर्दनाक हादसे होते रहते है मगर व्यवस्था में सुधार नहीं होरहा है। बच्चो ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि उन्हे तडफ-तड़फ कर मरना होगा ऐसी मौत नसीब होगी। यह हादसा लोगों को इतने जख्म दे गया कि जख्म तो भर जाएगें मगर निशान अमिट रहेगें। घर के चिराग अस्त हो गए। नन्हे फूल खिलनेसे पहले ही मुरझा गए। प्रतिदिन देश के अस्पतालों में कोई न कोई हादसा होता रहता है कभी आग से बच्चे झुलस जाते है सरकारों को इन हादसों पर संज्ञान लेना होगा दोषी लोगों पर कारवाई करनी चाहिए।ऐसी वारदातें लापरवाही की पराकाष्ठा है।ऐसे हादसों की जांच होनी चाहिए कि ऐसी लापरवाहीके लिए कौन जिमम्वेार है। इसकी जबाबदेही होनी चाहिए तथा दोषीयों के खिलाफ अपराधिक व हत्या का मामला चलाना चाहिए। यह बहुत ही घोर लापरवाही है।असपताल प्रबंधन को इस हादसे से सबक लेना चाहिए ताकि आने वाले भविष्य कोसुरक्षित किया जा सके और लोगों को अकाल मौत न मिल सके। लोगों ने सपने मेंभी नहीं सोचा था कि उनके नवजात बच्चों केा ऐसी दर्दनाक मौत नसीब होगी। यह कोई नया हादसा नहीं है। देश में अस्पतालों में हर रोज कहीं न कहीं से ऐसेहादसे होतें रहते है कुछ दिन व्यवस्था ठीक रहती है फिर वही परिपाटी चलपडती है।

चिंतन-मनन

मूल्य भावना का

भगवान बुद्ध जेतवन में ठहरे हुए थे। हर सुबह वह भिक्षावृत्ति को निकलते तो उन्हें मार्ग में एक किसान अपने खेत में काम करता मिलता। अपने कार्य के प्रति उसकी निष्ठा देख बुद्ध के मन में उसके लिए करुणा उमड़ी। वह प्रतिदिन वहां रुककर उस किसान को कुछ उपदेश देने लगे। जब उस किसान की फसल तैयार हुई तो उसने संकल्प किया कि वह अपनी फसल का एक हिस्सा भगवान बुद्ध को और भिक्षु संघ को भेंट करेगा। दुर्योगवश उसी रात मूसलाधार वर्षा हुई और उसकी सारी फसल चौपट हो गई। अगले दिन जब भगवान बुद्ध वहां से गुजरे तो उन्होंने किसान को वहां रोता हुआ पाया। पूछने पर किसान उनको सारी घटना सुना कर बोला, प्रभु! मुझे दुख अपने नुक्सान का नहीं, वरन इस बात का है कि मैं आपकी सेवा का यह अवसर चूक गया। बुद्ध मुस्कराए और बोले, भंते! मूल्य वस्तुओं का नहीं, भावनाओं का होता है। तुम्हारे हृदय में उमड़ी भावनाएं तो मुझ तक कल ही पहुंच गई थीं। इनके कारण तुम उससे ज्यादा पुण्य के भागी बन गए हो, जितना तुम उस फसल को समर्पित करके बनते। मेरा आशीर्वाद सदा तुम्हारे साथ है किसान की आंखें यह सुनकर नम हो उठीं।

आज का राशिफल

मेष आज आर्थिक लाभ होगा और ऑफिस में आपकी बात को पूरी तवज्जो दी जाएगी।

तुला लाभ होगा,आपके लिए शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि से भरा होगा।

वृषभ ऑफिस में कुछ अतिरिक्त कार्यभार दिया जा सकता है। आपके काम को काफी तवजजो मिलेगी।

वृश्चिक दिन शुभ है। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर धन, सम्मान, यश, कीर्ति में वृद्धि होगी।

मिथुन आज खास लाभ होगा और आज आपको कुछ जरूरी काम सौंपे जा सकते हैं।

धनु आज आपका गृहोपयोगी वस्तुओं पर खर्च होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी।

कर्क आज दिन सफलता से भरा होगा और सभी कार्य बिना किसी बाधा के पूर्ण हो जाएंगे।

मकर मन के अनुकूल लाभ होने से हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में बेहतर होगी।

सिंह राजनीतिक क्षेत्र में अशातीत सफलता मिलेगी। आप अपने सभी दायित्व को पूरा कर पाएंगे।

कुंभ कुछ बड़े खर्च आपको करने पड़ सकते हैं। भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है।

कन्या आज का दिन सच्चाई और सतर्कता से भरा होगा और आपको पारिवारिक मंगल कार्यों की खुशी होगी।

मीन आपका जीवन आनन्द में बीतेगा। पास व दूर की सकारणीय यात्रा भी हो सकती है।

विशेष

वायु प्रदूषण पर भी राजनीति

वायु प्रदूषण जैसे गंभीर मुद्दे को लेकर भी कोई राजनीति कर सकता है, यह सोचने वाली बात है, लेकिन ऐसा हो रहा है। जिम्मेदारी लेने की बजाय आरोप लगाने का दौर शुरू हो गया है। भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा है। भाजपा नेताओं का आरोप है कि आप सरकार ने पिछले 10 वर्षों में प्रदूषण नियंत्रण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए। भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल के अनुसार आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल के निकम्मेपन के कारण, हम आज यह दिन देख रहे हैं जब दिल्ली में जहरीली हवा में सांस लेना पड़ रहा है। वहीं भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा, कि दिल्ली में हर दिन वायु प्रदूषण के नए रिकॉर्ड बन रहे हैं, लेकिन आप सरकार ने सिर्फ राजनीति की। कुल मिलाकर राजनीतिक रोटियां तो सैंकी जा सकती हैं, लेकिन वायु प्रदूषण कैसे मिटाया जाए कोई जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं दिख रहा।

कब थमेगी मणिपुर वाली यह हिंसा

मणिपुर में रविवार रात एक बार फिर हिंसा भड़की और इसी दौरान आगजनी भी हुई। इस बार हिंसक भीड़ ने जिरीबाम जिले के बाबूपुरा में बीजेपी और कांग्रेस के दफ्तरों में लूटपाट और तोड़फोड़ की। दफ्तरों से फर्नीचर निकालकर जला दिए गए। स्थिति को काबू करते हुए सुरक्षाबलों ने फायरिंग की, जिसमें एक युवक की मौत भी हो गई। इससे पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अपने चुनावी दौरों को बीच में ही रद्ध कर नई दिल्ली पहुंचे थे और मणिपुर की स्थिति पर चर्चा की थी, लेकिन हालात संभलते नहीं दिखे हैं।

कार्टून कोना



आज का इतिहास

1899 सूडान के खलीफा अंग्रेजों के साथ लड़ाई में मारे गए। 1917 श्रीमती इंदिरा गांधी का जन्म। 1961 फ्रांस की जेलों में बंद अल्जीरिया के पांच हजार बंदियों ने राजनीतिक बंदी का दर्जा दिए जाने के बाद अपनी भूख हड़ताल समाप्त की। 1971 वेटिकन ने अमीर और गरीब के बीच खाई को पाटने के लिए राष्ट्रसंघ की योजना का जोरदार समर्थन किया। 1978 गयाना की फौजों ने एक विशेष समुदाय के शिविर को घेर कर सैकड़ों शव बरामद किए लेकिन किसी को गिरफ्तार नहीं कर सकी। 1982 नौवें एशियाई खेल दिल्ली में शुरू हुए। 1987 इराक के कुर्दिश शहर दोहुक में ईरानी हमले में दस लोग मारे गए और सैकड़ों अन्य घायल हो गए। 1997 बुकोवार पर यूगोस्लाविया के कब्जे के बाद वहां से कई हजार शरणार्थी भाग निकले। 1993 प्रसिद्ध उद्योगपति जे.आर.डी.टाटा का निधन।

दैनिक पंचांग

19 नवम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	वृश्चिक में	वृश्चिक	06.03 ब.से
चंद्र	मिथुन में	धनु	08.23 बजे से
मंगल	कर्क में	मकर	10.28 बजे से
बुध	वृश्चिक में	कुंभ	12.14 बजे से
गुरु	वृष में	मीन	13.47 बजे से
शुक्र	धनु में	मेष	15.18 बजे से
शनि	कुंभ में	वृष	16.58 बजे से
राहु	मीन में	मिथुन	18.56 बजे से
केतु	कन्या में	कर्क	21.09 बजे से
राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक		सिंह	23.26 बजे से
		कन्या	01.37 बजे से
		तुला	03.48 बजे से

मंगलवार 2024 वर्ष का 324 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** मृगशीर्ष (दक्षिण भारत में कार्तिक) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्थी 17.29 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** आर्द्रा 14.56 बजे को समाप्त। **योग** साध्य 14.56 बजे को समाप्त। **करण** बालव 17.29 बजे तदनन्तर कौलव 05.03 बजे प्रातः को समाप्त। **चन्द्रायु** 17.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 19° 31' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872168 **जूलियन दिन** 2460633.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जमादि उलावल **तारीख** 16 **विशेष** श्रीमती इंदिरा गांधी जयंती, अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
रोग	05.53 से	07.22 बजे तक	काल	05.42 से	07.13 बजे तक
उद्वेग	07.22 से	08.15 बजे तक	लाभ	07.13 से	08.45 बजे तक
चर	08.15 से	10.19 बजे तक	उद्वेग	08.45 से	10.16 बजे तक
लाभ	10.19 से	11.48 बजे तक	शुभ	10.16 से	11.48 बजे तक
अमृत	11.48 से	01.16 बजे तक	अमृत	11.48 से	01.19 बजे तक
काल	01.16 से	02.45 बजे तक	चर	01.19 से	02.51 बजे तक
शुभ	02.45 से	04.13 बजे तक	रोग	02.51 से	04.22 बजे तक
रोग	04.13 से	05.42 बजे तक	काल	04.22 से	05.54 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



बच्चों को अखबार पढ़ने से मिलते हैं ढेर सारे फायदे

कुछ लोग रोजाना सुबह उठकर अखबार पढ़ना पसंद करते हैं। ना सिर्फ लोग बल्कि कई स्कूलों में भी बच्चों को पढ़ने के लिए अखबार दिए जाते हैं। लेकिन प्रश्न यह है कि अखबार पढ़ने से बच्चों को कौन से फायदे मिलते हैं? दरअसल रोजाना अखबार पढ़ने की हैबिट हर उम्र के लोगों के लिए बहुत अच्छी मानी जाती है। इस आदत की मदद से आपको लाइफ टाइम ढेर सारे फायदे मिलते हैं। चलिए जानते हैं इस विषय के बारे में विस्तार से।

रीडिंग हैबिट होती है अच्छी

अखबार बोल-बोल के पढ़ने से बच्चों की रीडिंग हैबिट काफी अच्छी होती है। अखबार में लिखी खबरों के लिए हर तरह के शब्दों का इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में जब बच्चे खबर पढ़ते हैं तो उससे उन्हें शब्दों को तोड़-तोड़ कर पढ़ना आ जाता है।

खबरों के बारे में चलता है पता

चाहे कोई बच्चा हो या बड़ा, हमें खबरों के बारे में अच्छे से पता होना चाहिए। शुरुआत से ही खबरों पर पकड़ बनाने पर आगे चलकर एक अच्छी नॉलेज मिल पाती है। बच्चे जब खबर पढ़ते हैं तो उन्हें देश और विदेश में क्या चल रहा है यह भी मालूम हो जाता है।

लिखना सुधरता है

पढ़ने के साथ-साथ बच्चों को लिखना सिखाने के लिए भी अखबार की मदद ली जा सकती है। बच्चा जब खबरों की पंक्तियों को पढ़ता है तो उसे वाक्य बनाने आते हैं और मात्राओं को भी ज्ञान मिलता है।

शब्दकोश मजबूत होता है

अखबार पढ़ने से हमारा शब्दकोश भी बड़ा होता है जिससे हम बात करते वक्त अपनी भावनाओं को ढेर सारे शब्दों में व्यक्त कर पाते हैं। बच्चों का शब्दकोश बड़ा होने पर उनके लिखने की आदत भी सुधरी है।

नौकरी में मिलती है मदद

जब एक बच्चा अखबार पढ़कर ऊपर दिए गए सारे बिंदु प्राप्त कर लेता है तो उसे नौकरी के दौरान होने वाले इंटरव्यू को देने में बहुत मदद मिलती है। साथ ही पत्रकारिता जैसे बहुत सारे प्रोफेशन में लिखना एक मुख्य कौशल होता है। जो बच्चे शुरुआत से ही अखबार पढ़ते हैं उन्हें आगे चलकर नौकरी में बहुत मदद मिलती है।



इन दिनों गोवा के होटल में एक हत्या सुर्खियों में है। होटल में जिसकी हत्या हुई और जो गिरफ्तार हुआ, दोनों की पहचान सामने आने से हर कोई हैरान रह गया। इस हत्या का आरोप एक मां पर लगा है। आरोप है कि सूचना सेठ नाम की एक महिला ने अपने 4 साल के बच्चे की हत्या कर दी है। दरअसल, अपने पति वेंकेट रमण से अलग होने के बाद बच्चे की कस्टडी को लेकर लड़ाई चल रही थी। इसी बीच कोर्ट ने पिता को बच्चे से मिलने की परमिशन दे दी। इस बात से सूचना सेठ काफी परेशान थी। इसी कारण उसने बच्चे की हत्या कर दी। इसके बाद से एक मां का बच्चे के साथ व्यवहार और क्रूरता को लेकर कई तरह के सवाल खड़े होते हैं। कुछ मां ऐसी होती हैं जिन्हें शायद अपने बच्चों की मासूमियत भी नहीं समझ आती है। जरूरत इस बात की है कि अपने गुस्से को कंट्रोल कर बच्चे की मासूमियत को एंज्वॉय करना चाहिए। आज हम आपको बच्चे की परवरिश के साइकोलॉजिकल टिप्स के बारे में बताएंगे।

बच्चों पर ज्यादा गुस्सा आए तो क्या करें

कई बार पेरेंट्स बच्चों की हरकतों से परेशान होकर उन्हें डांट देते हैं। पर हर बार आपका बच्चा गलत ही हो ये जरुरी नहीं। दरअसल, कभी-कभी आपको चाहिए कि आप अपने बच्चों की बातो को भी सुनें और समझें। अपने काम से थोड़ा फ्री होकर उनके साथ भी वक्त बिताएं। बच्चों को भी ये लगना चाहिए कि उनके मां-बाप उनकी बातों को समझते हैं। ऐसा करने से आपके बच्चे की बिहेवियर में सुधार भी आएगा।

अपने गुस्से और इमोशन्स पर करें कंट्रोल

अगर आपको कभी आपके बच्चे पर गुस्सा आता है, तो आपको कंट्रोल करना चाहिए। ऐसा करने से बच्चे के दिमाग पर गलत प्रभाव पड़ता है। हो सकता है कि बच्चा आपसे डरने लगे और आपसे बात करना बंद कर दे। इसलिए जरुरी है कि बच्चों की नादानी को उनका मासूमियत समझकर अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें।

अच्छे-अच्छे एग्जाम्पल दिखाएं

अपने बच्चे को अच्छी आदतों का उदाहरण देकर समझाएं। गलत चीजों के ऊपर डांटने की जगह अगर आप उन्हें सही आदतों के बारे में समझाएंगे तो शायद उनके दिमाग में पोजिटिविटी आएगी। साथ ही, आपको बच्चों के व्यवहार में काफी कई सारे नए बदलाव भी नजर आएंगे।

सही समय पर करें बात

बच्चे जब ज्यादा जिद्द करने लगे तो उन्हें बड़े ध्यान से हैंडल करना होता है। उनको समझाने के लिए बच्चों के मूड के अनुसार सही समय का इंतजार करें। जब लगे कि आपका बच्चा सही मूड में है और आपके पास बैठ रहा है तो उस टाइम आप उसे प्यार से समझा सकती हैं।

बच्चों के सामने पोजिटिव अप्रोच

बच्चे अक्सर तभी खुश होते हैं और पेरेंट्स की बात सुनते हैं जब कुछ उनके मन के अनुसार हुआ हो। इसलिए आपको चाहिए कि आप बच्चों के सामने पोजिटिव अप्रोच रखें। जैसे अगर आपके बच्चे को घूमना पसंद है तो बच्चे से कभी-कभी घूमने का प्रॉमिस करके अपना काम आसान कर सकती हैं।

प्लास्टिक की बोतल की मदद से किए जा सकते हैं गार्डन के ढेर सारे काम

घर के खाली हिस्से में गार्डन बनाना हम सभी को अच्छा लगता है। कुछ लोग सब्जियां उगाते हैं तो कुछ खूबसूरत फूल से गार्डन को सजाते हैं। गार्डन में लगे पौधों को हरा-भरा रखने के लिए कुछ चीजों का इस्तेमाल करना बहुत जरूरी होता है। आप भी गार्डन के लिए बहुत सा सामान मार्केट से खरीदते होंगे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि प्लास्टिक की बोतल से भी आप गार्डन के ढेर सारे काम कर सकते हैं।

बीज संभाल कर रखें

पौधों को लगाने के लिए हम सभी बीज खरीदते हैं लेकिन बहुत बार बीज बच जाते हैं। कई बार तो बीज का पैकेट ही बड़ा होता है। ऐसे में एक साथ ढेर सारे पौधे लगाने के बजाए हम कुछ बीज को संभाल कर रख लेते हैं। बीज को पैकेट में रखने से अच्छा है कि आप उसे किसी मजबूत चीज में संभाल कर रखें। इसके लिए आप घर पर रखी प्लास्टिक की बोतल यूज कर सकते हैं। वहीं अगर आपकी बोतल ज्यादा बड़ी और बीज कम हो तो आप बोतल को काट कर छोटा भी कर सकते हैं।

बनाएं स्प्रे बोतल

पौधों का ध्यान रखने के लिए बहुत से लोग तरह-तरह के फर्टिलाइजर का इस्तेमाल करते हैं। अगर आप घर पर फर्टिलाइजर बनाते हैं तो आप स्प्रे बोतल भी मार्केट से खरीदने की बजाए घर पर ही बना सकते हैं। बोतल आप कोई भी ले सकते हैं और उसके ढक्कन में छेद कर पौधों पर स्प्रे कर सकते हैं।

करें गमले की तरह इस्तेमाल

पौधों के गमले खरीदने के लिए खर्च करने से अच्छा है कि आप घर पर ही गमला बना लें। इसके लिए आपको प्लास्टिक की बोतल को बीच में से काटकर आधा करना है। ऐसा करने के बाद बोतल में मिट्टी और खाद डालें। अब आपका गमला बन गया है जिसमें आप पौधे लगा सकते हैं। चूंकि प्लास्टिक की बोतल से बना गमला बहुत छोटा होता है इसलिए आप इसे घर के किसी भी हिस्से में लगा सकते हैं।

सजाएं गार्डन

गार्डन में गमलों को जमीन पर लगाने के साथ-साथ दीवारों पर या किसी रस्सी की मदद से टांगा भी जा सकता है। प्लास्टिक की बोतल पर रंग कर आप उससे काफी खूबसूरत गमला बना सकते हैं।

ढक्कन को ऐसे करें यूज

बोतल के साथ-साथ ढक्कन को भी मिट्टी में खड़ा कर पौधों की बाउंड्री बनाने के लिए यूज कर सकते हैं। इसके लिए आपको कम से कम 10 से 15 ढक्कन की जरूरत होगी जिन्हें आप खुल्ला-खुल्ला लगा कर सजा सकते हैं। इन ढक्कन पर रंग की किया जा सकता है।



अपने बच्चों के लिए पढ़ाई को मजेदार बनाएं

अक्सर बच्चों का ध्यान पढ़ाई में लगवाना मुश्किल होता है। क्योंकि पढ़ने के लिए बैठते ही कभी बच्चों को टॉयलेट की याद आती है तो कभी भूख लग जाती है। कुछ बच्चों की आदत होता है कि वह पढ़ाई से अपना मन चुराते दिखाई देते हैं। ऐसे में बच्चों के अंदर कंसंट्रेशन को बढ़ाना एक परेशानी भरा काम है, खासकर तब, जब वह बहुत ज्यादा एक्टिव होते हैं। अगर आपके घर में ऐसा है, तो आपको कुछ टिप्स जानने की जरूरत है जिससे आप अपने बच्चों के लिए पढ़ाई को मजेदार बना सकते हैं।

माहौल बनाएं

कई माता-पिता की आदत होती है कि बच्चे की बात सुने बिना वह बच्चे को बस पढ़ने बैठा देते हैं। जिससे बच्चों का पढ़ाई में मन ही नहीं लगता है। ऐसे में बच्चे को क्लासरूम में भेजने से पहले आपको कुछ ऐसा करना होगा जो बच्चों का ध्यान पढ़ाई की ओर आकर्षित करें। इसके लिए आप कुछ आकर्षक स्टेशनरी का सहारा ले सकते हैं। इसके लिए आप बच्चों को खूबसूरत स्टेशनरी से भरा हॉबी बैग दे सकते हैं।

टू-डू लिस्ट

बच्चे इस बात को सुनकर काफी ज्यादा एक्साइटेड रहते हैं कि वह आज पूरा दिन कैसे बिताएंगे। ऐसे में आप शुरूआत से ही उन्हें एक टू-डू लिस्ट बनाने की आदत डालें। ऐसा करने से वह समय-समय पर वहीं काम करेंगे। साथ ही ऐसा करना उनके लिए काफी एक्साइटिंग भी होगा। साथ ही ऐसे में उनकी कंसंट्रेशन पावर भी बढ़ेगी।

फ्लोचार्ट और लाइफ लर्निंग

आप अपने घर में टेक्सचर प्रिंटेड बुलेटिन बोर्ड लगवा सकते हैं। इसे देखने से भी आपके बच्चे का ध्यान आकर्षित होगा। इस बोर्ड पर आप उन चीजों को पिन कर सकते हैं जो आपने अपने बच्चे से करने को कहा है। इस पर आप कुछ इंटरेस्टिंग फोटो भी लगा सकते हैं जो बच्चे के कोर्स से जुड़ी हो जिसे जानने के लिए वह उत्सुक रहे।

व्हाइट बोर्ड और चाक बोर्ड

बाजार में इन दिनों एक बोर्ड मिल रहा है, जो एक तरफ से व्हाइट बोर्ड और दूसरी तरफ से चाक बोर्ड का काम करता है। इस तरह के बोर्ड पर पढ़ाई करना बच्चों के लिए काफी एक्साइटिंग होता है। इस पार आप उन्हें अच्छे से समझा सकते हैं। साथ ही वह भी खेल-खेल में भी इस बोर्ड के सहारे पढ़ाई कर सकते हैं।

टेबल-कुर्सी

आप बच्चों के लिए इस तरह की टेबल खरीदें जिसकी बनावट, डेस्क, स्टोरेज, लाइट आदि सब कुछ हो। अगर बच्चे की टेबल में ही सब कुछ होगा तो उन्हें सामान भी आसानी से मिल जाएगा। ऐसे में वह अपनी जगह से तब ही उठेंगे जब उनकी पढ़ाई पूरी हो जाएगी!



पति-पत्नी साथ मिलकर समझदारी और सहयोग से करें धन की बचत

अकेले घर का ख़र्च उठाना पुरुष के लिए थोड़ा मुश्किल होता है। सारे ख़र्चों से उसे ही निपटना पड़ता है। परंतु अगर पत्नी भी नौकरी करती है और समान रूप से हिस्सेदारी निभाती है तो ख़र्चे वहन करने के साथ-साथ बचत भी की जा सकती है। जब पति-पत्नी मिलकर बचत करते हैं या वित्तीय लक्ष्यों के लिए रणनीति बनाते हैं, तो वे आर्थिक रूप से ज़्यादा ख़ुश रहते हैं। जिंदगी से जुड़े सभी फैसले पति-पत्नी एक साथ मिलकर लेते हैं, लेकिन जब ख़र्चों और बचत की बात आती है तो वे पीछे रह जाते हैं। कुछ तरीक़ों और तरकीबों से इसकी शुरुआत कर सकते हैं।

बजट से शुरुआत करें

पति-पत्नी साथ बैठकर अपने एक-एक ख़र्च की सूची तैयार करें। इसमें हर छोटे से छोटे ख़र्च को शामिल करना है। इसके लिए आपको कम से कम आधा-एक घंटा तो देना ही होगा। हर हफ़्ते यानी शनिवार या रविवार को दोनों साथ बैठकर बजट की समीक्षा करें। इससे पता चलेगा कि आपने जो बजट तय किया है उसके अनुसार आप चल रहे हैं या नहीं।

बचत की रेस लगाएं

हर महीने दंपती पैसे बचाने और ख़र्च कम करने की रेस लगा सकते हैं। इसके लिए दोनों एक-एक बॉक्स अपने पास रखें। पति और पत्नी को अपने-अपने बॉक्स में पैसे जमा करने हैं। पैसे किसी ख़रीदारी में बचाए हुए हो सकते हैं या अतिरिक्त ख़र्चों को रोककर जोड़े जा सकते हैं। महीने के अंत में जिसने ज़्यादा धन जोड़ा वो जीत जाएगा। हर महीने ये धन राशि अपने-अपने बैंक के खाते में जमा कर दें।

एक ख़र्च करे दूसरा बचाए

पति-पत्नी की आय बराबर हो ऐसा ज़रूरी नहीं। ऐसे में जिसकी आय ज़्यादा है उसे घर और निजी ख़र्च के लिए रखें, जिसकी आय कम है उसे सुरक्षित कर सकते हैं। ऐसा मुमकिन नहीं है तो दोनों की आय की आधी-आधी रक़म बचत के लिए और आधी ख़र्च के लिए इस्तेमाल की जा सकती है। लेकिन ध्यान रखें कि आधी आय बचत के रूप में सुरक्षित करनी ही है।

एक-दूसरे से छुपाएं नहीं

सेविंग अकाउंट है और दोनों ने उससे कुछ ख़रीदा है तो एक-दूसरे को अवश्य बताएं, कुछ छुपाएं नहीं। छोटे-छोटे ख़र्च भी छुपाएंगे तो इसका असर बजट पर पड़ेगा। इस बात का भी ध्यान रखें कि अगर क्रेडिट कार्ड है तो उसका इस्तेमाल कम या न ही करें। क्रेडिट कार्ड से आप वो सामान ख़रीदते हैं जिनका भुगतान किया नहीं है। यह एक तरह का उधार है, और उधार किसी भी रूप में सही नहीं है।

समझदारी दिखाएं

जन्मदिन या शादी की सालगिरह पर एक-दूसरे को क़ीमती उपहार देना अपने आप में बड़ा ख़र्च हो जाता है। इसके बजाय आप निवेश करने में थोड़ी समझदारी दिखा सकते हैं। क्योंकि कई जगह महिलाओं को निवेश करने में टैक्स छूट मिलती है, जैसे कि घर। अगर आप ऐसी जगह निवेश करने जा रहे हैं तो पत्नी के नाम से निवेश कर सकते हैं।

संक्षिप्त समाचार

राहत : टमाटर के दाम एक महीने में 22 फीसदी घटे, फिर भी 52 रुपये किलो



नई दिल्ली, एजेंसी। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा, एक माह में दिल्ली के आजादपुर मंडी में टमाटर का थोक भाव 50 फीसदी घटकर 2,969 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। 14 अक्तूबर को यह 5,883 रुपये था। महाराष्ट्र के पिंपलगांव, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक की मंडियों में भी कीमतें गिरी हैं। पूरे देश में आपूर्ति बढ़ने से खुदरा बाजार में टमाटर की कीमत एक महीने में 22.4 फीसदी घट गई है। 14 अक्तूबर को 67.50 रुपये किलो बिकने वाला टमाटर अब 52.35 रुपये पर आ गया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा, एक माह में दिल्ली के आजादपुर मंडी में थोक भाव 50 फीसदी घटकर 2,969 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। 14 अक्तूबर को यह 5,883 रुपये था। महाराष्ट्र के पिंपलगांव, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक की मंडियों में भी कीमतें गिरी हैं। मंत्रालय के मुताबिक, हालांकि आंध्र प्रदेश के मदनपल्ले और कर्नाटक के कोलार में प्रमुख टमाटर केंद्रों पर आवक कम हो गई है, लेकिन महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गुजरात से मौसमी आवक के कारण देश भर में आपूर्ति की कमी को पूरा करने के कारण कीमतें कम हो रही हैं। टमाटर उत्पादन चार फीसदी बढ़कर 213.20 लाख टन होने का अनुमान है। प्रमुख उत्पादक राज्यों में अक्तूबर और नवंबर मुख्य बुआई का समय है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कीमतों पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से एक और प्याज एक्सप्रेस दिल्ली पहुंची है। नासिक से विशेष मालगाड़ी से करीब 1,341 टन प्याज दिल्ली पहुंचा है। इनको सीधे खेतों से निकटतम उपलब्ध रेलवे नेटवर्क तक ले जाया गया।

ओमान, यूएई, कतर और सिंगापुर से भी भारत में है सस्ता सोना



नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में पिछले दिनों में सोने की कीमतों में लगातार गिरावट आई है, जिसके परिणामस्वरूप सोने की कीमत अब मध्य-पूर्व के देशों जैसे ओमान, यूएई, कतर और सिंगापुर से 4प्रतिशत तक सस्ती हो गई है। सोने की कीमतों में यह गिरावट खासकर घरेलू सराफा बाजार में देखी जा रही है, जहां 30 अक्टूबर को 24 कैरेट सोने का दाम 79,581 रुपए प्रति 10 ग्राम था, जो अब घटकर 73,739 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया है। इस गिरावट के साथ, 18 दिन के अंदर सोने की कीमत में 5,842 रुपए (7.34प्रतिशत) की कमी आई है। वहीं, मध्य-पूर्व देशों में सोने की कीमतें बढ़ी हैं। ओमान में 24 कैरेट सोना 75,763 रुपए, यूएई में 76,204 रुपए, कतर में 76,293 रुपए और सिंगापुर में 76,805 रुपए प्रति 10 ग्राम है। इन देशों में भू-राजनैतिक तनाव और सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ने के कारण सोने की कीमतों में वृद्धि हो रही है। भारत में सोने की कीमतें अब कतर से भी 3.3 प्रतिशत सस्ती हैं।

सोयाबीन-कपास के किसानों को मिलेंगे प्रति हेक्टेयर 5000, ओएनजीसी में दूसरी तिमाही के नतीजे जारी

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को कहा कि सोयाबीन और कपास की खेती करने वाले किसानों के बैंक खातों में अतिरिक्त 5,000 रुपये प्रति हेक्टेयर भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मलयेशिया और इंडोनेशिया से खाद्य तेलों पर आयात शुल्क बढ़ाकर 27.5 फीसदी कर दिया गया है, ताकि घरेलू बाजारों में तेल की मिलें घरेलू किसानों से सोयाबीन खरीद सकें। केंद्रीय मंत्री ने भावांतर भुगतान योजना के बारे में भी बताया। भावांतर भुगतान योजना एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसमें सरकार किसानों को एमएसपी और जिस दर पर वे अपनी फसल बेचते हैं, उसके अंतर की भरपाई करती है। उन्होंने कहा, दूसरी योजना में, आईसीएआर आलू, प्याज और टमाटर जैसी फसलों के लिए आदर्श दर निर्धारित करेगा और उत्पादन लागत पर किसानों को 50 फीसदी का लाभ देगा।

ओएनजीसी ने वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के परिणामों को मंजूरी दी है। इसमें वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के नतीजे घोषित किए हैं। कंपनी ने 17.1 फीसदी की वृद्धि के साथ 11,984 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया है। साथ ही 6 रुपये प्रति शेयर का अंतरिम लाभांश घोषित किया है। घरेलू उत्पादन बढ़ाने पर निरंतर जोर देने के साथ ओएनजीसी कच्चे तेल के उत्पादन में गिरावट की प्रवृत्ति को पलटने में सक्षम रही है। वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही के दौरान स्टैंडअलोन कच्चे तेल का उत्पादन (कंडेनसेट को छोड़कर) 4.576 एमएमटी था, जो वित्त वर्ष 24 की इसी तिमाही की तुलना में 0.7 फीसदी की वृद्धि दर्ज करता है।

निवेशकों में जागरूकता फैलाने के प्रयास के तहत सेबी ने एनआईएसएम, बीएसई, एनएसई, एमसीएक्स, एनसीडीईएक्स, सीडीएसएल, एनएसडीएल और एएमएफआई के साथ मिलकर 43वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) में भारत का शेयर बाजार मंडप



स्थापित किया है। मंडप का उद्घाटन सेबी के पूर्णकालिक सदस्य कमलेश सी. वार्ष्णेय ने किया। सेबी भौतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता फैलाने में सक्रिय रूप से लगा हुआ है। सेबी इन्वेस्टर वेबसाइट वीडियो लर्निंग मॉड्यूल, वित्तीय कैलकुलेटर और वित्तीय स्वास्थ्य जांच जैसे उपकरण प्रदान करती है।

एनटीपीसी ने मेथनॉल के लिए स्वदेशी उत्प्रेरक किया विकसित

एनटीपीसी की अनुसंधान एवं विकास शाखा नेत्रा ने भारतीय पेट्रोलियम संस्थान (आईआईपी), देहरादून के सहयोग से कार्बन डाईऑक्साइड (सीओ2) को मेथनॉल में हाइड्रोजनीकरण करने के लिए स्वदेशी उत्प्रेरक विकसित किया है। किसी भी रासायनिक संश्लेषण के लिए उत्प्रेरक एक आवश्यक घटक है। उत्प्रेरक के लक्षण-निर्धारण के बाद, उत्प्रेरक के दीर्घकालिक मात्रात्मक और गुणात्मक प्रदर्शन का मूल्यांकन विशेष रूप से डिजाइन किए गए 10 किलोग्राम/दिन मेथनॉल पायलट प्लांट में किया जा रहा है।

गेल (इंडिया) लिमिटेड ने एडीएनओसी गैस के साथ 2026 से शुरू होने वाले 0.52 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमएमटीपीए) तक तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की डिलीवरी के लिए 10 साल के बिक्री और खरीद समझौते (एसपीए) पर हस्ताक्षर किए। यह किसी भारतीय खरीदार के साथ एडीएनओसी गैस का पहला एसपीए है। गेल के निदेशक (विपणन) संजय कुमार ने कहा कि देश में विविध क्षेत्रीय पैटर्न में प्राकृतिक गैस की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए एलएनजी की मांग बढ़ रही है।

हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (हडको) ने वित्तीय वर्ष 2025 की प्रथम छमाही में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जो दर्शाता है कि इस वृद्धि से प्रमुख वित्तीय मापदंड के क्षेत्र में नए रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। वित्तीय वर्ष 2025 की प्रथम छमाही में हडको के परिणामों की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार है। इसमें ऋण स्वीकृति में अब तक के सबसे बड़े ऋण के संबंध में स्वीकृतियां हासिल की। ऋण संवितरण में गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 3,723 करोड़ रुपये से लगभग 6 गुना की उत्तरोत्तर वृद्धि दर्ज की, जो अब तक की सबसे अधिक 21,699 करोड़ रुपये की राशि का प्रथम छमाही का ऋण संवितरण है।

बीएचईएल पावर प्लांट के लिए सफल बोलीदाता के रूप में उभरा

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल), एनटीपीसी लिमिटेड के तेलंगाना स्टेज- 2 सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट (3×800 मेगावाट) के मुख्य संयंत्र पैकेज की स्थापना के अनुबंध में सफल बोलीदाता के रूप में उभरा है। इस अनुबंध के तहत, बीएचईएल के कार्य क्षेत्र में डिजाइन, इंजीनियरिंग, विनिर्माण, आपूर्ति, निर्माण, कमीशनिंग और सिविल निर्माण शामिल हैं। वर्तमान में बीएचईएल को इस सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के लिए मुख्य संयंत्र पैकेज के बुनियादी इंजीनियरिंग कार्य शुरू करने के लिए एनटीपीसी लिमिटेड से आगे बढ़ने के लिए सीमित नोटिस (एलएनटीपी) प्राप्त हुआ है। यह परियोजना एनटीपीसी के साथ बीएचईएल की साझेदारी को और मजबूत करती है, जहां बीएचईएल ने देश भर में एनटीपीसी के थर्मल पावर परियोजनाओं में 57 फीसदी से अधिक का योगदान दिया है।

गेल के निदेशक (वित्त) राकेश कुमार जैन सम्मानित

गेल (इंडिया) लिमिटेड के निदेशक (वित्त) राकेश कुमार जैन को एक निजी चैनल की ओर से आयोजित राष्ट्रीय आर्थिक विकास शिखर सम्मेलन 2024 में भारत में शीर्ष 50 दूरदर्शी सीएफओ के रूप में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके असाधारण नेतृत्व और गेल की सफलता में वर्षों से योगदान के लिए मिला है। वह पेशे से कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट हैं। वे 1992 में गेल में मैनेजमेंट ट्रेनी के तौर पर शामिल हुए थे।

टैक्सपेयर्स को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की चेतावनी



नई दिल्ली, एजेंसी। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने रविवार को टैक्सपेयर्स को आगाह किया है कि यदि इनकम टैक्स रिटर्न में विदेश में स्थित संपत्ति या विदेशी स्रोत से अर्जित आय का खुलासा नहीं किया गया तो काला धन कानून के तहत 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया जा सकता है। विभाग ने हाल ही में एक कंप्लायंस और अवेयरनेस कैंपेन शुरू किया है, जिसके अंतर्गत टैक्सपेयर्स को यह जानकारी देने के लिए पब्लिक एडवाइजरी जारी की गई है कि वे असेसमेंट ईयर 2024-25 के लिए अपने जीएसटी में ऐसी जानकारी दर्ज करें। ट्रस्ट जिसमें व्यक्ति ट्रस्टी है, विदेश में रखी कोई अचल संपत्ति, अभिरक्षक खाते, इक्विटी या ऋण हित, और हस्ताक्षर प्राधिकारी वाले खाते। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने बताया कि जिन टैक्सपेयर्स की विदेशी संपत्ति या विदेशी स्रोत से आय है, उन्हें आईटीआर में विदेशी संपत्ति या विदेशी स्रोत से आय की जानकारी को अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा। यह नियम उन पर भी लागू होता है जिनकी आय कर योग्य सीमा से कम है या जिन्होंने विदेश में संपत्ति प्रकट स्रोतों से अर्जित की है।

सस्ता हो रहा सोना, अच्छे फायदे के लिए करें निवेश

आगे दाम में आ सकती है तेजी



नई दिल्ली, एजेंसी। वैश्विक विपरीत आर्थिक स्थितियों के बीच शेयर बाजारों से लेकर सोने-चांदी में पिछले 50 दिनों से भारी गिरावट जारी है। सोना और चांदी हाल के दिनों मे सस्ता हो चुके हैं। ऐसे में सोने में निवेश का गणित बताती रिपोर्ट- सोना और चांदी एक ऐसी बहुमूल्य संपत्ति है जो देश के हर घरों में एक भावनात्मक लगाव रखती है। हालांकि, पिछले कुछ समय से यह निवेश के साधन के तौर पर भी उपयोग में आने लगा है। खासकर, जब से सरकार ने सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की शुरुआत की है। पिछले कुछ वर्षों के आंकड़े देखें तो इन बहुमूल्य धातुओं ने शेयर बाजारों या किसी और निवेश के साधनों की तुलना में ज्यादा रिटर्न दिया है। ऐसे में इस समय गिरावट के बाद सोने में निवेश करना फायदेमंद हो सकता है।

मजबूत डॉलर और अमेरिकी महंगाई से उपजी चिंता के कारण सोना अपने शीर्ष स्तर से अब तक 5,350 रुपये प्रति दस ग्राम सस्ता हो चुका है। 30 अक्तूबर को सोने का दाम 82,400 रुपये प्रति दस ग्राम के भाव पर था। अब यह 77,050 रुपये पर आ गया है। ऐसे में अगर सोना अपने पुराने भाव पर भी हाल फिलहाल पहुंचता है तो आपको प्रति दस ग्राम 5,350 रुपये का फायदा हो सकता है। सोने का इतिहास रहा है कि इसने हमेशा लंबे समय में फायदा दिया है। जब आर्थिक स्थितियां बिलकुल विपरीत होती हैं तो सोना सबसे ज्यादा रिटर्न देता है। उदाहरण के तौर पर कोरोना के समय सोने ने मालामाल कर दिया था। उस साल में सोने के भाव में 45.64 प्रतिशत की तेजी आई थी। अक्षय तृतीय को आधार मानें तो सालाना आधार पर इसका रिटर्न उम्दा रहा है। 2024 में इसने 18.16 फीसदी का फायदा दिया है। 2023 में 19.32 फीसदी, 2022 में 6.50 फीसदी, 2021 में 2.52 फीसदी का मुनाफा दिया है।

विश्लेषकों का मानना है कि जैसे ही आर्थिक स्थितियों में सुधार होगा और शेयर बाजारों में तेजी आएगी, वैसे ही सोने के दाम फिर वापस लौटेंगे। वैश्विक स्तर पर कई देशों के बीच तनाव जारी है। महंगाई भी ऊपर है। ब्याज दरों में कटौती का चक्र अभी भी थमा हुआ है। ऐसे में आगे चलकर सोने के दाम फिर से तेज रफ्तार से बढ़ सकते हैं। अक्तूबर में शेयर बाजारों में गिरावट से पहले सोने के दाम भी अपने ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच चुके थे। लेकिन बाजारों में गिरावट के साथ सोने का भाव भी गिरता गया।

निवेशकों के लिए शानदार मौका, बाजार में गिरावट के बीच यह बैंक दे रहे एफडी पर ज्यादा ब्याज



नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में एफडी कई व्यक्तियों की वित्तीय योजना का अहम हिस्सा बने हुए हैं, जो स्थिर और अनुमानित रिटर्न प्रदान करते हैं। वित्तीय बाजारों के उतार-चढ़ाव के बावजूद, एफडी भारत में एक लोकप्रिय निवेश विकल्प के रूप में बनी हुई है, खासकर उन निवेशकों के लिए जो स्थिरता और विश्वसनीय रिटर्न को प्राथमिकता देते हैं। चाहे आप शॉर्ट-टर्म या लॉन्ग-टर्म निवेश की योजना बना रहे हों, कई बैंक और वित्तीय संस्थान आकर्षक ब्याज दरों के साथ एफडी की पेशकश कर रहे हैं। वर्तमान में स्मॉल फाइनेंस बैंकों द्वारा प्रदान की जा रही ब्याज दरें अधिक आकर्षक हैं, जो इन बैंकों में एफडी करने के लिए निवेशकों को प्रोत्साहित कर रही हैं। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक सामान्य नागरिकों के लिए 5.30प्रतिशत से 5.40प्रतिशत ब्याज दर प्रदान करता है, जबकि सीनियर सिटीजन्स को 5.80प्रतिशत से 6.20प्रतिशत ब्याज मिलता है। फिक्स्ड डिपॉजिट एक सुरक्षित निवेश विकल्प है, जिसमें निवेशक एक निर्धारित अवधि के लिए एक तय ब्याज दर पर अपनी राशि जमा करते हैं। अगर निवेशक सीनियर सिटीजन होते हैं, तो उन्हें उच्च ब्याज दर की पेशकश की जाती है। इस स्कीम के तहत निवेशकों को एकमुश्त राशि जमा करने की आवश्यकता होती है और यह राशि एक निश्चित अवधि के लिए जमा रहती है।

निवेशकों को शेयर बाजार में घाटे के बाद बैंकों में बढ़ा जमा, 15 दिन में 2.35 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि



नई दिल्ली, एजेंसी। घरेलू शेयर बाजार में पिछले 48 दिनों से जारी तेज गिरावट के बीच निवेशकों ने अब बैंकों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। आरबीआई के आंकड़े बताते हैं कि एक नवंबर को समाप्त पखवाड़े में बैंकों के जमा में 2.35 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, अक्तूबर के पहले पखवाड़े में बैंकों से 1.12 लाख करोड़ रुपये निकाले गए थे। यह पैसे सीधे तौर पर इक्विटी बाजार में निवेश किए गए थे। अक्तूबर में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स करीब छह फीसदी टूट गया था। इससे निवेशकों को भारी नुकसान हुआ, जिससे वे सुरक्षित माने जाने वाले बैंक का सहारा लेने लगे।

सितंबर में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) सेंसेक्स 85,800 के पार अपने शीर्ष पर था। उस समय लगातार बाजार में निवेश आ रहा था। तब सूचीबद्ध कंपनियों की पूंजी 478 लाख करोड़ रुपये हो गई थी। रिजर्व बैंक के आंकड़े बताते हैं कि सेंसेक्स के रिकॉर्ड से पहले अगस्त के अंतिम पखवाड़े में बैंकों का कुल जमा 215.50 लाख करोड़ रुपये था।

आंकड़ों के अनुसार, सितंबर के पहले पखवाड़े में जमा 45,000 करोड़ रुपये घटकर 215.05 लाख करोड़ रुपये रह गया। लेकिन जब सितंबर के अंत में बाजार में गिरावट शुरू हुई तो जमा और बढ़ गया। यह 4 अक्तूबर को 219 लाख करोड़ रुपये और 18 अक्तूबर को 218 लाख करोड़ रुपये रहा। अगस्त से लेकर 18 अक्तूबर तक बैंकों के कुल कर्ज में चार लाख करोड़ जबकि जमा में 5 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है।

आंकड़े बताते हैं कि इस साल मार्च से लेकर अक्तूबर तक बैंकों का जमा 7.7 फीसदी बढ़कर 220 लाख करोड़ रुपये के करीब हो गया है।

वर्क फ्रॉम होम के फायदे बहुत पर चुनौतियां भी कम नहीं, सीआईआई-एफएमएस की रिपोर्ट में किया गया यह दावा

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआ) और प्रबंधन अध्ययन संकाय (एफएमएस) की रिपोर्ट से पता चलता है कि वर्क फ्रॉम होम से काफी लाभ हुए हैं, लेकिन यह नियोक्ताओं और कर्मचारियों दोनों के लिए कुछ महत्वपूर्ण चुनौतियां भी पेश करता है। अध्ययन के अनुसार वर्क फ्रॉम होम से संगठनों और कर्मचारियों की लागत कमी हुई है।

घर से काम करने (डब्ल्यूएफएच) की प्रथा किराये की बचत, आने-जाने के तनाव को कम करने और कर्मचारियों की दक्षता बढ़ाने के मामले में फायदेमंद है, लेकिन यह प्रभावी संचार और टीम वर्क के मामले में नुकसान भी पहुंचाता है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआ) और प्रबंधन अध्ययन संकाय (एफएमएस) की रिपोर्ट से पता चलता है कि वर्क फ्रॉम होम से काफी लाभ हुए हैं, लेकिन यह नियोक्ताओं और कर्मचारियों दोनों के लिए कुछ महत्वपूर्ण चुनौतियां भी पेश करता है। अध्ययन के अनुसार वर्क फ्रॉम होम से संगठनों और कर्मचारियों की लागत कमी हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है, ÷वर्क फ्रॉम होम ने कर्मचारियों के आने-जाने के समय और



लागत में बचत तो हुई ही है, उन्हें अधिक किफायती क्षेत्रों में रहने की सुविधा भी मिली है। रिपोर्ट में हालांकि वर्क फ्रॉम होम के नुकसान भी बताए गए हैं। इसके अनुसार भौतिक संपर्क के अभाव ने कर्मचारियों के बीच सहयोग में बाधा पैदा की है, जो विश्वास निर्माण और जटिल समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक है। संगठनों के लिए, रिपोर्ट में कहा गया है कि रिमोट और हाइब्रिड वर्किंग मॉडल ने ऑफिस के किराए की लागत और क्लाइंट मीटिंग से जुड़ी लागतों में थोड़ी बचत की है। इसके अतिरिक्त, कर्मचारी के आने-जाने और रहने की लागत में कमी ने कर्मचारी मुआवजे की संरचनाओं में सीमित समायोजन को संभव किया है। ये लागत बचत सामूहिक रूप से नियोक्ताओं और कर्मचारियों दोनों को बेहतर वित्तीय स्थिति में लाती है। हालांकि अध्ययन ने यह चेतावनी भी दी है कि वर्क फ्रॉम हो किसी संगठन की संस्कृति को विकसित करने और बनाए रखने के लिए चुनौतियां खड़ी कर सकता है।

समय के साथ यह सामाजिक, भावनात्मक और मानव पूंजी के निर्माण को प्रभावित कर सकता है, ऐसा करना दीर्घकालिक संगठनात्मक सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं। रिपोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि जबकि रिमोट वर्किंग से अल्पकालिक लाभ मिलते हैं, पर संगठनों और कर्मचारियों को भविष्य में होने वाले संभावित अमूर्त नुकसान के बारे में सतर्क रहना चाहिए।

शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 500 अंक फिसला, निफ्टी 23400 के नीचे

नई दिल्ली, एजेंसी। विदेशी फंडों की लगातार निकासी, आईटी शेयरों में बिकवाली और अमेरिकी बाजारों से कमजोर संकेत के कारण सोमवार को शुरुआती कारोबार में इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक फिर फिसल गए। सुबह 9ः46 बजे तक बीएसई सेंसेक्स 511 अंक गिरकर 77,058 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 50 162 अंक गिरकर 23,370 पर था। आइए जानें बाजार का पूरा हाल।

सोमवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 156.72 अंक गिरकर 77,423.59 पर पहुंचा। निफ्टी 64.25 अंक गिरकर 23,468.45 पर कारोबार करता दिखा। शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 8 पैसे बढ़कर 84.38 पर पहुंचा।

धीरे-धीरे सेंसेक्स 500 अंकों तक फिसल गया, वहीं निफ्टी भी 23400 से नीचे आ गया। सोमवार को भारतीय बेंचमार्क इक्विटी



सूचकांकों में गिरावट देखी गई, क्योंकि आय में कमी और विदेशी पूंजी निकासी की चिंता थी, जबकि फेडरल रिजर्व के चेयरमैन की ओर से ब्याज दरों में कटौती में कमी के संकेत ने भी धारणा को प्रभावित किया।

विदेशी फंडों की लगातार निकासी, आईटी शेयरों में बिकवाली और अमेरिकी बाजारों से कमजोर संकेत के कारण सोमवार को शुरुआती कारोबार में इक्विटी बेंचमार्क फिर फिसल गए। सुबह 9ः46 बजे तक बीएसई सेंसेक्स 511 अंक गिरकर 77,058 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 50 162 अंक गिरकर 23,370 पर था।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से इंफोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स और इंडसइंड बैंक में सबसे ज्यादा गिरावट रही। एचडीएफसी बैंक, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस और एशियन पेंट्स के शेयरों में बढ़त दिखी। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 1,849.87 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची। विदेशी निवेशकों ने इस महीने अब तक भारतीय इक्विटी बाजार से 22,420 करोड़ रुपए निकाले। इसका कारण उच्च घरेलू शेयर मूल्यांकन, चीन में बढ़ते निवेश और अमेरिकी डॉलर के साथ-साथ ट्रेजरी प्रतिफल में वृद्धि है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 2024 में अब तक कुल 15,827 करोड़ रुपये की बिकवाली कर दी है। शुक्रवार को गुरु नानक जयंती के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहे। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा, ÷भले ही निफ्टी में शिखर से 10.4 प्रतिशत की गिरावट आई है, लेकिन बाजार में निरंतर सुधार के कोई संकेत नहीं हैं।



52 साल का ये पूर्व खिलाड़ी बनेगा पाकिस्तान वनडे-टी20 टीम का नया कोच

कराची, एजेंसी। पाकिस्तान के वनडे और टी20 क्रिकेट टीम के कोच गैरी कर्स्टन ने ऑस्ट्रेलिया दौरे से ठीक पहले ये पद छोड़ दिया था और फिर टेस्ट टीम के कोच जेसन गिलेस्पी को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पाकिस्तान का अस्थाई वनडे और टी20 कोच बनाया गया था। हालांकि गिलेस्पी ने साफ कर दिया था कि वो इस जिम्मेदारी को निभाने में असमर्थ हैं और वो टेस्ट कोच बने रहना चाहते हैं। वहीं दूसरी तरफ अब पाकिस्तान के वनडे और टी20 टीम के नए कोच पूर्व खिलाड़ी आकिब जावेद को बनाया जा सकता है। आकिब जावेद पाकिस्तान टीम के मौजूदा नेशनल सेलेक्टर हैं और इस पूर्व तेज गेंदबाज को जिम्बाब्वे दौरे से पहले वनडे और टी20 टीम का स्थाई कोच नियुक्त किए जाने की संभावना है। पाकिस्तान 24 नवंबर से 5 दिसंबर के बीच तीन वनडे और इतने ही टी20 मैचों के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक विश्वसनीय सूत्र ने कहा इंडिया टूडे से कहा कि जावेद जो शुरू में कोचिंग का कार्यभार संभालने के लिए राजी नही थे उन्हें अब चेयरमैन मोहसिन नकवी ने इस जिम्मेदारी को संभालने के लिए मना लिया है। सूत्र ने कहा कि सोमवार को अपना अंतिम टी20 मैच खेलने के बाद पाकिस्तान की टीम सीधे ऑस्ट्रेलिया से हरारे के लिए उड़ान भरेगी और नए कोच आकिब जिम्बाब्वे में ही टीम के साथ जुड़ेंगे।

श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को हराकर खत्म किया 12 साल का इंतजार



कोलंबो, एजेंसी। दिग्गज बैटिंग ऑलराउंडर सनथ जयसूर्या जब से श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के हेड कोच बने हैं, तब से ही श्रीलंकाई टीम के खेल में काफी बदलाव देखने को मिला है. श्रीलंकाई टीम एक के बाद एक बड़े कारनामे करती जा रही है. श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मैच पल्लेकेले के पल्लेकेले क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया. इस मैच में श्रीलंका ने रोमांचक जीत हासिल की और 12 साल से चलते आ रहे एक इंतजार को भी खत्म किया.श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज के दूसरे मैच में शानदार टक्कर देखने को मिली. न्यूजीलैंड की टीम इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 45.1 ओवर ही खेल सकी और 209 रन बनाकर ऑल आउट हो गई. इस दौरान मार्क चैपमैन ने सबसे ज्यादा 76 रन बनाए. वहीं, मिचेल हे ने 49 रनों का योगदान दिया और विल यंग ने भी 26 रन बनाए. इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टीक सका. दूसरी ओर श्रीलंका के लिए महेश थीक्षाना और जेफ्री वेंडरसे ने सबसे ज्यादा 3-3 विकेट लिए. लेकिन, 210 रनों के टारगेट के जवाब में श्रीलंका ने अपने 7 विकेट 163 रन पर ही गंवा दिए. ऐसे में ये मैच न्यूजीलैंड के पक्ष में जाता हुआ दिख रहा था.

एटीपी फाइनल्स के विजेता बने सिनर

एटीपी फाइनल्स टेनिस



- इटली के पहले टेनिस खिलाड़ी बने यानिक सिनर

- अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को हराया

तूरिन (इटली), एजेंसी। फ्रिट्ज ने सेमीफाइनल में दो बार के विजेता जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराया था। माना जा रहा था कि यह मुकाबला बेहद रोमांचक होगा, लेकिन सिनर ने अपनी फॉर्म को बरकरार रखते हुए फ्रिट्ज को कोई मौका नहीं दिया। इटली के यानिक सिनर ने अमेरिका टेलर फ्रिट्ज को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से हराकर एटीपी फाइनल्स का खिताब जीत लिया। श्रेष्ठ आठ खिलाड़ियों के बीच खेले जाने वाले वर्ष के अंतिम टूर्नामेंट को जीतने वाले वह इटली के पहले खिलाड़ी हैं। विश्व नंबर एक सिनर इस वर्ष ऑस्ट्रेलियाई ओपन और यूएस ओपन का खिताब जीत चुके हैं। इस टूर्नामेंट के ही दौरान उन्होंने विश्व नंबर एक की ट्रॉफी भी ग्रहण की थी। सिनर और फ्रिट्ज के बीच यह हाल के महीनों में तीसरा मुकाबला था। तीनों ही मुकाबलों में सिनर को जीत मिली। दोनों के बीच यूएस ओपन का फाइनल भी खेला गया था। इस टूर्नामेंट के ग्रुप दौर में भी दोनों खिलाड़ी आमने-सामने रहे, जहां सिनर समान स्कोर 6-4, 6-4 से जीते। फाइनल में सिनर को स्थानीय दर्शकों का जबरदस्त समर्थन मिला। उन्होंने दोनों ही सेटों में फ्रिट्ज की एक-एक बार सर्विस तोड़ी।

फ्रिट्ज ने सेमीफाइनल में दो बार के विजेता जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराया था। माना जा रहा था कि यह मुकाबला बेहद रोमांचक होगा, लेकिन सिनर ने अपनी फॉर्म को बरकरार रखते हुए फ्रिट्ज को कोई मौका नहीं दिया। सिनर इस वर्ष विवादों में रहे हैं। वह दो बार डोप पॉजिटिव पाए गए, लेकिन उन्हें आरोपों से बरी कर दिया। उन्हें बरी किए जाने के मामले में वाडा ने अपील कर रखी है। जिस पर फैसला वर्ष की शुरुआत में आना है। युगल का खिताब जर्मनी के टिम पुट्ज और केविन क्राविट्ज ने जीता। दोनों ने फाइनल में क्रोएशिया के मैट पेविच और अल सल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो को 7-5 (5), 7-6 (6) से हराया।



केकेआर ने आवेश को 10 करोड़ में खरीदा

आरसीबी ने साई किशोर पर लगाया दांव!

नईदिल्ली, एजेंसी। आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन 24 नवंबर से आयोजित होगा. इससे पहले कई मॉक ऑक्शन हो चुके हैं. टीम इंडिया के खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन ने भी मॉक ऑक्शन का आयोजन किया. इसमें आवेश खान 10 करोड़ रुपए में बिके. उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स ने खरीदा. वहीं साई किशोर पर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने बड़ा दांव लगाया. उमेश यादव और नवीन-उल-हक को भी अच्छी रकम मिली.

दरअसल अश्विन ने मॉक ऑक्शन का आयोजन किया है. उन्होंने इसका वीडियो यूट्यूब पर शेयर भी किया है. अश्विन के मॉक ऑक्शन में कई खिलाड़ियों पर बोली लगी. आवेश को केकेआर ने 10 करोड़ रुपए में खरीदा. उन्हें मेगा ऑक्शन में भी अच्छी रकम मिल सकती है.आवेश को राजस्थान रॉयल्स ने रिटेन नहीं किया था. वे टीम इंडिया के लिए भी खेल चुके हैं.

साई किशोर पर आरसीबी ने लगाया दांव

साई किशोर पिछले सीजन में गुजरात टाइटंस का हिस्सा थे. लेकिन गुजरात ने उन्हें रिलीज कर दिया. साई किशोर ने अब तक आईपीएल में 10 मैच खेले हैं और इस दौरान 13 विकेट झटके हैं. वे टीम इंडिया के लिए 3 टी20 मैच भी खेल चुके हैं. अश्विन के मॉक ऑक्शन में साई किशोर को आरसीबी ने 10 करोड़ रुपए में खरीदा.

हर्षित या प्रसिद्ध पर्थ टेस्ट में किसे मिलेगा मौका!

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के तेज गेंदबाज हर्षित राणा और उनके सीनियर साथी प्रसिद्ध कृष्णा 22 नवंबर से पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए भारत की एकादश में तीसरे तेज गेंदबाज की जगह लेने की दौड़ में हैं। सिर्फ 10 प्रथम श्रेणी मैच खेलने वाले हर्षित के बारे में कहा जा रहा है कि वह लगातार 140 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से अधिक की गति और अच्छी उछाल हासिल करने की क्षमता के साथ शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बड़े-बड़े दिग्गजों को भी प्रभावित किया है। पर्थ के वाका मैदान पर भारत के नेट अभ्यास के दौरान हर्षित ने कई मौकों पर अपनी तेज गति से बल्लेबाजों को परेशान किया।



कार्लसन नें बने टाटा स्टील इंडिया शतरंज विजेता

जीते रैपिड - ब्लिट्ज़ के दोहरे खिताब

कोलकाता, एजेंसी। टाटा स्टील इंडिया के सातवें संसकरण में दुनिया के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी और पाँच बार के विश्व चैम्पियन नॉर्वे के मैगनस कार्लसन नें एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए इतिहास को दोहरा दिया है । 2018 से शुरू हुए इस टूर्नामेंट में कार्लसन नें 2019 में पहली बार भाग लिया था और तब भी उन्होने रैपिड और ब्लिट्ज़ के दोहरे खिताब अपने नाम किए थे और अब तक सिर्फ वे ही यह कारनामा कर चुके है । भारतीय खिलाड़ियों में अर्जुन एरीगैसी नें दोनों खिताब अलग अलग वर्षो में अपने नाम किए है । रैपिड में कार्लसन नें एकतरफा अंदाज में खिताब अपने नाम किया , उन्होने रैपिड के कुल 9 राउंड में छह जीत और 3 ड्रॉ के साथ 7.5 अंक बनाए और पहले स्थान पर रहे । रैपिड में 5.5 अंक बनाकर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर भारत के आर प्रज्ञबन्दा दूसरे और यूएसए के सो वेसली तीसरे स्थान पर रहे ।ब्लिट्ज़ में कुल 18 राउंड हुए और एक समय भारत के अर्जुन एरीगैसी सबसे आगे चल रहे थे पर पर अर्जुन आखिरी के तीन राउंड में पहले हमवतन विदित गुजराती से , फिर मैगनस कार्लसन से और आखिर में प्रज्ञानन्दा से हारकर तीसरे स्थान पर रहे उन्होने कुल 18 राउंड में 10.5 अंक बनाए , कार्लसन 13 अंक बनाकर पहले और 11.5 अंक बनाकर यूएसए के वेसली सो दूसरे स्थान पर रहे ।

अमेरिका पहुंचा चैंपियंस ट्रॉफी का मामला, पाकिस्तान ने भारत पर उठाया सवाल, मिला ये जवाब



नईदिल्ली, एजेंसी। बीसीसीआई ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया को पाकिस्तान भेजने से मना कर दिया है. भारतीय बोर्ड के इस फैसले के बाद से ही बवाल मचा हुआ है. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड बौखलाया हुआ है और भारतीय टीम को अपने देश में लाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है. इसके लिए वह हर जगह से अपने पक्ष में मदद जुटाने की लगा हुआ है. पहले पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी इंग्लैंड के समर्थन के लिए लंदन पहुंचे थे. अब इसमें पाकिस्तानी पत्रकार भी उसका साथ दे रहे हैं. इंग्लैंड के बाद उन्होंने इस मामले को अमेरिका तक पहुंचा दिया है और इस मुद्दे पर अपने पक्ष में समर्थन जुटाना चाहा लेकिन निराशा हाथ लगी.

पाकिस्तान की कोशिश है कि चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर भारत के पक्ष को वैश्विक स्तर पर गलत ठहराकर दबाव बनाया जाए. इसलिए एक पाकिस्तानी पत्रकार ने दुनिया के सबसे मजबूत देश माने जाने वाले अमेरिका के सामने इस मुद्दे को उठाकर उनके रुख को जानना चाहा. लेकिन उसे सभी के सामने मुंह की खानी पड़ी. दरअसल, विदेश विभाग की प्रेस ब्रीफिंग के दौरान पाकिस्तानी पत्रकार ने अमेरिकी अधिकारी से बताया कि 'यह टूर्नामेंट वर्ल्ड कप के बाद दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट इवेंट है और इसका आयोजन पाकिस्तान में होना है और भारतीय टीम को इसमें हिस्सा लेना था लेकिन उनकी सरकार ने इसके लिए मना कर दिया है. राजनीतिक तनाव की वजह से टीम इंडिया 2008 के बाद से पाकिस्तान नहीं आई है.'

इंग्लैंड-वेस्टइंडीज: आखिरी टी-20 बारिश में धुला, अंग्रेजों ने 3-1 से जीती 5 मैचों की सीरीज

सेंट लूसिया, एजेंसी। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच टी-20 सीरीज का 5वां और आखिरी मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया। ऐसे में इंग्लिश टीम ने 5 मैचों की सीरीज 3-1 से अपने नाम कर ली। पिछला मुकाबला वेस्टइंडीज ने 5 विकेट से जीता था। सेंट लूसिया के ग्रोस आइलेट में रविवार को इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 ओवर में बिना नुकसान के 44 रन ही बनाए थे कि बारिश आ गई और खेल रोकना पड़ा। बाद में इसे रद्द कर दिया गया। साकिब महमूद प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे। उन्होंने सबसे ज्यादा 9 विकेट झटके।

वेस्टइंडीज का स्कोर 44/0, लुईस-होप नाबाद रहे खेल रोके जाने तक वेस्टइंडीज ने बिना नुकसान के 44 रन बना लिए थे। ओपनर इवेन लुईस 20 बॉल पर 29 और शाई होप 10 बॉल पर 14 रन बना चुके थे। दोनों ने 44 रन की ओपनिंग साझेदारी की।

लुईस ने पहला ओवर डाल रहे जोफ्रा आर्चर की दूसरी बॉल पर चौका जमाया। फिर होप के साथ मिलकर 5वें ओवर में टर्नर की बॉल पर तीन बाउंड्री जमाते हुए 16 रन लिए। इवेन लुईस ने शाई होप के साथ मिलकर 44 रन की ओपनिंग साझेदारी की।


साकिब महमूद ने सबसे ज्यादा 9 विकेट झटके इंग्लिश मिडियम पेसर साकिब महमूद प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने गए। उन्होंने इस सीरीज के 4 मैचों में 9 विकेट झटके। वेस्टइंडीज के अल्जारी जोसेफ 4 विकेट लेकर टीम के टॉप विकेट टेकर रहे। इंग्लिश ओपनर फिल सॉल्ट ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने चार पारियों में 162 रन बनाए।

इंग्लैंड के नाम रही सीरीज, शुरुआती 3 मैच जीते थे इस मैच के रद्द होने के बाद 5 मैचों की टी-20 सीरीज इंग्लैंड के नाम रही। इंग्लिश टीम ने सीरीज के शुरुआती 3 मुकाबले जीते थे, जबकि चौथे मुकाबले को जीतकर विंडीज की टीम ने वापसी की थी।

वेस्टइंडीज ने जीती थी वनडे सीरीज वेस्टइंडीज की टीम ने 3 वनडे मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम की थी। टीम ने पहला वनडे 8 विकेट से जीता था। फिर इंग्लैंड ने दूसरा वनडे 5 विकेट से जीतकर सीरीज में 1-1 की बराबरी हासिल कर ली, लेकिन विंडीज ने निर्णायक मैच को 8 विकेट से जीतते हुए 2-1 से सीरीज जीत ली।



परिणीति ने सोशल मीडिया पर साझा की पोस्ट



परिणीति चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर तस्वीर साझा करने के साथ वीडियो भी साझा किया है। परिणीति ने तस्वीर में लिखा, स्टूडियो डे..लेकिन ये स्टूडियो में एसी टेंपरेचर कौन सेट करता है। ब्लैंकेट (कंबल) जिंदाबाद। परिणीति चोपड़ा ने लिखा की तस्वीर को प्रशंसक काफी पसंद कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, मेरी हमेशा से परेशान गाना पसंद करती हूं, मुझे आपका गाना सुनकर सुकून मिलता है। परिणीति चोपड़ा की तस्वीर पर प्रशंसकों ने लव यूजर शेयर किया है। एक यूजर ने लिखा, मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं दीदी, भगवान आपको आशीर्वाद दे। इस क्लिप में वह अपने नए यूट्यूब चैनल के बारे में जानकारी देती हुई नजर आ रही हैं।

इस वीडियो के जरिए उन्होंने बताया है कि वह अपने रोजमर्रा की झलक फैंस को दिखाएंगी। उन्होंने लिखा, इतने वर्षों में मैंने जानबूझकर अपने जीवन का लगभग केवल एक प्रतिशत हिस्सा ही सोशल मीडिया पर साझा किया है। मैं बहुत कुछ करती हूं, लेकिन हमेशा यह सब निजी रखना ही पसंद करती हूं। कुछ भी न साझा करने के मेरे फैसले ने मेरी सोशल मीडिया टीम को गंभीर रूप से निराश किया है। अब उनके बहुत समझाने के बाद मुझे लगता है कि अब थोड़ा और खुलने का समय आ गया है।

पैसा प्यार भी खरीद सकता है... नीना गुप्ता ने भारतीय परिजनों को दिया खास संदेश, की यह अपील



नीना गुप्ता अपने शानदार अभिनय के साथ-साथ अपने बेबाक बयान के लिए भी जानी जाती हैं। इसी बीच अभिनेत्री जीवन में पैसे के महत्व पर जोर डालती नजर आई हैं। नीना ने भारतीय परिजनों से गुजारिश की है कि वह बच्चों को यह सीख न दें कि पैसा सबकुछ नहीं खरीद सकता। पैसे से सब खरीदा जा सकता है यहां तक की प्यार भी। नीना ने यह बात करीना कपूर के चैट शो व्हॉट वीमेन वान्ट में कही। करीना के टॉक शो व्हाट वीमेन वांट में अभिनेत्री से बातचीत के दौरान नीना ने कहा, मैं हमेशा अपने पैसे को लेकर बहुत सतर्क रही हूं क्योंकि हमें बचपन से सिखाया गया है कि पैसे से आप सब कुछ नहीं खरीद सकते।करीना ने नीना के दृष्टिकोण की सराहना करते हुए कहा, यही चीज मैं करिश्मा (कपूर) या सैफ (अली खान) को बताती हूं और अपने बच्चों को भी बताना चाहती हूं। जानकारी हो कि करीना दो बेटों तैमूर और जेह की मां हैं। नई दिल्ली स्थित चार्टर्ड अकाउंटेंट विवेक मेहरा से शादी करने वालीं नीना ने कहा कि वह पति पर भरोसा करती हैं, लेकिन अपनी खुद की वित्तीय सुरक्षा रखना पसंद करती हैं।



मालिक की शूटिंग पूरी
फिल्म के लिए राजकुमार राव ने किए शारीरिक बदलाव



अभिनेता राजकुमार राव ने अपनी आगामी फिल्म मालिक की शूटिंग पूरी कर ली है। पुलकित द्वारा निर्देशित यह फिल्म राव की पहली पूर्ण एक्शन फिल्म होगी।

बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव के पास कतार में कई फिल्में हैं। उन्होंने स्त्री 2 की सफलता का जश्न मनाने के बाद विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में अभिनय किया। हालांकि, इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुकाबले अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। इस बीच अब राजकुमार राव अपनी अगली फिल्म मालिक की तैयारियों में जुटे हुए हैं। अब इस फिल्म को लेकर नई जानकारियां सामने आई हैं।

➢ राजकुमार ने किया शारीरिक बदलाव

अभिनेता राजकुमार राव ने अपनी आगामी फिल्म मालिक की शूटिंग पूरी कर ली है। पुलकित द्वारा निर्देशित यह फिल्म राव की पहली पूर्ण एक्शन फिल्म होगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, एक्शन डायरेक्टर विक्रम दहिया की देखरेख में राजकुमार ने अपनी फिट बॉडी बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है। फिल्म का निर्माण अगस्त के अंत में लखनऊ में शुरू हुआ और इसके बाद पूरे उत्तर प्रदेश में तीन महीने तक इसका निर्माण चला।

➢ फिल्म की शूटिंग

मालिक की प्रोडक्शन टीम ने लखनऊ, वाराणसी और उन्नाव में शूटिंग की। उन्होंने ब्रह्मावर्त घाट पर भव्य दिवाली उत्सव का दृश्य फिल्माया, जहां हजारों दीये जलाए गए। कानपुर में फिल्म की शूटिंग का आखिरी चरण मुख्य किरदार की शादी के दृश्य के साथ पूरा हुआ। यहीं पर तीन दिन पहले मालिक की शूटिंग खत्म हुई थी।

➢ फिल्म में राजकुमार राव का किरदार

मालिक में राजकुमार राव दो अलग-अलग लुक में नजर आएंगे- एक क्लीन-शेव्ड और दूसरा रफ-टफ, दाढ़ी वाला। उनका किरदार धीरे-धीरे एक बदमाश से गैंगस्टर में बदल जाता है। अभिनेता ने कुछ एक्शन दृश्यों की शूटिंग की है, जिनमें हथियारों के साथ-साथ हाथापाई भी शामिल है। बंगाली सुपरस्टार प्रसेनजीत चटर्जी फिल्म में राव के गुरु की भूमिका निभा रहे हैं।

नोरा यो यो हनी सिंह के म्यूजिक वीडियो पायल में नजर आएंगी

ग्लोबल सेंसेशन नोरा फतेही ने एक बार फिर अपने नवीनतम सहयोग से सुर्खियां बटोरी हैं। इस बार प्रतिष्ठित रैपर यो यो हनी सिंह के साथ, नोरा उनके आगामी संगीत वीडियो पायल में उनके बहुप्रतीक्षित एल्बम ग्लोरी से अभिनय करेंगी। सोशल मीडिया पर नोरा ने म्यूजिक वीडियो का टीज़र पोस्ट किया और इसे कैप्शन दिया, यह अगली बड़ी चीज़ का समय है। एल्बम ग्लोरी से पायल का आधिकारिक संगीत वीडियो जिसे यो यो हनी सिंघ द्वारा गाया है एवं फीचर नोरा फतेही है और इसे पाराडोक्स पर कल जारी किया जाएगा। टीज़र ने प्रशंसकों को उत्साहित कर दिया है क्योंकि संगीत वीडियो 18 नवंबर को रिलीज़ होने वाला है।


इससे पहले, हनी सिंह ने सोशल मीडिया पर पर्दे के पीछे की एक रील साझा की थी, जिसमें खुलासा किया था कि उन्होंने संगीत वीडियो को -3 डिग्री सेल्सियस तापमान में फिल्माया है। नोरा के समर्पण की प्रशंसा करते हुए उन्होंने उन्हें महान और बहुत मेहनती बताया। नोरा हर नए प्रोजेक्ट के साथ अपनी बहुमुखी प्रतिभा साबित करना जारी रख रही हैं, एक अभिनेत्री, डांसर और गायिका के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करती हैं, जिससे एक ग्लोबल स्टार के रूप में उनकी स्थिति और मजबूत होती है। अब, जैसा कि टीज़र में देखा गया है, नोरा के शानदार डांस मूव्स दृश्यों को खूबसूरत बना रहे हैं, संगीत वीडियो उत्साह बढ़ाने के लिए तैयार है, जो प्रशंसकों के लिए एक शानदार उपहार होने का वादा करता है। 46 मिलियन से अधिक इंस्टाग्राम फॉलोअर्स के साथ नोरा ने खुद को एक अंतरराष्ट्रीय सनसनी के रूप में मजबूती से स्थापित कर लिया है। वह वर्तमान में अपनी पहली तेलुगु फिल्म मटका की शानदार प्रतिक्रिया का आनंद ले रही हैं, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा है। हाल ही में, उन्होंने पेरिस फैशन वीक 2024 में भी ब्रांड के सिग्नेचर डिजाइनों में लुई वुइटन शो में शानदार प्रदर्शन करते हुए तहलका मचा दिया। अपनी उल्लेखनीय श्रृंखला को जोड़ते हुए, नोरा अंतर्राष्ट्रीय कलाकार जेसन डेरुलो के साथ एक और संगीत वीडियो की रिलीज़ के लिए भी तैयारी कर रही है।

पुष्पा पहली बार आपके सामने झुकेगा

अल्लू अर्जुन ने खास अंदाज में कहा शुक्रिया

पुष्पा 2 इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फैंस को इस फिल्म का लंबे समय से इंतजार है। अब दर्शकों को बड़ी सौगात देते हुए फिल्म के निर्माताओं ने पुष्पा 2 के ट्रेलर को रिलीज करने का फैसला किया है। अल्लू अर्जुन ने कहा, नमस्ते, बिहार की पावन धरती को मेरा शत शत प्रणाम। पहली बार बिहार आया हूं। आपके प्यार और स्वागत के लिए बहुत बहुत शुक्रिया। पुष्पा कभी झुकेगा नहीं, पर आज पहली बार आपके प्यार के लिए झुकेगा। बिहार की इस महान धरती पर मैं पहली बार आया हूं और जिस प्रकार आपने प्रेम दिखाया है और इतने दिल से मेरा स्वागत किया, इसके लिए मैं आपको जितना धन्यवाद दूं, कम है। पुष्पा राज किसी के सामने झुकता नहीं हैं, लेकिन यहां, आज, मैं आपके प्यार के लिए आप सभी के सामने झुकता हूं।धन्यवाद, पटना।

कार्यक्रम में रश्मिका मंदाना ने सबसे ज्यादा चर्चा बटोरी। उन्होंने भोजपुरी में कहा, नमस्ते पटना..का हाल बा...सब ठीक-ठाक बा नू...। उनकी ये बातें सुनकर फैंस जोर-जोर से चिल्लाकर उनका उत्साह बढ़ाते नजर आए।



मुकेश खन्ना ने ट्रोलर्स को खूब खरी खोटी सुनाई

अभिनेता मुकेश खन्ना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं और वह वहां अपनी लाइफ से जुड़ी चीजें शेयर करते रहते हैं। कुछ दिनों पहले ही उन्होंने एक देशभक्ति गाना शेयर किया, जिसमें वह शक्तिमान की ड्रेस पहने हुए दिखाई दिए थे। ऐसे में लोगों को लगा कि यह शो फिर से वापस आ रहा है। इसके बाद कई लोगों ने उन्हें सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल भी किया। अब अभिनेता ने खुद ट्रोलर्स को जवाब दिया है। एक्टर ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने इस मुद्दे पर खुलकर बात की है और साथ ही ट्रोलर्स को खूब खरी खोटी भी सुनाई है। मुकेश खन्ना ने कहा कि आजकल नेगेटिविटी ज्यादा बिकती है और पॉजिटिविटी कम बिकती है। मैंने कुछ दिनों पहले एक वीडियो शेयर किया, जिसमें मैं देशभक्ति गीत लेकर बच्चों के सामने आया। हालांकि, मैंने उसमें कहीं नहीं कहा कि मैं शक्तिमान बनकर वापस आ रहा हूं।

भूमि ने अपने पुराने अनुभवों को प्रशंसकों के बीच किया शेयर



अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने हाल ही में अपने पिछले कुछ हफ्तों के अनुभवों को साझा करते हुए एक भावुक पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा किया। रविवार को, टॉयलेट- एक प्रेम कथा स्टार भूमि पेडनेकर ने एक कैप्शन के साथ तस्वीरें पोस्ट की, जिसमें उन्होंने प्रशंसकों को अपने पिछले कुछ दिनों के अनुभवों की एक झलक दिखाई। पोस्ट शेयर करते हुए भूमि ने लिखा, पिछले कुछ दिन- सेट पर रहने से लेकर यह पता चलने तक कि मेरी सोल सिस्टर की शादी हो रही है। भूमि पेडनेकर ने प्रशंसकों को अपने मस्ती भरे दिनों की एक झलक दिखाई। भूमि ने इससे पहले तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा था, सेल्फी गेम ससोमवार मोड में। तस्वीरों में भूमि अलग-अलग पोज़ देती हुई नजर आ रही हैं। पेडनेकर ने हाल ही में कुशा कपिला के टॉक शो टिंडर स्वाइप राइड में हिस्सा लिया। जहां उन्होंने अपने रिश्ते की प्राथमिकताओं के बारे में खुलकर बात की और यह बताया कि वह एक साथी में सबसे ज्यादा क्या महत्व रखती हैं। अपने व्यक्तित्व के लिए मशहूर अभिनेत्री ने साझा किया कि दूसरों के प्रति दया और सम्मान ही वे महत्वपूर्ण गुण हैं, जिन्हें वह एक संभावित साथी में देखना चाहती हैं।

अपनी परवरिश और पिता को बोले आयुष्मान

चप्पल और बेल्ट से बचपन में खा चुके हैं मार

अभिनेता आयुष्मान खुराना की इस साल कोई फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नहीं आई। आयुष्मान आज कल म्यूजिकल बैंड आयुष्मान भव के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका के कुछ हिस्सों का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने कही ये बात। इस साल आयुष्मान खुराना के जीवन में ऐसा साल आने वाला है, जब उनकी एक भी फिल्म स्क्रीन पर नहीं आई है। इन दिनों आयुष्मान म्यूजिकल बैंड आयुष्मान भव के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका के कुछ हिस्सों का दौरा कर रहे हैं। ऑनेस्टली सेइंग पॉडकास्ट पर दिए गए एक इंटरव्यू में, आयुष्मान ने सिनेमा और संगीत दोनों के संदर्भ में काम के मोर्चे पर बहुत सी चीज़ों के बारे में खुलकर बात की। आयुष्मान ने इस दौरान बताया कि जब उन्होंने विक्की डोनर फिल्म की तब वे पिता बन चुके थे। उन्होंने कहा, ये बहुत अलग था, मैं और ताहिरा बहुत जल्दी माता-पिता बन गए थे। उन्होंने कहा कि एक बेटी का पिता होना भी अलग सा अनुभव देता है।



-साभार एजेंसी